संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शुक्रवार, 10 जनवरी 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में बीपीआरएंडडी के कामकाज की समीक्षा बैठक की।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 19 अंक: 10 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड




RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# भारत की सफलता को आज दुनिया देख रही: मोदी

प्रधानमंत्री ने प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, प्रधानमंत्री ने प्रवासी भारतीय सम्मेलन का किया उद्घाटन

**प्रवासी**

**पिछले दस वर्षों में अन्य देश भारत की ओर देखने लगे हैं। भारत की बात को आज दुनिया ध्यान से सुनती है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को** ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस (पीबीडी) सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि पिछले दस वर्षों में अन्य देश भारत की ओर देखने लगे हैं। उन्होंने कहा कि भारत की बात को आज दुनिया ध्यान से सुनती है। विदेश मंत्रालय और ओडिशा सरकार द्वारा संयुक्त रूप से



आयोजित तीन दिवसीय प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन की थीम विकसित भारत की संकल्पना में प्रवासी भारतीयों का योगदान है। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रवासी भारतीयों के लिए एक विशेष पर्यटक ट्रेन है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने केंद्र और राज्य के मंत्रालयों और विभागों की चार प्रदर्शनियों और प्रचार स्टॉलों का उद्घाटन किया। समारोह में प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत भगवान जगन्नाथ और भगवान लिंगराज की पावन धरती पर पूरे विश्व से आए अपने भारतवंशी परिवार का स्वागत करके की। उन्होंने कहा कि वह भारत में

**लोकतंत्र हमारे जीवन का हिस्सा है: पीएम मोदी**

**पीएम** ने भारत को लोकतंत्र की जननी बताते हुए कहा कि लोकतंत्र हमारे जीवन का हिस्सा है। हमें विविधता सिखानी नहीं पड़ती, हमारा जीवन ही विविधता से चलता है। भारतीय जहां भी जाते हैं, वहां के समाज के साथ जुड़ जाते हैं। भारतीय जहां भी जाते हैं, वहां के नियम और परंपरा का सम्मान करते हैं। हम पूरी ईमानदारी से उस देश की, उस समाज की सेवा करते हैं। इस सबके साथ ही हमारे दिल में भारत भी धड़कता रहता है। प्रवासी भारतीयों के लिए केंद्र सरकार के कामों को गिनाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हम आपकी सुविधा और आराम को बहुत महत्व देते हैं। आपकी सुरक्षा और कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। संकट की स्थिति में अपने प्रवासी भारतीयों की मदद करना हम अपनी जिम्मेदारी समझते हैं, चाहे व कहीं भी हों। यह आज भारत की विदेश नीति के मार्गदर्शक सिद्धांतों में से एक है। पिछले एक दशक में, हमारे दूतावास और कार्यालय दुनिया भर में संवेदनशील और सक्रिय रहे हैं।

जीवंत उत्सवों और समारोहों का समय है। कुछ ही दिनों में प्रयागराज में महाकुंभ शुरू हो जाएगा, मकर संक्रांति, लोहड़ी, पोंगल और माघ बिहू के त्योहार भी आने वाले हैं। हर जगह खुशी का माहौल है। इसके अलावा, 1915 में इसी दिन महात्मा गांधी लंबे समय तक विदेश में रहने के बाद भारत वापस आए थे। ऐसे अद्भुत समय में भारत में आपकी उपस्थिति उत्सव की भावना को और बढ़ा रही है। भारत में आर्थिक विकास के लिए केंद्र सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मात्र 10 वर्षों में भारत में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आ चुके हैं। मात्र 10 वर्षों में भारत दुनिया की 10वीं से 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। वह दिन दूर नहीं जब भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत की सफलता को आज दुनिया देख रही है। जब चंद्रयान शिव शक्ति बिंदु पर पहुंचता है तो हमें गर्व होता है। आज दुनिया भारत की डिजिटल इंडिया की शक्ति से चकित है तो हमें गर्व होता है।

## मुख्य चुनाव आयुक्त से मिले अरविंद केजरीवाल



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल गुरुवार को मुख्य चुनाव आयुक्त से मिले और चिट्ठी सौंपी। चिट्ठी में उन्होंने नई दिल्ली विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा के घर पर तुरंत रेड करने की बात कही है।

केजरीवाल ने पत्र में आरोप लगाया है कि प्रवेश वर्मा महिलाओं को खुले में 1100 रुपये बांट रहे हैं। वो सरासर चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन कर रहे हैं। प्रवेश वर्मा नौकरियों का झांसा देकर वोट मांग रहे हैं। डीईओ को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड और ट्रांसफर किया जाए।

**यूपी-बिहार से लाकर बनाए जा रहे फर्जी वोटर**

चुनाव आयुक्त से मिलकर बाहर आने पर प्रेस से बात करते हुए केजरीवाल ने कहा कि प्रवेश वर्मा जॉब कार्ड बनवा रहे हैं। यूपी-बिहार से लोगों को लाकर फर्जी वोटर बनवाए जा रहे हैं। नई दिल्ली विधानसभा सीट पर 13 हजार नए वोटर कैसे बने, बहुत बड़े पैमाने पर घोटाला हो रहा है।

**ये जाट समाज के साथ धोखा है: केजरीवाल**

**केजरीवाल** ने लिखा, 'ओबीसी आरक्षण को लेकर केंद्र की नीतियों में कई विसंगतियां हैं जिनकी तरफ मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। जैसे कि मुझे पता चला कि केंद्र की ओबीसी लिस्ट में होने की वजह से राजस्थान से आने वाले जाट समाज के युवाओं को दिल्ली यूनिवर्सिटी में ओबीसी आरक्षण का लाभ मिलता है, लेकिन दूसरी तरफ दिल्ली के ही जाट समाज को दिल्ली यूनिवर्सिटी में ओबीसी आरक्षण का लाभ नहीं मिल रहा है क्योंकि आपकी सरकार ने दिल्ली में जाट समाज को ओबीसी आरक्षण होने के बावजूद उन्हें केंद्रीय ओबीसी लिस्ट में शामिल नहीं किया है।

प्रवेश वर्मा को चुनाव लड़ने से रोका जाना चाहिए।

**आप ने मुझे देशद्रोही कहा, जाटों का अपमान किया**

वहीं प्रवेश वर्मा ने आम आदमी पार्टी पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि इन्होंने मुझे देशद्रोही कहा और जाटों का अपमान किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पहली बार जाट मुख्यमंत्री पूजनीय डॉ. साहिब सिंह जी को भाजपा ने ही बनाया था।

**आदर्श विचार**



कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता है। - भगवत गीता

**मन की बात**



सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं। -स्वामी विवेकानंद

## दुनिया में फार्मा हब के रूप में भारत की खास पहचान: मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीनोम इंडिया प्रोजेक्ट कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित किया। उन्होंने बताया कि आज भारत ने रिसर्च के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम उठाया है। पांच साल पहले जीनोम इंडिया प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई थी। उन्होंने कहा कि बायोइकोनॉमी सतत विकास को गति देती है। पिछले 10 वर्षों



में देश की बायोइकोनॉमी तेजी से बढ़ी है। 2014 में देश की बायोइकोनॉमी का मूल्य 10 बिलियन डॉलर था जो अब

**विकास को गति**

**बायोइकोनॉमी सतत विकास को गति देती है। पिछले 10 वर्षों में देश की बायोइकोनॉमी तेजी से बढ़ी है**

बढ़कर 150 बिलियन डॉलर से अधिक हो गया है। भारत ने दुनिया में फार्मा हब के रूप में विशेष पहचान बनाई है। करोड़ों लोगों को मुफ्त इलाज दिया जा रहा है। लोगों को बेहतर स्वास्थ्य ढांचा मुहैया कराया जा रहा है। ये पिछले 10 वर्षों की कुछ प्रमुख उपलब्धियां हैं। पीएम मोदी ने कहा, "कोविड-19 महामारी के दौरान जो चुनौतियां आई हमारे वैज्ञानिकों ने इससे निपटने के लिए परियोजनाएं बना ली थी।





हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हिसार में एग्री टूरिज्म सेंटर का उद्घाटन करते हुए।

## महाकुंभ मेले में सेल ने 45 हजार टन स्टील की आपूर्ति की

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** महारत्न और देश की सबसे बड़ी स्टील बनाने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने प्रयागराज में आयोजित होने वाले आगामी महाकुंभ मेला 2025 के लिए लगभग 45,000 टन स्टील की आपूर्ति की है। आपूर्ति की गई स्टील की कुल मात्रा में चेकर्ड प्लेट, हॉट स्ट्रिप मिल प्लेट, माइल्ड स्टील प्लेट, एंगल और जॉइस्ट शामिल हैं।

## बीपीएल के लिए बदलेंगे मापदंड

**टीम एक्शन इंडिया**

**चमन शर्मा**

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक गुरुवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खु की अध्यक्षता में शिमला में आयोजित की गई। बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए। मंत्रिमंडल की बैठक में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई और उनकी स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया। मंत्रिमंडल ने राष्ट्र और हिमाचल प्रदेश के विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान को सराहा। मंत्रिमंडल ने कहा कि डॉ. सिंह की दूरदर्शिता और सहयोग के कारण राज्य में कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं साकार हुई। इनमें अटल सुरंग, तीन मेडिकल कॉलेज, नेरचौक



में ईएसआईसी अस्पताल, आईआईटी मंडी, आईआईआईटी ऊना, केंद्रीय विश्वविद्यालय और कांगड़ा में राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) शामिल हैं। मंत्रिमंडल ने हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान का नाम बदलकर डॉ. मनमोहन सिंह हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान करने को

**कैबिनेट फैसले**

**हिमाचल प्रदेश में सफेदा, कड़वे और बांस के पेड़ों के अलावा सभी पेड़ों के टुकड़े पर प्रतिबंध**

मंजूरी दी।

**बीपीएल चयन के लिए अप्रैल में फिर से सर्वे होगा**

मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी व यादविंद्र गोमा ने दी। नेगी ने कहा कि बीपीएल पात्रों के चयन के लिए अप्रैल में फिर से सर्वे होगा।

## नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने में हरियाणा बनेगा रोल मॉडल

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने में हरियाणा देशभर में रोल मॉडल बनेगा। 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक सहित विभिन्न जगहों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा आज जाट समाज रेवाड़ी की ओर से जाट धर्मशाला रेवाड़ी में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के विजन को साकार करना है। इसके लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति भी कड़ी का काम करेगी। उन्होंने कहा कि आनलाइन सुझाव को लेकर पोर्टल भी बनाया गया है। इस पोर्टल पर भी विद्यार्थियों द्वारा सुझाव दिए जा सकते हैं। समारोह में शिक्षा मंत्री ने जाट धर्मशाला समिति को 21 लाख रुपए देने सहित जाट धर्मशाला में पुस्तकालय का निर्माण करवाने की घोषणा की।

## हर वर्ग के कल्याण पर आधारित होगा बजट: सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखकर इस बार का बजट बनाया जाएगा। इसी उद्देश्य को लेकर हर वर्ग से सुझाव लिए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हिसार के चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के एग्री-टूरिज्म सेंटर (कृषि पर्यटन केंद्र) के पार्ट - टू का उदघाटन करने के उपरांत समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने दीन दयाल शोध संस्थान द्वारा तैयार पोषण उत्सव नामक कॉफी -टेबल बुक का भी विमोचन किया। इस अवसर पर





हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा व लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा भी उपस्थित थे।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि 5 करोड़ 60 लाख की लागत से इस सेंटर का निर्माण किया गया है। यह लोगों को किसानी के बारे में बताने का अच्छा माध्यम है, इसका फायदा प्रदेश के लोगों को मिलेगा। इससे यह भी पता लगेगा की हमारे बुजुर्ग किस प्रकार खेती करते थे।

**जनकल्याणकारी**

**किसानों को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाना सरकार का मुख्य ध्येय, बजट में बनाई जाएंगी नई योजनाएं**

उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों को लेकर ही दीन दयाल शोध संस्थान काम कर रहा है, वो एक ऐसे व्यक्तित्व के धनी थे जिन्होंने एकात्म मानववाद का विचार दिया।

आज भाजपा सरकार उनके दिखाए मार्ग पर चल रही है।

## पीएम के साथ परीक्षा पे चर्चा के लिए 2.79 करोड़ ने पंजीकरण कराया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** विद्यार्थियों के परीक्षा से जुड़े तनाव को उत्सव के माहौल में बदलने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पे चर्चा (पीपीसी)-2025 के लिए पंजीकरण प्रक्रिया जोरों पर है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार अब तक 2.79 करोड़ से अधिक विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों ने पंजीकरण कर इसे राष्ट्रव्यापी आंदोलन का रूप दे दिया है।





शिक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की प्रमुख पहल परीक्षा पे चर्चा परीक्षा से जुड़े तनाव को उत्सव के लिए एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन के रूप में आगे बढ़ रही है। पीपीसी के 8वें संस्करण ने भारत और विदेशों के विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों से 2.79 करोड़ से अधिक पंजीकरण के साथ एक अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है।

**मेक इन इंडिया** 15 जनवरी को समुद्री बेड़े में शामिल होगी, 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत निर्मित पनडुब्बी में लगे हैं घातक हमलों के लिए हथियार

## नौसेना को मिली अत्याधुनिक स्वदेशी 'वाघशीर' पनडुब्बी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** स्वदेशी रूप से निर्मित प्रोजेक्ट 75 की छठी स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बी आईएनएस वाग्शीर गुरुवार को नौसेना को मिल गई, जिसे 15 जनवरी को भारतीय समुद्री बेड़े में शामिल किया जाएगा। मुंबई के शिपयार्ड मझगांव डॉक लिमिटेड (एमडीएल) ने आज पनडुब्बी की डिलीवरी के साथ इतिहास रच दिया। पनडुब्बी का निर्माण अत्याधुनिक तकनीक और भारत सरकार की 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत किया गया है, जिसमें सभी तरह के घातक हमलों के लिए भारी-भरकम सेंसर और



हथियार लगे हैं। आईएनएस वाग्शीर (एस 26) भारतीय नौसेना के लिए छह कलवरी श्रेणी की पनडुब्बियों के पहले बैच की छठी और अंतिम पनडुब्बी है। यह स्कॉर्पीन श्रेणी पर आधारित एक डीजल-इलेक्ट्रिक अटैक पनडुब्बी है, जिसे फ्रांसीसी नौसेना रक्षा और ऊर्जा समूह नेवल ग्रुप ने डिजाइन और मुंबई के शिपयार्ड मझगांव डॉक लिमिटेड ने निर्मित किया है। आज नौसेना को पनडुब्बी की आपूर्ति के दस्तावेज पर एमडीएल के सीएमडी संजीव सिंघल और सीएसओ (तकनीक) रियर एडमिरल आर. अधी श्रीनिवासन ने

**कलवरी**

**भारतीय नौसेना के लिए छह कलवरी श्रेणी की पनडुब्बियों के पहले बैच की छठी और अंतिम पनडुब्बी है**

भारतीय नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। इस पनडुब्बी की डिलीवरी एमडीएल की व्यावसायिकता, विशेषज्ञता और जटिल युद्ध प्लेटफार्मों के निर्माण में अनुभव का प्रमाण है, जो भारतीय नौसेना की ताकत को काफी हद तक बढ़ाती है। स्वदेशी रूप से निर्मित पनडुब्बी की डिलीवरी के साथ एमडीएल ने पी75 परियोजना को पूरा करके देश में एकमात्र शिपयार्ड के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत किया है, जिसके पास पारंपरिक पनडुब्बी का निर्माण करने की सिद्ध क्षमता है। इसमें दुश्मन के राडार से बचने, क्षेत्र की निगरानी, खुफिया जानकारी जुटाने, पानी के अंदर या सतह पर एक ही समय में 18 टारपीडो और ट्यूब-लॉन्च एंटी-शिप मिसाइलों के साथ सटीक निर्देशित हथियारों का उपयोग करके दुश्मन पर विनाशकारी हमला करने की क्षमता है।

## संयुक्त किसान मोर्चा आंदोलन के साथ एकजुट

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** पिछले साल फरवरी से खनौरी और शंभू बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन से दूर रहे संयुक्त किसान मोर्चा ने गुरुवार को आंदोलन को समर्थन का ऐलान कर दिया। पंजाब के मोगा में गुरुवार को आयोजित संयुक्त किसान मोर्चा की महापंचायत में समर्थन देने का फैसला लिया गया। यह तय किया गया कि सभी किसान संगठन शंभू और खनौरी बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन का सहयोग एकजुटता के साथ करेंगे। इसके लिए महापंचायत में लाए गए प्रस्ताव पर सभी यूनियनों के नेताओं ने सहमति जताई। महापंचायत में राकेश टिकैत ने राय व्यक्त की कि



जब तक आंदोलन भाजपा शासित राज्यों में नहीं जाएगा केंद्र सरकार नहीं सुनेगी। ऐसा पहली बार होगा, जब इस किसान आंदोलन में संयुक्त किसान मोर्चा और इसमें शामिल किसान यूनियनें शामिल होंगी। इससे पहले करीब 11 महीने से केवल जगजीत सिंह डल्लेवाल का संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और

**बैठक**

**टिकैत आंदोलन को भाजपा शासित राज्यों में ले जाने के पक्ष में, आज किसान जत्था खनौरी बॉर्डर जाएगा**

सरवण सिंह पंधेर का किसान मजदूर मोर्चा ही शंभू और खनौरी बॉर्डर पर मोर्चा संभाले हुए है। अब शुक्रवार को 101 किसानों का जत्था 6 सदस्यों की कमेटी के साथ खनौरी मोर्चे पर जाएगा। वहां मोर्चे के नेताओं के सामने महापंचायत में पास किया गया प्रस्ताव रखा जाएगा। वहां भी प्रस्ताव पर सहमति ली जाएगी।

# विधायक नरेश बाल्यान समेत तीन आरोपितों की न्यायिक हिरासत 1 फरवरी तक बढ़ी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राऊज एवेन्यू कोर्ट की स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने मकोका मामले में आम आदमी पार्टी के उत्तम नगर से विधायक नरेश बाल्यान समेत तीन आरोपितों की न्यायिक हिरासत 1 फरवरी तक बढ़ा दी है। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस की चार्जशीट पर 22 जनवरी को सुनवाई करने का आदेश दिया। आज तीनों आरोपितों की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आज नरेश बाल्यान के अलावा रोहित ऊर्फ अन्ना और सचिन चिकारा की न्यायिक हिरासत बढ़ाने का आदेश दिया है। नरेश बाल्यान ने राऊज एवेन्यू कोर्ट में जमानत याचिका भी दायर कर रखी है। दिल्ली पुलिस ने नरेश बाल्यान की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा है कि अपने बयान में उन्होंने कपिल सांगवान उर्फ नंदू के साथ संबंधों का खुलासा किया है। दिल्ली पुलिस ने सह आरोपितों के इकबालिया बयानों का हवाला देते हुए कहा कि नरेश बाल्यान नंदू के संगठित अपराध सिंडिकेट में एक मददगार और साजिशकर्ता है।


**भारतीय रेल**

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. 2025/आरएस(डबल्यूटीए)-149/टेंडर/555 नई दिल्ली, दिनांक 08.01.2025

**विषय:** 10 अदद् 3–चरण इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के लिए डेस्कटॉप सिम्युलेटर की खरीद के लिए दिनांक 10.02.2025 को खोली जाने वाली ई–निविदा सं. डब्ल्यूटीए–555.

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से आरडीएसओ के एफआरएस आरडीएसओ/2024/ईएल/आरएम/0203 (संशोधन 2), जुलाई 2024 के अनुसार 10 अदद् 3–चरण इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के लिए डेस्कटॉप सिमुलेटर के लिए इलैक्ट्रॉनिक बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे अन्य ब्यौरों के लिए, निविदा दस्तावेज़ों को डाउनलोड करने एवं अपनी ई–बोलियां जमा कराने के लिए http://ireps.gov.in वेबसाइट देखें। विषयगत निविदा के अन्य शुद्धिपत्र केवल वेबसाइट http://ireps.gov.in पर अपलोड किया जाएगा और प्रिंट मीडिया में अपलोड नहीं किया जाएगा।

निदेशक, रेल भंडार (एम)
रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) रेल भवन, रायसीना रोड, नई दिल्ली–110001, टेलीफोन नं.011–23073191, ई–मेल आईडी – drsm@rb.railnet.gov.in

93/25 ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा

धारा 82 व 83 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1. के. सेल्वम पुत्र करुप्पन 2. काशम्बू पत्नी करुप्पन दोनों निवासी मकान नं. सी–146, तीसरी मंजिल, किलोकरी, दिल्ली** ने case **FIR No. 439/2015 U/s 498A/406/34 IPC, थाना सुभाष, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होनें किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **1. के. सेल्वम 2. काशम्बू** मिल नहीं रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1. के. सेल्वम 2. काशम्बू** फरार हो गये है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 439/2015 U/s 498A/406/34 IPC, थाना सुभाष, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **1. के. सेल्वम 2. काशम्बू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्‌मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 10.02.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ऐश्वर्या शर्मा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, महिला कोर्ट
उत्तर पश्चिम, कमरा नं. 106, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, नई दिल्ली

DP/418/NW/2025(Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हरिहर पुत्र मीर सिंह निवासी शेखूपुर रौरा, बुलन्दशहर, अनूपशहर, जहांगीराबाद, बुलन्दशहर–203150, उ.प्र.** ने case **CC No. 3302/18 U/s 138 NI Act, थाना देश बंधु गुप्ता रोड, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है **हरिहर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **हरिहर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि case **CC No. 3302/18 U/s 138 NI Act, थाना देश बंधु गुप्ता रोड, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **हरिहर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **11.02.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री श्रेया सिंह
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05
केन्द्रीय जिला, कमरा नं. 2
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/370/CD/2025(Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **(1) गीता** पत्नी किशोर निवासी गांव दधोला जिला पानीपत, हरियाणा **(2) बीता** पत्नी वसंत निवासी विजाद जिला चरखी दादरी हरियाणा **(3) मुकेश** पुत्र स्वर्गीय माई चंद **(4) सोनू उर्फ लाला** पुत्र स्वर्गीय माई चंद **(5) महेंद्री देवी** पत्नी स्वर्गीय माई चंद निवासी गांव राय बाल्मीकि मोहल्ला जिला सोनीपत हरियाणा ने **एफ आई आर नंबर 111/2017 धारा 498ए/406/34 भा.द.स थाना नांगलोई, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) गीता (2) बीता (3) मुकेश (4) सोनू उर्फ लाला (5) महेंद्री देवी** मिल नहीं रहे और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) गीता (2) बीता (3) मुकेश (4) सोनू उर्फ लाला (5) महेंद्री देवी** फ़रार हो गए है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे है)। इस लिए इस के द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **(1) गीता (2) बीता (3) मुकेश (4) सोनू उर्फ लाला (5) महेंद्री देवी, एफ आई आर नंबर 111/2017 धारा 498ए/406/34 भा.द.स थाना नांगलोई, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 24.02.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री दीपिका गोयल शौकीन**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी महिला कोर्ट-03,
कमरा नंबर 245
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/192/OD/2025

# दिल्ली में केवेंटर्स ब्रांड की शॉप पर राहुल गांधी ने



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी दिल्ली स्थित केवेंटर्स ब्रांड की शॉप में गए और उन्होंने वहां कोल्ड कॉफी बनाई। ब्रांड प्रमोटर से चर्चा का एक वीडियो राहुल ने सोशल मीडिया पर साझा किया है । राहुल ने कहा कि आप नई पीढ़ी और नए बाजार के लिए विरासत से चले आ रहे ब्रांड को कैसे बदल सकते हैं, इस बारे में केवेंटर्स के युवा संस्थापकों ने उन्हें बताया। राहुल ने कहा कि केवेंटर्स जैसे निष्पक्ष व्यवसायों ने पीढ़ियों से हमारी आर्थिक वृद्धि को गति दी है। इसलिए हमें उनका समर्थन करने की कोशिश करनी चाहिए। चर्चा के दौरान उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में मिले मोची रामचैत के बारे में राहुल ने बात की। राहुल ने कहा कि हमारे देश में बैंक बड़े बिजनेसमैन को आसानी से ऋण देते हैं, लेकिन छोटे काम करने वालों को पैसा नहीं मिलता। केवेंटर्स 100 साल पुराना स्टार्ट-अप है। यह विरासत और आधुनिक महत्वाकांक्षा को जोड़ता है। राहुल से बात करते हुए प्रोमोटर ने बताया कि कैसे यह ब्रांड अपनी स्वतंत्रता-पूर्व के जड़ों से विकसित होकर 65 शहरों में 200 से अधिक स्टोर वाले उपभोक्ता पावरहाउस में बदल गया। इसी बीच वीडियो में राहुल को शॉप पर मिली महिला अपने घर बुलाती हैं। राहुल उसके घर पहुंचे और दरवाजे की चाबियां गुम हो गईं।

# राजनाथ आज राजदूतों के साथ गोलमेज बैठक करेंगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** एशिया की सबसे बड़ी हथियारों की प्रदर्शनी 'एयरो इंडिया' के मद्देनजर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को नई दिल्ली में राजदूतों के साथ गोलमेज बैठक की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए 150 से अधिक मित्र देशों के राजदूतों और उच्चायुक्तों को निमंत्रण पत्र भेजा गया है। बैठक में उन्हें एयरो इंडिया के प्रमुख कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी जाएगी। संबंधित देशों के वरिष्ठ नेतृत्व को रक्षा मंत्री की ओर से व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित किया जाएगा। एशिया के सबसे बड़े एयरो शो एयरो इंडिया का 15वां संस्करण 10 से 14 फरवरी तक कर्नाटक के बेंगलुरु में एयर फोर्स स्टेशन, येलहंका में होगा। पांच दिवसीय कार्यक्रम में पूर्वावलोकन कार्यक्रम, उद्घाटन समारोह, रक्षा मंत्रियों का सम्मेलन, सीईओ राउंड-टेबल, आईडीईएक्स स्टार्ट-अप समारोह, शानदार हवाई प्रदर्शन, इंडिया पैवेलियन से युक्त एक बड़ा प्रदर्शनी क्षेत्र और वैमानिकी कंपनियों का व्यापार मेला होगा। इस बार की थीम 'द रनवे टू ए बिलियन ऑपर्च्युनिटीज' रखी गई है, जिसमें विदेशी और भारतीय फर्मों के बीच साझेदारी बनाने और स्वदेशीकरण प्रक्रिया में तेजी लाने के नए मार्ग तलाशने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

एयरो इंडिया में वैमानिकी और रक्षा क्षेत्र में विश्व के अग्रणी उद्योगों से बड़ी संख्या में प्रदर्शक शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री, रक्षा राज्यमंत्री, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ और सचिव स्तर पर कई द्विपक्षीय बैठकें आयोजित की जाएंगी। मित्र देशों के साथ रक्षा और एयरोस्पेस संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, ताकि साझेदारी को अगले स्तर तक ले जाने के लिए नए रास्ते तलाशे जा सकें। मुख्य कार्यकारी अधिकारी गोलमेज सम्मेलन से विदेशी मूल उपकरण निमार्ताओं को भारत में विनिर्माण के लिए उचित मंच मिलने की उम्मीद है। इस कार्यक्रम में वैश्विक सीईओ, घरेलू सार्वजनिक उपक्रमों के सीएमडी और भारत की प्रमुख निजी रक्षा एवं एयरोस्पेस विनिर्माण कंपनियों के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक भाग लेंगे।


**भारतीय रेल**

GOVERNMENT OF INDIA (भारत सरकार)
MINISTRY OF RAILWAYS (रेल मंत्रालय)
RAILWAY BOARD (रेलवे बोर्ड)

No. 2023/Track-III/MC/4 नई दिल्ली, दिनांक 08/01/2025

शुद्धिपत्र– 1

**विषय:** दो नग सेल्फ प्रोपेल्ड ट्रैक एंड टर्न आउट मेज़रमेंट कार (STTMC) विद ट्रैक एंड टर्न आउट मॉनिटरिंग सिस्टम (TTMS) की आपूर्ति हेतु निविदा संख्या टी एम 2405।

उपरोक्त निविदा के खुलने के समय 16.01.2025 को स्थगित कर 21.02.2025 कर दिया गया है। निविदा के अन्य सभी नियम व शर्तें अपरिवर्तनीय रहेगीं।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 90/25


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **बिनोद सिंह रावत पुत्र:** हयात सिंह रावत, **पता:** टी–621, दूसरी मंजिल, नियर बाबा राम देव मंदिर, बलजीत नगर, पटेल नगर, दिल्ली और मकान नं. 26, मोहल्ला बनथपाल, महरमल्ला, पी.एस. सतेराखाल, जिला रूद्रप्रयाग, उत्तराखंड ने **CC No. 11010/2017, U/s 138 NI Act,** थाना: दरिया गंज, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बिनोद सिंह रावत** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बिनोद सिंह रावत** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **CC No. 11010/2017, U/s 138 NI Act,** थाना: दरिया गंज, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **बिनोद सिंह रावत** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.02.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्रेया सिंह
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी –05
आईएनए (केन्द्रीय), कमरा नं. 2
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/378/CD/2025
(Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा

धारा 82 (2) (ii) CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम: **शमशाद, पुत्र: मोहम्मद एनुल, निवासी: वेगबॉन्ड, यमुना बाजार, दिल्ली और वार्ड नं. 8, गांव हरपुर, जिला सीतामढी, बिहार** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.1199/2021 U/S 356/379/511 IPC** के तहत एक मामला **थाना कोतवाली, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि उक्त **शमशाद** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **शमशाद** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है), इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि अभियुक्त **शमशाद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सायेशा चड्ढा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-08,
मध्य जिला, कमरा नं. 272,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/323/N/2025

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा

धारा 82 (2) (ii) CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम: **सलमान उर्फ सलमी, पुत्र: मोसम, निवासी: ए-64, गली नं. 2, जनता मजदूर कॉलोनी, वेलकम, दिल्ली** और नाम: **विजय, पुत्र: राम करन, निवासी: ए-62, गली नं. 2, जनता मजदूर कॉलोनी, वेलकम, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.200/2017 U/S 25/54/59 A. ACT** के तहत एक मामला **थाना वेलकम, उत्तर पूर्व जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि उक्त **सलमान उर्फ सलमी और विजय** नहीं मिले या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **सलमान उर्फ सलमी और विजय** फरार हो गये हैं (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं), इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि अभियुक्त **सलमान उर्फ सलमी और विजय** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.02.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
दीपाक्षी राणा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-03,
शाहदरा जिला, कोर्ट नं. 19, पहली मंजिल,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/339/NE/2025

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा

धारा 84 BNSS, 2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मजहरुद्दीन पुत्र** मो. शिराज **निवासी** मकान नं. एफ–60ए, ग्राउंड फ्लोर, बीएचईएल बस्ती, रोड नंबर–20, बलजीत नगर, दिल्ली, ने **FIR No. 52/2017, U/S 392/412 IPC, पुलिस स्टेशन राजेन्द्र नगर, सैंट्रल जिला, नई दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मजहरुद्दीन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मजहरुद्दीन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **FIR No. 52/2017, U/S 392/412 IPC, पुलिस स्टेशन राजेन्द्र नगर, सैंट्रल जिला, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **मजहरुद्दीन** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.03.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री प्रीति
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03 (सैंट्रल),
सैंट्रल जिला, कमरा नं.–150,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/150/CD/2025
(Court Matter)

## जना स्मॉल फाइनेंस बैंक

अनूसूचि कॉमर्शियल बैंक

पंजीकृत कार्यालय: जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड- द फेयरवे, ग्राऊंड & पहली मंजिल सर्वे नं. 10/1, 11/2 & 12/2/बी, कार्यालय डोमलर, कोरामंगला, इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क के पास, छल्लाघाटा, बैंगलोर- 560071

**सोने के आभूषणों को बोली के लिए सार्वजनिक सूचना**

निर्धारित समयसीमा के अंदर सोने के आभूषणों के एवज में नीचे उल्लेखित उधारकर्ता ऋण चुकाने में विफल साबित हुए हैं और कई बार याद स्मरण भी कराया गया। नीचे उल्लेखित उधारकर्ता द्वारा सोने के आभूषण/गहने ऋण खाता के नाम पर गिरवी रखे गए थे, वो सार्वजकि/प्राईवेट/ऑनलाईन बिक्री की जाएगी, हमारे शाखा परिसर में **24-01-2025 को सुबह 10:30 बजे**। जो भी इस नीलामी में भाग लेना चाहते हैं उनसे आग्रह है कि हमारे शाखा कार्यालय में संपर्क करें। बैंक के पास अधिकार होगा कि वो बोली स्वीकार करता है या अस्वीकार करता है बिना किसी कारण बताएं। कृप्या नोट करें कि अगर बोली उसी दिन पूरी नहीं हो पाती तो अगले दिन उन्हीं शर्तों पर बोली लगेगी। अगर ग्राहक नीलामी के सभी शर्तों का मानता है तो वो कानूनी रूप से हायर होगा। उधारकर्ता तो सूचित किया जाता है कि अभी तक का ब्याज और अन्य शुल्क चुकाना होगा नीलामी की तारीख से पहले, अगर चुकाने में असफल साबित होते हैं तो गिरवी रखे हुए सोने के आभूषण की बिक्री की जाएगी और बकाया राशि और अन्य शुल्क ब्याज सहित वसूला जाएगा। किसी भी तरह की जानकारी व अन्य शर्तों और नियमों को जानने के लिए शाखा में संपर्क कर सकते हैं। शाखा कार्यालय की अन्य जानकारी के लिए www.janabank.com पर जाएं।

| क्रमांक सं. | ऋण खाता सं. | उधारकर्ता/सहउधारकर्ता का नाम | सोने के आभूषणों के कुल वजन |
|---|---|---|---|
| 1 | 30808730029750 | Ravi Kumar | 5.05 |
| 2 | 30808730044472 | Sushil Kumar | 12.07 |
| 3 | 30808730043989 | Abrar Baksh | 39.95 |
| 4 | 30808730043772 | Shahida Begum | 5.5 |
| 5 | 30808730042220 | Sapna Rani | 10.6 |
| 6 | 30808730041868 | Ashish Pandey | 9.5 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, बिल्डिंग नं. वी-109, ज्योति कॉलोनी, दुर्गापुरी चौक, शाहदरा दिल्ली-110032 | | | |
| 7 | 47938730020097 | Poonam Pankaj | 4.7 |
| 8 | 47938730019991 | Raj Kumar | 6.23 |
| 9 | 47938730019758 | Indu Achche | 4.9 |
| 10 | 47938730018781 | Vinita V | 4.5 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, फर्स्ट फ्लोर, संपत्ति नं. सी-3, हस्तसाल गांव, मिलाप नगर कॉलोनी, पश्चिम दिल्ली, दिल्ली- 110059 | | | |
| 11 | 47538730008592 | Vikas Verma | 10.87 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, जी फ्लोर, ए61 जोकि स्थित है राजौरी गार्डन में | | | |
| 12 | 30908730015686 | Danish Khan | 6.4 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, डी- 74, मेन मार्केट ब्लॉक नं. डी (डी-74) मालवीय नगर, नई दिल्ली- 110017 | | | |
| 13 | 32638740000443 | Poon Godhi | 15.86 |
| 14 | 32638740000404 | Karan Kumar | 15.72 |
| 15 | 32638730017348 | Satbir Singh | 9.46 |
| 16 | 32638730017259 | Vibha | 4.07 |
| 17 | 32638730016766 | Shiv Shankar | 6.64 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, डी- 74, मेन मार्केट ब्लॉक नं. डी (डी-74) मालवीय नगर, नई दिल्ली- 110017 | | | |
| 18 | 32818730011894 | Raju Kumar | 2.95 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, फर्स्ट फ्लोर, यू-182/ए, उपाध्याय ब्लक, शकरपुर, विकास मार्ग, लक्ष्मी नगर , दिल्ली- 110092 | | | |
| 19 | 30218740001376 | Sarita K | 25.8 |
| 20 | 30218740002100 | Parmeshwari Babu | 32.62 |
| 21 | 30218730017265 | Sangeeta Sanjay Singh | 3.15 |
| 22 | 30218730017087 | Shalu S | 5.18 |
| 23 | 30218740001975 | Bhawana B | 19.86 |
| 24 | 30218740001886 | Dharmender D | 23.26 |
| 25 | 30218740001682 | Sarswati Kapoor Chand | 10.23 |
| 26 | 30218740001541 | Jagdish | 48.25 |
| 27 | 30218740001481 | Manohar Kumar | 31.37 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, #8, पश्चिम एन्कलेव रोहतक रोड़, पीड़ागढ़ी चौक, मारूति शो रूम के सामने पश्चिम विहार , नई दिल्ली- 110087 | | | |

स्थान: दिल्ली
दिनांक: 10-01.2025

एसडी/-अधिकृत अधिकारी
जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया**, दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।


**एक्शन इंडिया**

(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

# प्रवेश वर्मा के घर हो रेड, खुलेआम बांट रहे 1100: केजरीवाल



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल गुरुवार को मुख्य चुनाव आयुक्त से मिले और चिट्ठी सौंपी। चिट्ठी में उन्होंने नई दिल्ली विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा के घर पर तुरंत रेड करने की बात कही है। केजरीवाल ने पत्र में आरोप लगाया है कि प्रवेश वर्मा महिलाओं को खुले में 1100 रुपये बांट रहे हैं। वो सरासर चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन कर रहे हैं। प्रवेश वर्मा नौकरियों का झांसा देकर वोट मांग रहे हैं। इसके अलावा डीईओ को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड और ट्रांसफर किया जाए।

**यूपी-बिहार से लाकर बनाए जा रहे फर्जी वोटर**
चुनाव आयुक्त से मिलकर बाहर आने पर प्रेस से बात करते हुए केजरीवाल ने कहा कि प्रवेश वर्मा जॉब कार्ड बनवा रहे हैं। यूपी-बिहार से लोगों को लाकर फर्जी वोटर बनवाए जा रहे हैं। नई दिल्ली विधानसभा सीट पर 13 हजार नए वोटर कैसे बने, बहुत बड़े पैमाने पर घोटाला हो रहा है। प्रवेश वर्मा को चुनाव लड़ने से रोका जाना चाहिए।

**आप ने मुझे देशद्रोही कहा, जाटों का अपमान किया**
वहीं प्रवेश वर्मा ने आम आदमी पार्टी पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि इन्होंने मुझे देशद्रोही कहा और जाटों का अपमान किया। दिल्ली में पहली बार जाट मुख्यमंत्री पूजनीय डॉ. साहिब सिंह जी को भाजपा ने ही बनाया था। मुझे देशद्रोही कहा, देशभक्त जाटों का अपमान किया और अब जब नई दिल्ली की सीट खिसकती दिखी, तो जाट आरक्षण का 'नाटक' करने लगे। अरविंद केजरीवाल जी, जाट समाज आपकी सियासी चालों को बखूबी समझ चुका है। अब नई दिल्ली की सीट छोड़कर भाग मत जाना। इस बार जाट के हत्थे चढ़ गए हो, पूरी नई दिल्ली की 36 बिरादरी आपकी जमानत जब्त कराने के लिए तैयार है। और हां, हर बार जाटों को आरक्षण भाजपा ने ही दिया। इतिहास के पन्ने उठा कर देख लो।

**अमित शाह कर चुके मीटिंग**
केजरीवाल ने आगे लिखा, 'फिर 8 फरवरी 2017 को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यूपी चुनाव से पहले चौधरी बीरेंद्र सिंह के घर पर दिल्ली और देश के जाट नेताओं की मीटिंग बुलाई और उनसे वादा किया कि स्टेट लिस्ट में जो ओबीसी जातियां हैं।

# सीएम ने गोविंदपुर-काकलाजी में आप के चुनाव कार्यालयों का किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने गुरुवार को गोविंदपुरी और कालकाजी में आम आदमी पार्टी (आआपा) के चुनाव कार्यालयों का उद्घाटन किया। इस मौके पर आतिशी ने विपक्षी पार्टी भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास कोई एजेंडा या नैरेटिव नहीं है, न ही उनके पास मुख्यमंत्री का चेहरा है। मुख्यमंत्री



कालकाजी विधानसभा सीट से उम्मीदवार आतिशी ने यहा पत्रकारों से वार्ता की। आतिशि ने कहा कि पिछले 5 वर्ष में कालकाजी की जनता ने उन्हें भरपूर आशीर्वाद दिया है। आज कार्यालय उद्घाटन के साथ उन्हें उम्मीद है कि निर्वाचन क्षेत्र के लोग उनपर प्यार और आशीर्वाद बनाए रखेंगे।

**चुनाव प्रचार**

> भारतीय जनता पार्टी के पास न कोई एजेंडा और न मुख्यमंत्री का चेहरा: मुख्यमंत्री आतिशी

आज से उनके चुनाव-प्रचार आधिकारिक तौर पर शुरू हो रहा है। उन्हें आशा है कि कालकाजी विधानसभा क्षेत्र के लोगों का समर्थन निरंतर मिलता रहेगा और आम आदमी पार्टी, अरविंद केजरीवाल और जनता पर कालका माई का आशीर्वाद बना रहेगा।

# स्वाति ने किया बवाना विधानसभा क्षेत्र का दौरा, कहा- इलाके में नरक जैसे हालात


**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: राज्यसभा सदस्य** स्वाति मालीवाल ने गुरुवार को दिल्ली के बवाना विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में जो नागरिक समस्याएं देखीं, उनके लिए उन्होंने दिल्ली सरकार की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आज तक ऐसी बुरी हालत किसी इलाके की नहीं देखी। मालीवाल ने आआपा के संयोजक अरविंद केजरीवाल को बवाना विधानसभा का दौरा करने की चुनौती दी। स्वाति मालीवाल ने आम आदमी पार्टी (आआपा) के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली की जनता गंदगी से परेशान है और केजरीवाल अपने शीशमहल में आराम कर रहे हैं। स्वाति मालीवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने दौरे की जानकारी साझा करते हुए कहा कि दिल्ली के बवाना विधानसभा इलाके में लोग नरक जैसी हालत में जीने के लिए मजबूर है। वहां सड़कों पर बहते सीवर की ऐसी बदबू है कि इंसान सांस ना ले पाए। सब नाले सीवर खुले पड़े हैं, आए दिन लोग इसमें गिर रहे हैं।

**आलोचना**

> स दौरान उन्होंने क्षेत्र में जो नागरिक समस्याएं देखीं, उनके लिए उन्होंने दिल्ली सरकार की आलोचना की

# केजरीवाल ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखी चिट्ठी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली के जाट समाज को केंद्र की ओबीसी लिस्ट में शामिल किए जाने की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी (आआपा) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चिट्ठी लिखी है। केजरीवाल ने लिखा है कि 10 साल पहले आपने जो वादा किया था, उसे याद दिलाने के लिए यह पत्र लिख रहा हूं। मेरी हाल ही में दिल्ली के जाट समाज के कई प्रतिनिधियों से पिछले कुछ दिनों में मुलाकात हुई। इन सभी ने केंद्र की ओबीसी लिस्ट में दिल्ली के जाट समाज की अनदेखी किए जाने पर चिंता जताई। जाट समाज के प्रतिनिधियों ने मुझे बताया कि आपने 26 मार्च, 2015 को दिल्ली के जाट समाज के प्रतिनिधियों को अपने घर बुलाकर ये वादा किया था कि जाट समाज, जो दिल्ली की ओबीसी लिस्ट में है, उसे केंद्र की ओबीसी लिस्ट में भी जोड़ा जाएगा ताकि उन्हें दिल्ली में मौजूद केंद्र सरकार के कालेजों और नौकरियों में आरक्षण का लाभ मिल सके। केजरीवाल ने कहा कि उसके बाद 8 फरवरी, 2017 को अमित शाह ने उप्र चुनाव से पहले चौधरी बीरेन्द्र सिंह के घर पर दिल्ली और देश के जाट नेताओं की बैठक बुलाई और उनसे वादा किया कि स्टेट लिस्ट में जो ओबीसी जातियां हैं, उनको केंद्र की लिस्ट में जोड़ा जाएगा। आआपा नेता ने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली में फिर भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा के आवास पर अमित शाह जाट नेताओं से मिले और उन्होंने फिर वादा किया कि दिल्ली के जाट समाज को केंद्र की ओबीसी लिस्ट में शामिल किया जाएगा लेकिन चुनाव के बाद इस पर कोई काम नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि आरक्षण को लेकर केंद्र की नीतियों में कई विसंगतियां हैं, जिनकी तरफ मैं आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं।



**मांगे रखीं**

> मेरी हाल ही में दिल्ली के जाट समाज के कई प्रतिनिधियों से पिछले कुछ दिनों में मुलाकात हुई

# दूसरे दलों के सहारे चुनाव लड़ने की कोशिश कर रहे हैं केजरीवाल: विजेंद्र

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आम आदमी पार्टी (आआपा) के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर तंज कसते हुए कहा है कि दिल्ली के चुनावी मैदान में कांग्रेस के आने से आआपा सरकार घबराई हुई है। आआपा को पूरी उम्मीद थी कि कांग्रेस उनकी पार्टी के साथ गठबंधन करेगी और दोनों पार्टियां मिलकर चुनाव लड़ेंगी। उन्होंने कहा कि केजरीवाल की मजबूरी हो गई और उन्हें ऐसी पार्टियों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिन पार्टियों का अपना ही वजूद दिल्ली में कहीं नहीं है। ऐसी पार्टियों द्वारा केजरीवाल की आम आदमी पार्टी को समर्थन देना बड़ा हास्यास्पद है। विजेंद्र गुप्ता ने एक बयान में कहा कि दूसरों की बैसाखियों के सहारे दिल्ली की राजनीति की वैतरणी पार करने की केजरीवाल की मंशा अपने आप को ठगने जैसी हो गई है। सच्चाई यह है कि केजरीवाल अब खुद ही इस बात को अच्छे से समझ चुके हैं कि नई दिल्ली विधानसभा सीट से उनका चुनाव जीतना संभव नहीं है। क्योंकि एक तरफ पूर्व मुख्यमंत्री साहब सिंह वर्मा के बेटे प्रवेश वर्मा भाजपा प्रत्याशी के रूप में उन्हें टक्कर दे रहे हैं और दूसरी तरफ दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में उनके खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल अपने आप को बहुत हतोत्साहित महसूस कर रहे हैं, इसीलिए किसी दूसरी जगह से भी विधानसभा का चुनाव लड़ने का प्लान बना रहे हैं, ताकि एक जगह से हार भी जाएं तो दूसरी जगह पर जीत कर अपनी प्रतिष्ठा बचा सकें। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल की विवशता इसी से जाहिर हो रही है उन्होंने अखिलेश यादव और ममता बनर्जी की पार्टियों का समर्थन लेने से एक बार भी मना नहीं किया और अपने अंदर के डर को छुपाने के लिए उन्होंने दोनों पार्टियों का समर्थन चुपचाप स्वीकार कर लिया। गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल को कांग्रेस से यह उम्मीद नहीं थी कि कांग्रेस इस तरीके से अपनी उंगली छिटका लेगी, क्योंकि केजरीवाल को लगता था कि कांग्रेस और आआपा इंडी गठबंधन का हिस्सा होने के कारण उन्हें कांग्रेस का साथ मिलेगा और दोनों मिलकर चुनाव लड़ेंगे, लेकिन कांग्रेस के पार्टी के फैसले ने केजरीवाल की रही सही उम्मीद पर पानी फेर दिया।

**साधा निशाना**

> दिल्ली के चुनावी मैदान में कांग्रेस के आने से आप सरकार घबराई हुई है। कांग्रेस गठबंधन करेगी: गुप्ता



## राष्ट्रपति भवन 21 से 29 जनवरी तक आम जनता के लिए बंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** गणतंत्र दिवस परेड और बीटिंग रिट्रीट समारोह के कारण राष्ट्रपति भवन 21 से 29 जनवरी तक आम जनता के लिए बंद रहेगा। इस दौरान प्रत्येक शनिवार को होने वाला गार्डों की अदला-बदली का समारोह भी नहीं होगा। राष्ट्रपति कार्यालय ने गुरुवार को बताया कि आगामी गणतंत्र दिवस परेड और बीटिंग रिट्रीट समारोह के कारण राष्ट्रपति भवन (सर्किट-1) का दौरा आम जनता के लिए 21 से 29 जनवरी तक बंद रहेगा। रिहर्सल के कारण राष्ट्रपति भवन में 11, 18 और 25 जनवरी को गार्डों की अदला-बदली का समारोह भी नहीं होगा।

# शिवांक सिंघल ने आजादपुर गांव में डोर-टू-डोर किया चुनाव प्रचार

- शिवांक सिंघल के चुनाव प्रचार को धार दे रहे दिग्गज नेता और उनके दादा मंगतराम सिंघल
- केजरीवाल ने किया दिल्ली का बंटाधार, इस बार बनेगी कांग्रेस सरकार: शिवांक सिंघल













**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** चुनाव तारीखों के ऐलान के साथ ही दिल्ली में विधानसभा चुनाव को लेकर हलचल तेज हो गई है। विभिन्न पार्टियों के उम्मीदवार जनता के बीच जा रहे हैं। इसी कड़ी में आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार शिवांक सिंघल ने क्षेत्र में डोर-टू-डोर प्रचार शुरू कर दिया है। प्रचार के दौरान शिवांक के साथ उनके दादा मंगत राम सिंघल भी कदमताल करते देखे जा रहे हैं। ज्ञात रहे कि तत्कालीन शीला दीक्षित सरकार में मंत्री रहे मंगतराम सिंघल की इस क्षेत्र पर गहरी पकड़ रही है। यही कारण है कि दादा जी के तजुर्बे का फायदा शिवांक सिंहल को मिलना लाजमी है।

**शिवांक सिंघल लोगों से घर घर जाकर कर रहे जनसंपर्क :** कांग्रेस उम्मीदवार शिवांक सिंघल ने डोर-टू-डोर प्रचार के दौरान विभिन्न क्षेत्रों जैसे कि आजादपुर गांव के शादी नगर, रेलवे झुग्गी, चार खम्बे वाली गली सहित कई अन्य इलाकों का भी दौरा किया और लोगों के बीच अपनी बात रखीं। इस दौरान शिवांक सिंघल को सुनने के लिए भारी संख्या में लोग उमड़ पड़े।

**कांग्रेस ने किया दिल्ली का विकास: मंगत राम सिंघल -** प्रचार के दौरान मंगत राम सिंघल ने कहा कि कांग्रेस ने तत्कालीन मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के कार्यकाल में दिल्ली में अनगिनत विकास कार्य किए और यही कारण है कि आज भी कांग्रेस की सरकार को याद किया जाता है। शीला दीक्षित के कार्यकाल में दिल्ली में मेट्रो शुरू हुई। वहीं आज आप दिल्ली में जो फ्लाईओवरों का जाल देख रहे हैं, ये सब तत्कालीन मुख्यमंत्री शीला दीक्षित जी का ही करिश्मा था। यही कारण है कि आज भी लोग कांग्रेस की सरकार को याद कर रहे हैं।

**केजरीवाल ने किया दिल्ली का बंटाधार:** शिवांक सिंघल ने डोर-टू-डोर प्रचार के दौरान आम आदमी पार्टी को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में आप सरकार ने दिल्ली का बंटाधार कर दिया। हर तरफ गंदगी का आलम है तो वहीं विकास के नाम पर लोगों को भ्रमित किया गया। आज इसी क्षेत्र में कहीं भी चले जाइए, आपको गंदगी का अंबार मिलेगा। पिछले 12 सालों से यहां आम आदमी पार्टी के विधायक हैं, लेकिन उन्होंने कोई भी विकास कार्य नहीं किया। शिवांक ने कहा कि अब फिर से केजरीवाल जी, दिल्ली वालों से विकास के लिए पांच साल मांग रहे। लेकिन इस बार दिल्ली की जनता चुनावी जुमलों से भ्रमित होने वाली नहीं है। शिवांक ने कहा कि जनता केजरीवाल के झूठे वादों में नहीं आएगी। इस बार कांग्रेस की सरकार बनेगी।











# 'सरकार किसानों के उत्थान के लिए निरंतर कर रही कार्य'

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन की सरकार किसानों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। हमारा ध्येय है कि किसानों की आमदन बढ़े और किसान आर्थिक रूप से समृद्ध बने। प्रदेश के 70 प्रतिशत किसान ऐसे हैं, जिनके पास जमीन कम है। इसलिए उनके उत्थान के लिए भी खास रणनीति बनानी होगी। साथ ही किसानों को अधिक मुनाफा मिले, इसके लिए भी बजट में प्रावधान करने होंगे, ताकि किसानों को मजबूत बनाया जा सके। मुख्यमंत्री किसानों के उत्थान को लेकर आज जिला हिसार में बजट पूर्व परामर्श बैठक के तहत चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में प्रगतिशील किसानों से सुझाव ले रहे थे। इस दौरान कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा, विधायक विनोद भ्याणा और रणधीर पनिहार भी






उपस्थित थे। चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने वन टू वन किसानों से संवाद किया। पहले सेशन में 52 से ज्यादा सुझाव किसानों की तरफ से सुझाए गए। इसमें प्रगतिशील किसानों के अलावा कृषि विशेषज्ञ भी शामिल थे। दूसरे सेशन में एफपीओ से जुड़े किसानों से चर्चा हुई। एफपीओ की फेडरेशन से जुड़े सदस्यों ने भी अपने सुझाव दिए।

**छोटी जोत वाले किसान भी अच्छी आमदनी अर्जित करें, इस दिशा में सरकार कर रही प्रयास**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की चर्चा में जो सुझाव आए हैं, उन्हें बजट में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के लिए खास तौर पर काम कर रही है। सरकार इस बात पर विशेष ध्यान दे रही है कि किसान की आमदन कैसे बढ़े, किसान कैसे मजबूत हो। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जीडीपी में 18 प्रतिशत योगदान कृषि क्षेत्र से है। हमारी सोच है कि किसानों के लिए कुछ ऐसे कदम उठाए जाएं जिससे छोटी जोत वाले किसान की अच्छी आमदनी ले पाएं। इसी कड़ी में ई-मंडी और दूसरे विकल्प बनाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले पैदावार को मंडी में ले जाना चुनौती भरा काम था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में आज देश और प्रदेश में सड़क-रेल कनेक्टिविटी का नेटवर्क मजबूत हुआ है। अब फसल को इस एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाना आसान हो गया है। पिछले 10 सालों में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने तरक्की की है। आज हम किसानों के लिए नई नई पहल कर रहे हैं। इसी कड़ी में किसानों के लिए सरकार ऑर्गेनिक खेती को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने ऑर्गेनिक खेती की दिशा में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत द्वारा किये जा रहे प्रयासों की भी तारीफ की। मुख्यमंत्री ने किसानों से आह्वान किया कि किसान फसल विविधिकरण को अपनाएं। परंपरागत खेती की बजाय विविधिकरण से किसान अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। साथ ही, किसान मोटे अनाज के उत्पादन को भी बढ़ावा दें। प्रधानमंत्री ने मोटे अनाज को विश्व पटल पर पहुंचाने के लिए प्रयास किये हैं। उन्होंने इस दौरान हिसार के स्याहड़वा में होने वाली स्ट्रॉबेरी खेती का जिक्र करते हुए कहा कि इस क्षेत्र के किसान स्ट्रॉबेरी के लिए बहुत काम कर रहे हैं। इसी प्रकार से सिरसा के एरिया में किन्नू होते हैं। उन्होंने कहा कि किसान को इस प्रकार की परंपरागत खेती से हट कर कुछ अलग करना होगा, तभी किसान अपनी आमदनी को बढ़ा सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा के वर्ष 2025-26 के आम बजट से सम्बंधित सुझाव के लिए प्रदेश सरकार ने पोर्टल बनाया है। इस पोर्टल पर आम नागरिक और प्रगतिशील किसान या एफपीओ से जुड़े प्रतिनिधि अपने सुझाव दे सकते हैं। इन सुझावों को बजट में शामिल किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजा शेखर वुंडरू, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ साकेत कुमार, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बीआर कंबोज सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

# उपभोक्ता को 3,000 रुपये का मुआवजा देने को दिये आदेश

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़:** हरियाणा सेवा का अधिकार (आरटीएस) आयोग ने उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन), पंचकूला को एक उपभोक्ता को अधिसूचित सेवा प्रदान करने में देरी के लिए 3,000 रुपये का मुआवजा देने के निर्देश दिये हैं। आयोग के प्रवक्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि झज्जर जिले के निवासी राजेश यादव ने अपने पुराने मीटर को बदलने के लिए आयोग से संपर्क किया था। राजेश यादव ने बताया कि 18 जुलाई, 2024 को शिकायत दर्ज कराने के बाद उन्हें निगम से फोन आया कि उनका नया मीटर आ गया है और 2-3 दिन में बदल दिया जाएगा। हालांकि, इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की गई जबकि संबंधित जेई का फोन आया, जिसमें बताया गया कि स्टोर में कोई मीटर उपलब्ध नहीं है और उनका मीटर नहीं बदला जा सकता है। शिकायतकर्ता के बयान से ऐसा प्रतीत होता है कि जेई अवैध रिश्वत मांग रहा था, जिससे नया मीटर लगाने में देरी हो रही थी।शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि संबंधित एसडीओ ने जब प्रकाश यादव द्वारा हस्ताक्षरित एक संतुष्टि पत्र भेजकर एक दस्तावेज तैयार किया, जो शिकायतकर्ता के अनुसार न तो किरायेदार था और न ही परिसर में कोई कर्मचारी था।

आयोग ने मामले के सभी तथ्यों और परिस्थितियों पर ध्यानपूर्वक विचार किया। आयोग में अपील दायर किए जाने के बाद ही अंततः 26 नवंबर, 2024 को मीटर बदला गया। इसमें कहा गया कि जिस सेवा को शहरी क्षेत्रों में 3 दिनों के भीतर वितरित किया जाना चाहिए, उसे प्रदान करने में 4 महीने से अधिक का समय लगा, साथ ही कहा कि इस देरी के लिए यूएचबीवीएन स्पष्ट रूप से जिम्मेदार है।

## न्यूज फ्लैश

### विजय सिंह दहिया को बनाया अम्बाला जिले का प्रभारी

चंडीगढ़, 09 जनवरी-हरियाणा सरकार ने मुद्रण एवं लेखन सामग्री तथा पशुपालन विभागों के आयुक्त एवं सचिव विजय सिंह दहिया को उनके वर्तमान कार्यभार के अलावा अम्बाला जिले का प्रभारी नियुक्त किया है। मुख्य सचिव द्वारा जारी आदेश के अनुसार, विजय सिंह दहिया 25 करोड़ रुपये और इससे अधिक लागत की परियोजनाओं, अपराध और जघन्य अपराध की घटनाओं, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 17ए और 19 के अंतर्गत मंजूरी के संदर्भ में सतर्कता मामलों, सेवा का अधिकार अधिनियम के प्रावधान अनुसार सेवा वितरण तंत्र की प्रभावकारिता एवं कार्यप्रणाली तथा स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्रों की कार्यप्रणाली के मापदंडों की समीक्षा करेंगे। इसके अलावा, वे डीडीसी के समक्ष करों, जीएसटी आदि के संबंध में आ रही बाधाओं की भी समीक्षा करेंगे। इसके अलावा, वे उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों से भी बातचीत करेंगे। वे स्वास्थ्य और शिक्षा विभागों से संबंधित किसी एक महत्वपूर्ण स्थल का भी दौरा करेंगे।

### क्षमताओं और ज्ञान का विस्तार करना है जीवन में निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया: कल्याण

**चंडीगढ़:** हरियाणा के विधानसभा अध्यक्ष श्री हरविंद्र कल्याण ने कहा कि क्षमताओं और ज्ञान का विस्तार करना जीवन में निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया है। ज्ञान का विस्तार समय की जरूरत है। प्रशिक्षण हमारे कौशल और प्रतिभा को और अधिक बेहतर बनाने एवं ज्ञान को विकसित करने में मदद करता है। साथ ही प्रशिक्षण से हमें अपने काम को बेहतर ढंग से करने में मदद मिलती है। विधानसभा अध्यक्ष श्री हरविंद्र कल्याण सेक्टर 26 स्थित महात्मा गांधी राज्य लोक प्रशासन संस्थान में हरियाणा विधानसभा के अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए आयोजित दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम के समापन अवसर पर बोल रहे थे। विधानसभा अध्यक्ष श्री हरविंद्र कल्याण ने कहा विधानसभा की कार्यशैली को और अधिक बेहतर बनाने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थाओं में काम करने वालों की मेहनत से ही संस्थाएं आगे बढ़ती है हम सभी को अधिक से अधिक ज्ञान निरंतर अर्जित करते रहना चाहिए और उसे दूसरों के साथ भी सांझा करते रहना चाहिए। विधानसभा सदस्यों की महत्वपूर्ण फीडबैक देने का कार्य सभी अधिकारी व कर्मचारी करते है जो कि बहुत ही महत्वपूर्ण है।

श्री कल्याण ने कहा कि प्रदेश की उन्नति और समाज के भले की नीतियों में विधानसभा की अहम भागीदारी होती है सोच को सकारात्मक बनाकर काम करने वालों को कामयाबी जरुर मिलती है। विधानसभा की प्रशिक्षण इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके माध्यम से अधिकारियों/कर्मचारियों को अपने दायित्व को समझने और उनका सही ढंग से निर्वहन करने में सहायता मिलती है।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण हमें बदलते समय के साथ विधायकों व प्रशासन में समन्वय बैठाने और नई चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करेगा। हम सभी को टीम के रूप में काम करना है और अपनी नेतृत्व क्षमता एवं कार्य दक्षता को बढ़ाना है। विधान सभा की कार्यवाही, नियम और विधायी प्रक्रिया का गहन अध्ययन करना, उन्हें समझना व त्वरित रूप से समस्या का हल करना जरूरी है। अधिकारियों व सदस्यों को समय पर सही सूचना उपलब्ध करवाने की क्षमता कर्मचारियों में जरूरी है।

विधानसभा अध्यक्ष श्री हरविंद्र कल्याण ने कहा कि प्रशिक्षण का यह क्रम निरंतर जारी रहे इसके लिए हमें प्रयासरत रहना चाहिए। सीखने का मौका जहां भी मिले ज्ञान प्राप्त कर लेना चाहिए। हम अपने ज्ञान में जितनी अधिक वृद्धि करेंगे उतनी ही सकारात्मकता से हम अपने कार्य को सम्पन्न कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम 8जनवरी को शुरू हुआ था जिसका शुभारंभ मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह ने किया था।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में पूर्व मुख्य सचिव श्रीमती केसनी आनंद अरोड़ा ने प्रेरणा और कार्यालय शिष्टाचार के बारे में, संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान लोकसभा के विषय विशेषज्ञों ने विधानसभा के विभिन्न क्रियाकलापों की विस्तार से जानकारी दी। इसके पूर्व राज्यसभा में संयुक्त सचिव एवं एआईसीटीई में सलाहकार डॉ. राधव दास, लोकसभा सचिवालय में उपसचिव नीलेंदु कुमार, अवर सचिव फौजी बदरुद्दीन, संयुक्त निदेशक विजिता राय मालवीय, कार्यकारी अधिकारी हनी जे अंबनाट अलग अलग विषय पर व्याख्यान दिए। इस मौके पर लोकसभा के संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान की निदेशक श्रीमती जुबी अमर, लोकसभा सचिवालय के उप सचिव सुनील मिनोचा, प्राइड में सहायक कार्यकारी अधिकारी राम आनंद समेत हरियाणा विधान सभा के सभी अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

# जंगल सफारी परियोजना को फलीभूत करेगा वन विभाग

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़:** हरियाणा के पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अरावली पर्वतीय श्रृंखला में ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने की परियोजना जंगल सफारी पर तेजी से कार्य किया जाए और व्यक्तिगत रूप से वहां जाकर स्थिति का जायजा लें, ताकि जल्द से जल्द इसे धरातल पर लाया जा सके। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस परियोजना की जिम्मेवारी अब सैद्धांतिक रूप से पर्यटन विभाग से लेकर वन एवं वन्य जीव विभाग को सौंप दी है। इसलिए अब विभाग के अधिकारियों के जिम्मेवारी है कि किस जीव जंतु को इस सफारी में कहां रखना है, इसे तय करना है। जिस एजेंसी को विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयारी करने की जिम्मेवारी दी गई है उस पर प्रस्तुतिकरण भी दिया गया है। उल्लेखनीय है कि इस पूर्व भी मंत्री राव नरबीर सिंह अरबेनियन में ग्रीन वाल परियोजना का अवलोकन कर चुके हैं और इसे परियोजना को भी अरावली पर्वतीय श्रृंखला में लागू करने की दिशा में कदम बढ़ा चुके हैं। बैठक में विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन शरण, हरियाणा के प्रधान प्रमुख वन संरक्षक जगदीश चंद्र व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# 80 फीसदी सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण मानव त्रुटियां: विज

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़:** परिवहन व्यवस्था को सुधारना हमारी प्राथमिकता है और इसके लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं, हरियाणा के परिवहन,ऊर्जा एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने यह बात दिल्ली दौरे के बाद चंडीगढ़ स्थित अपने कार्यालय में मीडिया से बातचीत के दौरान कही। उन्होंने परिवहन सुधार और सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार साझा किए। अनिल विज ने बताया कि दिल्ली में आयोजित बैठक में केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस बैठक में सड़क दुर्घटनाओं और परिवहन सुधार के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि 80 प्रतिशत सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण मानव त्रुटियां हैं, जिनमें ड्राइवरों की अत्यधिक थकान एक बड़ी समस्या है।



**विचार**

**विज ने परिवहन सुधार और सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार साझा किए**

उन्होंने सुझाव दिया कि सड़कों के किनारे आरामगृह बनाए जाएं, जहां ड्राइवर आराम कर सकें और खाने-पीने की बेहतर सुविधाएं मिलें। हरियाणा टूरिज्म के साथ मिलकर सार्वजनिक परिवहन में गुणवत्तापूर्ण भोजन व्यवस्था उपलब्ध कराने पर भी काम किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि रेलवे की तर्ज पर खानपान सेवाओं को सुधारने के लिए अध्ययन किया जा रहा है।

आल इंडिया रोड ट्रांसपोर्टर्स के साथ हुई बैठक के बारे में उन्होंने कहा कि उनको निर्देश दिए गए हैं कि गाड़ियों की ओवरलोडिंग रोकें। नई सड़कों और राजमार्गों के निर्माण पर अनिल विज ने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में हरियाणा में सड़कों का व्यापक नेटवर्क तैयार किया गया है। नई सड़कों ने राज्य की कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाया है, जिससे आर्थिक विकास को गति मिली है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में भारत तेजी से प्रगति कर रहा है।



हरियाणा के पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव मंत्री राव नरबीर सिंह चंडीगढ़ में विभाग के अधिकारियों के साथ अरावली क्षेत्र में जंगल सफारी परियोजना को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

## 27 फरवरी से संचालित होंगी सैकेण्डरी, सीनियर सैकेण्डरी की परीक्षाएं

**चंडीगढ़:** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की सैकेण्डरी (शैक्षिक व मुक्त विद्यालय), सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक व मुक्त विद्यालय) एवं डी०एल०एड० प्रथम व द्वितीय वर्ष-2022 (रि-अपीयर) की परीक्षाएं 27 फरवरी, 2025 से संचालित होंगी। परीक्षाओं का तिथि-पत्र बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट ६६६.ँ्रं.ङ्र¢.्ल्न पर अपलोड कर दिया गया है। बोर्ड के प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सैकेण्डरी (शैक्षिक नियमित/ मुक्त रत्र व 28 फरवरी से आरम्भ होकर 19 मार्च, 2025 तक संचालित होंगी।

# हरियाणा को एक बार फिर मिली राष्ट्रीय स्तर पर पहचान

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़:** हरियाणा ने भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग द्वारा आयोजित लॉजिस्टिक ईज एक्रॉस डिफरेंट स्टेट्स (लीड्स) सर्वेक्षण 2024 में लैंडलॉक्ड स्टेट्स के लिए "अचीवर्स" श्रेणी में प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त किया है। हरियाणा को लगातार तीसरे वर्ष यह सम्मान प्रदान किया गया है, जो राज्य की लॉजिस्टिक्स नीति के माध्यम से लॉजिस्टिक्स अवसंरचना को बढ़ाने और लॉजिस्टिक्स पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने में प्रदेश के उत्कृष्ट प्रयासों को रेखांकित करता है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के प्रधान सचिव डी. सुरेश ने यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया। हाल ही में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा हरियाणा प्रदेश की उल्लेखनीय उपलब्धियों को मान्यता देते हुए नई दिल्ली में यह सम्मान प्रदान किया गया था। लीड्स सर्वेक्षण राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का उनके लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स सेवाओं, परिचालन और विनियामक वातावरण तथा स्थिरता और समतामूलक लॉजिस्टिक्स के आधार पर मूल्यांकन करता है। हरियाणा को इअचीवर्सइ श्रेणी में शामिल किया जाना राज्य की व्यापार-अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देने और देश में खुद को लॉजिस्टिक्स हब के रूप में स्थापित करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

**अचीवर्स**

**सभी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की योजना इस पोर्टल के माध्यम से बनाई जाए**

हरियाणा अपने विश्व स्तरीय लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर के कारण लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में अग्रणी बनकर उभरा है। राज्य ने अपने सड़क नेटवर्क, रेल संपर्क और अंतर्देशीय कंटेनर डिपो को बढ़ाने में पर्याप्त निवेश किया है। कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेस वे और नांगल चौधरी में एकीकृत मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स हब (आईएमएलएच) सहित प्रमुख परियोजनाओं ने कनेक्टिविटी को काफी बढ़ावा दिया है, जिससे पूरे क्षेत्र में लॉजिस्टिक्स का विकास हुआ है। पीएम गति शक्ति राज्य मास्टर प्लान (एसएमपी) पोर्टल के माध्यम से बुनियादी ढांचे की योजना बनाने में भी महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। हरियाणा ने अनिवार्य किया है कि 100 करोड़ रुपये से अधिक की सभी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की योजना इस पोर्टल के माध्यम से बनाई जाए।

# बिना पर्ची और बिना खर्ची पर वायरल हुआ नायब सैनी के बयान का वीडियो

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी का प्रदेश में पर्ची खर्ची खत्म करने को लेकर एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें उन्होंने अपने भतीजे का नौकरी को लेकर किस्सा सुनाया। उन्होंने कहा कि भतीजा आकर बोला कि चाचा नौकरी लगवा दो। इस पर मैंने कहा कि मेरे पास क्यों आए? मेहनत कर, नौकरी लग जाएगी। इस पर वहां बैठे पटवारियों ने तालियां बजाई। इसके साथ उन्होंने केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा के पूर्व सी एम

**योग्यता पर बल**

**भतीजा आकर बोला कि चाचा नौकरी लगवा दो। मैंने कहा कि मेरे पास क्यों आए? मेहनत कर, नौकरी लग जाएगी**

मनोहर खट्टर के पास नौकरी की सिफारिश लेकर जाने का भी किस्सा सुनाया। सी एम ने ये किस्से 7 जनवरी को पंचकूला में पटवारियों के राज्य स्तरीय सम्मेलन में सुनाए। इस दौरान उन्होंने 2500 से ज्यादा नए पटवारियों को नियुक्ति पत्र भी दिए थे। इस वीडियो को बीजेपी खूब प्रचारित-प्रसारित कर रही है। इसकी वजह भी है। इस वीडियो में वह बीजेपी सरकार के बिना पर्ची-खर्ची के नौकरियां दिए जाने का प्रमाण दे रहे हैं।

वीडियो में नायब सैनी कह रहे है कि मैं आपको एक बात बताता हूं। मैं अपनी बात बता रहा हूं। मेरा एक भतीजा है, एम बी ए कर रखी है, बी एस सी भी कर रखी। वो मेरे पास आया। बोला चाचा लगवा दो। मैंने कहा इतना खुला चल रहा है मामला, किसी को कहने की जरूरत ही नहीं। तू मेरे पास क्यों आया? भतीजे को कहा- मेहनत कर, लग जाएगा अपने आप। नहीं तो पहले हालत यह थी कि खबरों की हेडलाइन बन जाती थी कि फलाने मंत्री का बेटा नौकरी लग गया। जब रिजल्ट आता था तो लोग देखते थे कि हां भाई, लग गया। उन्होंने कहा कि जो गरीब पात्र व्यक्ति था वह छूट जाता था।

# साइबर सुरक्षा में देशभर में अग्रणी हरियाणा पुलिस

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़:** साइबर अपराधियों द्वारा ठगी गई राशि रोकने में देशभर में वर्ष-2024 में हरियाणा पुलिस अव्वल रही। हरियाणा पुलिस द्वारा साइबर ठगों के चंगुल से लगभग 268.40 करोड़ रुपए की राशि बचाई गई है जबकि वर्ष-2023 में 76.85 करोड़ रुपए की राशि बचाई गई। इस प्रकार साइबर अपराधियों से वर्ष-2023 की तुलना में वर्ष-2024 में तीन गुणा तथा वर्ष 2022 की तुलना में पांच गुना अधिक राशि बचाई गई। इसके लिए पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने साइबर हरियाणा की पूरी टीम को शुभकामनाएं दी है। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि हरियाणा पुलिस द्वारा साइबर अपराधियों के खिलाफ भी कड़ी कार्यवाही करते हुए उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचाया जा रहा है। वर्ष-2022 में साइबर अपराधियों के खिलाफ जहां 2165 मुकदमें दर्ज किए गए थे वही वर्ष-2023 में 2747 मुकदमें तथा वर्ष-2024 में 5511 मुकदमें दर्ज किए गए। इसी प्रकार, वर्ष 2022 में हरियाणा पुलिस द्वारा 1078, वर्ष-2023 में 1909 तथा वर्ष-2024 में 5156 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। वर्ष-2024 में गिरफ्तार किए गए अपराधियों में से 70 प्रतिशत (3555 अपराधी) अन्य राज्यों के रहने वाले हैं। वर्ष-2024 में हरियाणा पुलिस द्वारा रोजाना औसतन 14 साइबर अपराधी गिरफ्तार किए गए हैं। हरियाणा पुलिस द्वारा साइबर अपराधियों के चंगुल से बचाने के लिए ब्लॉक की गई राशि को पीड़ित के खाते में वापस करने के लिए भी प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। हरियाणा पुलिस के सार्थक प्रयासों के परिणामस्वरूप वर्ष 2023 में जहां साइबर फ्रॉड पीड़ितों को 33 करोड़ रुपये रिफंड किए गए थे, वहीं वर्ष 2024 में यह राशि नवंबर तक बढ़कर 95 करोड़ 45 लाख 14359 रुपये (करीब तीन गुना) हो गई है।

# देश के 50 प्रतिशत ट्रैक्टर, 60 प्रतिशत दोपहिया वाहनों का हरियाणा में होता है निर्माण: डॉ अरविंद

## भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने किया हरियाणा का प्रतिनिधित्व

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़:** सहकारिता, कारागार, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और सीएम नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा को देश में इज आफ डूइंग बिजनेस के लिए सबसे बेहतर स्थान मिला है, जिसकी बदौलत हरियाणा निवेशकों व उद्यमियों का पसंदीदा व्यापारिक स्थान बना है। दुनिया की 500 फार्च्यून कम्पनियों की उपस्थिति हरियाणा की भूमिका को महत्वपूर्ण बनाती है। हमें कृषि, मोटरवाहन निर्माण, सूचना प्रौद्योगिकी, दवा व विभिन्न विनिर्माण क्षेत्र में योगदान पर गर्व है। उन्होंने कहा कि आपको आश्चर्य होगा कि देश की दो तिहाई यात्री कारों का निर्माण हरियाणा में होता है। देश के 50 प्रतिशत ट्रैक्टर, 60 प्रतिशत दोपहिया वाहन निर्माण करते हुए हरियाणा को देश की वाहन निर्माण राजधानी का दर्जा मिला है। वीरवार को विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा भुवनेश्वर, उड़ीसा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुभारम्भ किए गए 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में हरियाणा के प्रतिनिधि के तौर पर शामिल हुए। सम्मेलन के एक सत्र में 50 से अधिक देशों के प्रवासी भारतीयों से संवाद करते हुए विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने



**सम्मेलन**

**सीएम सैनी के नेतृत्व में हरियाणा को देश में इज आफ डूइंग बिजनेस के लिए सबसे बेहतर स्थान मिला**

सिलसिलेवार तरीके से शिक्षा, खेल, व्यापार, युवाओं, महिलाओं, उद्यमियों को अवसर उपलब्ध कराने पर विस्तार से चर्चा की व प्रवासी भारतीयों को हरियाणा में आने का न्यौता दिया। हरियाणा के सहकारिता, कारागार, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा है कि आज यही हरियाणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 साल के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में व्यापारिक दृष्टिकोण से देश के विकास और अवसर की भूमि बन गया है, जहां प्रवासी भारतीयों के लिए सड़कों के जाल, मजबूत सुरक्षा व्यवस्था जैसे अनेकों कारणों से सर्वोत्तम माहौल देना सम्भव हुआ है। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रवासी भारतीय हमारे राष्ट्र का गौरव हैं, जो भारत की संस्कृति और मूल्यों को दुनिया के हर कोने में ले जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हरियाणा में बीते 10 साल में सड़कों के विछे जाल क्रांतिकारी परिवर्तन सामने आए हैं।

# कैथल से प्रयागराज कुंभ मेले के लिए 70 टन भोजन सामग्री के साथ 80 सेवादार रवाना

## तीन फरवरी तक गुरु गोरख नाथ अयोध्या प्रयागराज भंडारा ट्रस्ट करेगा आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**कैथल। प्रयागराज कुंभ में** लगने वाले मेले के लिए गुरुवार को कैथल से 70 टन भोजन सामग्री के साथ 80 सेवादार चार वाहनों में रवाना हुए। कुंभ मेले में ? गुरु गोरख नाथ अयोध्या प्रयागराज भंडारा ट्रस्ट तीन फरवरी तक श्रद्धालुओं के लिए भोजन का प्रबंध करेगी। सेवा धाराओं को खाद्य सामग्री के साथ भाजपा नेता व कैथल नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश गर्ग नौच व समाजसेवी बहादुर सैनी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसे मौके पर नगर परिषद् की अध्यक्ष सुरभि गर्ग भी विशेष रुप से मौजूद रही। ट्रस्ट के सदस्य श्रीराम, मोहिंद्र सैनी, सुरेंद्र गर्ग बिट्टू ने बताया कि श्री राम जन्म भूमि अयोध्या में भंडारा लगाने वाली धार्मिक संस्था गुरु गोरख नाथ अयोध्या, प्रयागराज भंडारा ट्रस्ट व अन्य धार्मिक संस्थाओं के सहयोग से विशाल भंडारे की सामग्री रवाना की गई है। इसमें 70 टन खादय.सामग्री सहित चार बड़े वाहनों को रवाना किया गया। इस भंडारे में लगभग 80 सेवादार भी साथ गए हैं। भंडारे में सब्जी, पुरी, कढ़ी, चावल, दाल, रोटी, हलवा, चाय, बिस्किट व जलेबी सहित विभिन्न प्रकार के व्यंजन वितरित किए जांएगे। इसके साथ 50 हलवाई व सामान से लद्दे वाहनों और श्रद्धालुओं के साथ बड़ी धूमधाम से शोभा यात्रा के साथ रवाना हुआ। अयोध्या में 13 दिन व प्रयागराज में 25 दिनों तक भंडारा लगाया जाएगा। 12 साल बाद आने वाले इस कुंभ मेले को लेकर लोगो में बड़ी श्रद्धा और उत्साह दिखाई दे रहा है। विश्व हिंदू परिषद् के पंकज के अनुरोध पर कैथल की धार्मिक संस्था गुरु गोरख नाथ अयोध्या प्रयागराज भंडारा ट्रस्ट की ओर से श्री राम जन्म भूमि अयोध्या में श्री राम रसोई का शुभारंभ भी किया जाएगा और प्रयागराज कुंभ मेले में विशाल भंडारा लगाया जाएगा। भंडारे में यह संस्थाएं कर रही हैं सहयोग- इस भंडारे में धार्मिक संस्था गुरु गोरख नाथ अयोध्या, प्रयागराज भंडारा ट्रस्ट, मां वैष्णो सेवा समिति, बफार्नी सेवा मंडल सहित अन्य धार्मिक भी सहयोग दे रही है। इन संस्थाओं से जुड़े श्रद्धालुओं चेयरमैन कैलाश भगत, सुरेंद्र गर्ग बिट्टू, श्री राम, मोहिंदर सैनी, बहादुर सैनी, लीला राम सैनी, बाबू राम, शशी सैनी, संत लाल, प्रेम चंद, रमेश, माम चंद शर्मा, कुलदीप शर्मा, विकास खेतरपाल, ललिल मेहता, सुरेश किछानिया, पवन, नवीन खेतरपाल, कस्तूरी लाल, कृष्ण लाल नायक, रामेश्वर, गणपत सिंह, रुलदू सैनी, संजय सैनी,




# साइबर अपराधों को रोकने में सरकार, प्रशासन के साथ उपभोक्ता की भी अहम भूमिकाः उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। उपायुक्त उत्तम सिंह** ने बताया कि बढ़ते हुए साईबर अटैक अथवा साईबर अपराधों को रोकने में सरकार, प्रशासन ही नहीं उपभोक्ता की भी बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। ऐसे हमलों को रोकने में उपभोक्ताओं की सजगता और सतर्कता की बहुत बड़ी भूमिका होती है। साईबर अटैक के लिए आवश्यक है कि उपभोक्ता, फोरम, वेबसाईट्स पर अपनी संवेदनशील जानकारी ईमेल आईडी, पासवर्ड, क्रेडिट कार्ड की डिटेल शेयर न करें। अपना पासवर्ड मजबूत रखें, कोई भी लिंक क्लिक करने से पहले देखें कि वह वेबसाईट ठीक है या नहीं। उन्होंने कहा कि सिस्टम की सुरक्षा के लिए अपने सिस्टम को अपडेट करते रहें और भरोसेमंद सॉफ्टवेयर इंस्टॉल करें।
उन्होंने बताया कि स्पैम मैसेज को खोलने से बचें और ओपन वाईफाई का इस्तेमाल न करें। साथ ही एक ही वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क का प्रयोग करें। आप एक सुरक्षित नेटवर्क से जुडकर सावधानी और सजगता बरतकर साईबर हमले अथवा अपराध की गिरफ्त में आने से बच सकते हैं। इसी कड़ी में पुलिस विभाग द्वारा भी साईबर अपराधों से निपटने के लिए हेल्पलाईन नम्बर 1930 शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि अटैकर्स कमजोर सिस्टम पर हमला करने और उस पर नियंत्रण करने के लिए मैलिसस कोड का सहारा लेते हैं। साईबर सिक्योरिटी पर अटैक अनेक प्रकार से किए जा सकते हैं। इसके लिए मैलवेयर, फिशिंग अटैक, डिनायल ऑफ सर्विस, मेन इन द मिडिल के माध्यम से किया जा सकता है। इसको सिस्टम को हैक करने, क्रिप्टो करेंसी के रूप में पैसे की मांग के लिए या फिर डार्क वेब पर डेटा बेचने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। इस तरह के हमलो में संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण जानकारी जो उपयोगकर्ता की वेबसाईट पर उपलब्ध है, उसे बिना किसी वेबसाईट या यूजर्स के ज्ञान के हाईजैक कर लिया जा सकता है। यदि आप इंटरनेट का उपयोग बैंकिंग से जुड़ी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए करते हैं, तो आपको अपने डिवाईस में साईबर सिक्योरिटी को ध्यान में रखते हुए एंटी वॉयरस को जरूर इंस्टॉल करना चाहिए।



# गाड़ी से टक्कर मारने के मामले में एक ओर आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। जान से मारने** की नियत से गाड़ी से टक्कर मारने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर पुलिस टीम ने एक ओर आरोपित गाड़ी चालक को गिरफ्तार किया हैं। जिसकी पहचान कालूराम उर्फ विक्रम वासी दांतिल थाना प्रागपुरा जिला कोटपुतली राजस्थान के रूप में हुई है। आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। इस मामले में पुलिस द्वारा दो आरोपित धर्मेंद्र उर्फ कालिया और जसवंत को गिरफ्तार किया था, जिनसे वारदात में प्रयोग की गई गाड़ी बरामद की थी। शिकायतकर्ता वासुदेव वासी नांगल सिरोही ने थाना सदर में शिकायत दर्ज कराई कि वह और मेरे साथ अमित व अनिल शाम आठ बजे के लगभग अपने घर पैदलझपैदल जा रहे थे। तब नहर पार करके और इंडियन आयल पंप से पहले पीछे से बुलेरो गाड़ी ने उन्हें टक्कर मारी और भाग गई। गाड़ी मे गांव के ही लोग थे, जिहोंने जान से मारने की नियत से टक्कर मारी और जिनके साथ उनके पहले भी दो मुकदमे चल रहे हैं। शिकायतकर्ता ने बताया कि इन्होंने पहले भी धमकी दे रखी है कि मुकदमे वापिस ले लो या फिर जान से मार दिए जाओगे। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला

# हरियाणा देश का तीसरा बड़ा साफ्टवेयर एक्सपोर्टर बना

**हब**
450 से अधिक आईटी कम्पनियां के साथ हरियाणा देश का तीसरा बड़ा साफ्टवेयर एक्सपोर्टर बना है

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी के मार्गदर्शन और सीएम नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा को देश में इज आफ डूइंग बिजनेस के लिए सबसे बेहतर स्थान मिला है, जिसकी बदौलत राज्य निवेशकों व उद्यमियों का पसंदीदा व्यापारिक स्थान बन गया है। दुनिया की 500 फार्च्यून कम्पनियों की उपस्थिति हरियाणा की भूमिका को महत्वपूर्ण बनाती हैं। हमें कृषि, मोटरवाहन निर्माण, सूचना प्रौद्योगिकी, दवा व विभिन्न विनिर्माण क्षेत्र में योगदान पर गर्व है। यह बातें उड़ीसा के भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए सहकारिता, कारागार, विरासत एंव पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने गुरुवार को कही। उन्होंने कहा कि आपको आश्चर्य होगा कि देश की दो तिहाई यात्री कारों का निर्माण हरियाणा में होता है। देश के 50 प्रतिशत ट्रैक्टर, 60 प्रतिशत दोपहिया वाहन निर्माण करते हुए हरियाणा को देश की वाहन निर्माण राजधानी का दर्जा मिला है। हमें राज्य के कृषि, मोटरवाहन निर्माण, सूचना प्रौद्योगिकी, दवा व विभिन्न विनिर्माण क्षेत्र में योगदान पर गर्व है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आज को भुवनेश्वर में प्रवासी भारतीय सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। जिसमें हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने एक सत्र में 50 से अधिक देशों के प्रवासी भारतीयों से संवाद किया। मंत्री ने सिलसिलेवार प्रदेश में शिक्षा, खेल, व्यापार, युवाओं, महिलाओं, उद्यमियों को अवसर उपलब्ध कराने पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने प्रवासी भारतीयों को हरियाणा में आने का न्यौता दिया। मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि बीते 10 सालों में हरियाणा व्यापारिक दृष्टिकोण से देश के विकास और अवसर की भूमि बन गया है, जहां प्रवासी भारतीयों के लिए सड़कों के जाल, मजबूत सुरक्षा व्यवस्था जैसे अनेकों कारणों से सर्वोत्तम माहौल देना सम्भव हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रवासी भारतीय हमारे राष्ट्र का गौरव हैं, जो भारत की संस्कृति और मूल्यों को दुनिया के हर कोने में ले जा रहे हैं।
कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि गुरुग्राम आईटी सेवाओं के प्रमुख केंद्र के तौर पर उभरा है, जहां तकरीबन ढाई लाख लोगों को रोजगार देने वाली 450 से अधिक आईटी कम्पनियां के साथ हरियाणा देश का तीसरा बड़ा साफ्टवेयर एक्सपोर्टर बना है। हरियाणा के दवा उद्योग में 4000 करोड़ रुपये के बाजार के साथ 250 से अधिक उद्योग शामिल हैं।

# सनपेड़ा के पास अवैध रूप से विकसित की जा रही कालोनी पर चला पीला पंजा

**गन्नौर। गांव सनपेड़ा** के पास करीब 2.75 एकड़ में अवैध रूप से विकसित की जा रही कालोनी पर वीरवार को जिला नगर योजनाकार विभाग ने पीला पंजा चला दिया। टीम ने कालोनी में बनाई गई कच्चे रास्तों को ध्वस्त करवा दिया। यह कार्यवाही शहरी क्षेत्र अधिनियम के तहत की गई है। जिला नगर योजनाकार अधिकारी अजमेर सिंह ने बताया कि भविष्य में भी अगर इस प्रकार की कोई अवैध कालोनी बनाने का प्रयास किया गया तो उसे भी इसी तरह तोड़ा जाएगा।


रेलयात्री कृपया ध्यान दें!
महत्वपूर्ण सूचना

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियाँ नीचे दी गई समय–सारणी के अनुसार चलाई जाएंगी–

रेलगाड़ी संख्या 09525/09526 हापा-नाहरलगुन-हापा विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)

| रेलगाड़ी सं. 09525 आगमन | रेलगाड़ी सं. 09525 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09526 आगमन | रेलगाड़ी सं. 09526 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| — | 00:40 | हापा | 00:30 | — |
| 11:10 | 11:20 | वाराणसी | 14:10 | 14:15 |
| 16:00 | — | नाहरलगुन | — | 10:00 |

**चलने के दिनः 09525 हापा से** प्रत्येक बुधवार को दिनांक 22.01.2025 (29.01.2025, 05.02.2025 एवं 12.02.2025 को छोड़कर) से अगले आदेश तक और **09526 नाहरलगुन** से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 11.01.2025 (18.01.2025, 01.02.2025, 08.02.2025 एवं 15.02.2025 को छोड़कर) से अगले आदेश तक।
**स्थानः** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहरावः** राजकोट, वांकानेर जं., सुरेंद्रनगर, अहमदाबाद, नडियाद, आणंद, छायापुरी, गोधरा, रतलाम, नागदा, उज्जैन, मक्सी जं., शाजापुर, ब्यावरा राजगढ़, रुठियाई जं., गुना जं., शिवपुरी, ग्वालियर, भिण्ड, इटावा, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., झानपुर रोड, बनारस, गाजीपुर शहर, बलिया, छपरा, हाजीपुर, शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., नवगछिया, कटिहार, बारसोई, किशनगंज, न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू कोचबिहार, कोकराझार, न्यू बंगाईगाँव, बरपेटा रोड, रंगिया जं., उदालगुड़ी, न्यू मिसामारी, रंगापाडा नॉर्थ और हारमती जं. स्टेशन।

रेलगाड़ी संख्या 05049/05050 छपरा-अमृतसर-छपरा विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)

| रेलगाड़ी सं. 05049 आगमन | रेलगाड़ी सं. 05049 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05050 आगमन | रेलगाड़ी सं. 05050 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| — | 10:15 | छपरा | 23:55 | — |
| 13:50 | --- | अमृतसर | --- | 17:45 |

**चलने के दिनः 05049 छपरा से** प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 07.02.2025 (14.02.2025 को छोड़कर) से अगले आदेश तक और **05050 अमृतसर से** प्रत्येक शनिवार को 08.02.2025 (15.02.2025 को छोड़कर) से अगले आदेश तक। **स्थानः** 3 टियर वाता. एवं शयनयान
**ठहरावः** सीवान जं., थावे जं., तमकुही रोड, पडरौना, कप्तानगंज जं., गोरखपुर जं., खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा जं., बुढ़वल जं., सीतापुर, बरेली, मुरादाबाद जं., सहारनपुर जं., अंबाला कैंट, ढंडारी कलां, जलंधर सिटी और ब्यास स्टेशन।

रेलगाड़ी संख्या 05305/05306 छपरा-आनन्द विहार(टर्मि.)-छपरा विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में 02 दिन)

| रेलगाड़ी सं. 05305 आगमन | रेलगाड़ी सं. 05305 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05306 आगमन | रेलगाड़ी सं. 05306 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 22:00 | छपरा | 22:50 | — |
| 22:10 | — | आनन्द विहार (टर्मि.) | — | 00:20 |

**चलने के दिनः 05305 छपरा से** प्रत्येक सोमवार एवं गुरूवार को दिनांक 17.02.2025 (24.02.2025 एवं 27.02.2025 को छोड़कर) से अगले आदेश तक और **05306 आनन्द विहार(टर्मि.) से** प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को दिनांक 19.02.2025 (26.02.2025 एवं 01.03.2025 को छोड़कर) से अगले आदेश तक।
**स्थानः** 3 टियर वाता. एवं शयनयान
**ठहरावः** सीवान जं., थावे जं., तमकुही रोड, पडरौना, कप्तानगंज जं., गोरखपुर जं., खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, मनकापुर जं., गोंडा जं., बाराबंकी जं., बादशाहनगर, ऐशबाग, कानपुर सेंट्रल और इटावा जं. स्टेशन।

रेलगाड़ी संख्या 05057/05058 गोरखपुर-दिल्ली जं.-गोरखपुर विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)

| रेलगाड़ी सं. 05057 आगमन | रेलगाड़ी सं. 05057 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05058 आगमन | रेलगाड़ी सं. 05058 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| — | 22:45 | गोरखपुर | 06:25 | — |
| 12:50 | — | दिल्ली जं. | — | 14:00 |

**चलने के दिनः 05057 गोरखपुर से** प्रत्येक गुरूवार को दिनांक 06.02.2025 (13.02.2025 एवं 27.02.2025 को छोड़कर) से अगले आदेश तक और **05058 दिल्ली जं. से** प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 07.02.2025 (14.02.2025 एवं 28.02.2025 को छोड़कर) से अगले आदेश तक।
**स्थानः** 3 टियर वाता. एवं शयनयान
**ठहरावः** खलीलाबाद, बस्ती, बुढ़वल, सीतापुर, बरेली, मुरादाबाद एवं गाजियाबाद स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि विस्तृत समय-सारणी एवं ठहराव सहित किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें


# सुदेश शर्मा के मार्गदर्शन में जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) जिला एवं** सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पानीपत सुदेश शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में सेशन डिवीजन, पानीपत में वीरवार को जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, पानीपत द्वारा टोल प्लाजा पर जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण ने स्माइल फाउंडेशन सोसाइटी के सहयोग से किया! इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पानीपत सुदेश कुमार शर्मा मौजूद रहे। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पानीपत सचिव मीनू, महेंद्र सिंह, सी. जे. एम., अधीक्षक गगनदीप सिंह, जिला बार एसोसिएशन प्रेजिडेंट, अमित कादियान, डी. एस. पी. ट्रैफिक सुरेश सैनी, पानीपत रोडवेज डिपो के जी. एम. विक्रम कम्बोज एवं स्माइल फाउंडेशन की अध्यक्ष सुनीता सिवाच व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य लोगों को यातायात के नियमों के बारे में जागरूक करना तथा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (ठअछरअ) के टोल फ्री नंबर 15100 के महत्व के बारे में अवगत करवाना था। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुदेश कुमार शर्मा ने वहाँ उपस्थित सभी अधिकारियो, कर्मचारीयों एवं वाहन चालकों को यातायात से सम्बन्धित अधिकारों एवं जिम्मेदारीयों की शपथ भी दिलवाई। उन्होंने बताया कि कैसे रिफ्लेक्टर का उचित उपयोग करके सड़क दुर्घटनायों को रोका जा सकता है। उन्होंने स्वयं सभी सरकारी, प्राइवेट बसों व अन्य वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए। जिला सत्र एवं न्यायाधीश सुदेश कुमार शर्मा ने लोगों को जागरूक करते हुए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (ठअछरअ) के टोल फ्री नंबर 15100 कि अहमियत बताई और कहा कि इस हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करके, कॉल करने वाले व्यक्ति को विभिन्न विकल्पों के जरिये नेविगेट करने और राज्य या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से जुड़ने में मदद मिलती हैं। इस हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करके, कोई भी व्यक्ति तत्काल कानूनी सहायता पा सकता हैं। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पानीपत सुदेश शर्मा,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव मीनू, महेंद्र सिंह, सी. जे. एम., अधीक्षक गगनदीप सिंह, जिला बार एसोसिएशन प्रेजिडेंट अमित कादियान ने नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 के स्टीकर सभी सरकारी, प्राइवेट वाहनों पर लगाएं। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, सुदेश कुमार शर्मा ने वहाँ उपस्थित सभी ट्रैफिक कर्मचारियों के कार्य की सराहनीय करते हुए, उन्हें ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालना करने की सलाह देते हुए गुलाब के फूल देकर प्रोत्साहित भी किया।




# एसपी ने पांच गांवों को किया ड्रग्स मुक्त घोषित

**टीम एक्शन इंडिया**
**जींद। गांव भूरायण** में गुरूवार को नशा मुक्ति अभियान के तहत विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गांव के राजकीय विद्यालय में आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में भूरायण गांव के सरपंच जोगिंद्र, खरकगागर के सरपंच बलजीत, कलावती से सरपंच प्रतिनिधी रामनिवास, मुहम्मदखेड़ा के सरपंच रामफूल, मलार के सरपंच मनजित के अलावा पांचों गांव के गणमान्य व्यक्ति व महिलाएं मौजूद रही। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने गांव के खेल स्टेडियम के द्वार पर एक बोर्ड भी बनवाया। जिस पर विशेष तौर पर ड्रग्स व हिंसा मुक्त गांव लिखा गया। जो युवाओं को नशे से दूर रखेगा व उन्हें प्रेरणा देगा कि उनका गांव ड्रग्स व हिंसा मुक्त है। एसपी ने इस बोर्ड को रिबन काट कर उद्घाटन किया। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान में आमजन के सहयोग की भागीदारी होनी अति आवश्यक है। समाज से बुराइयों का खात्मा करने के लिए जनप्रतिनिधि व सकारात्मक सोच वाले व्यक्तियों की सख्त जरूरत है। उन्होंने बताया कि नशा न केवल स्वास्थ्य को प्रभावित करता है बल्कि यह अपराध को भी जन्म देता है। नशा करने और बेचने वाले दोनों व्यक्ति समूह को अपराध की श्रेणी में रखा गया है। उन्होंने युवाओं, शिक्षकों और ग्रामवासियों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया और नशा मुक्त समाज की दिशा में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशामुक्त गांव बनाने के लिए किसी एक दिन का कार्यक्रम न बना कर लगातार प्रयास करना होगा। नशे के खिलाफ अपना सूचना तंत्र मजबूत करें। नशा बेचने वाले व खरीदने वाले लोगों को चिन्हित कर पुलिस प्रशासन को इसकी सूचना दें।



# लोगों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**विधायक मनमोहन** भड़ाना ने बुधवार को हलके के सनौली खुर्द,पसीना कलां, छाजपुर, जालपाड,नूरपुर गढी,गोयला आदि विभिन्न गांवों के ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनका मौके पर समाधान करने के निर्देश दिए हैं। इससें पूर्व विधायक मनमोहन भड़ाना ने गांवों में समर्थकों के घर शोक व्यक्त करने पहुंचें और मृतकों के परिजनों को सांत्वना भी दी। विधायक मनमोहन भड़ाना ने सनौली खुर्द गांव में मांगेराम नंबरदार की शोक सभा में दुख प्रकट करने के उपरांत ग्रामीणों की समस्या सुनते हुए कहा कि जन प्रतिनिधि के नाते लोगों की समस्याओं का समाधान करवाना उनका दायित्व है। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि लोगों की समस्याओं के समाधान में कोई तकनीकी या अन्य समस्या आ रही है तो उस बारे उन्हें अवगत करवाएं। जनसुनवाई के दौरान लोगों ने विधायक से बिजली, सडक, पानी, बरसाती पानी की निकासी व अन्य समस्याओं से संबंधित लिखित प्रार्थना पत्र देकर अपनी समस्या का निदान कराने का अनुरोध किया। जिनका विधायक विधायक मनमोहन भड़ाना ने समाधान कराने का आश्वासन दिया।

# बलजीत साल्यान को अमरीका की मैरीलैंड स्टेट यूनीवर्सिटी ने पीएचडी की उपाधि प्रदान की

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। अमरीका** स्थित केलिफोर्निया की मैरीलैंड स्टेट यूनीवर्सिटी ने देश के जाने माने समाजसेवी बलजीत साल्यान को सामाजिक कार्यों तथा बिजनैस प्रबंधन में डाक्टर और फिलोसिफी की उपधि से अलंकृत किया है। बलजीत साल्यान को पीएचडी की उपाधि से सम्मानित कर उनकी सेवा को इंटरनैशनल पहचान दी है। बलजीत साल्यान लंबे समय तक लायंस क्लब रायल के अध्यक्ष हैं। उनकी सेवा के लिए लायंस इंटरनैशनल ने उन्हें जर्मनी सहित विभिन्न देशों में सम्मानित किया है। वह 24 साल से लायंस क्लब के साथ जुड़े हुए हैं। वह करनाल में भी तमाम ससमाजसेवी संसथाओं से जुडे हुए हैं। वह मूल रूप से करनाल के मंजूरा गांव से है। उन्होंने हरियाणा में सबसे पहले इमीग्रेशन सेवा शुरू की थी। आज करनाल में हजारों बच्चों को विदेश में रोजगार के क्षेत्र में स्थापित करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। वह अखिल भारतीय प्रतिमा रक्षा सम्मान समिति, निफा, हिफा जैसी कई संस्थाओं के महत्वपूर्ण अंग रहे हैं।




# समाधान शिविर में जनता की समस्या का हो रहा समाधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। स्थानीय लघु** सचिवालय स्थित एसडीएम कार्यालय में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एसडीएम संजीव कुमार ने नागरिकों की समस्याएं सुनी व संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि शिकायतों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और लोगों को समयबद्ध सेवा प्रदान की जाए। एसडीएम संजीव कुमार ने कहा कि समाधान शिविर का उद्देश्य है कि लोगों की समस्याओं को त्वरित और प्रभावी तरीके से हल किया जा सके। हमारा प्रयास है कि प्रशासन और जनता के बीच एक मजबूत संवाद स्थापित हो। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर की शिकायतों की प्रभावी मॉनिटरिंग की जा रही हैं। विभागों द्वारा पूरी गंभीरता के साथ शिकायतों पर एक्शन लेते हुए उनका समाधान किया जा रहा है। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के दिशा-निदेर्शा के अनुसार जिले में जिला स्तरीय व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर को लेकर प्रशासन पूरी तरह से गंभीरता के साथ कार्य कर रहा है व नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना ही प्रशासन का ध्येय है।


पूर्वोत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/रिपेयर, वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक, यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिये आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **ई-निविदा सूचना सं0 एवं निविदा कार्य का विवरणः** टेण्डर नं.-"32-जीकेपी-एमडब्लूएस-2024-25-1" "पीओएच ऑफ 4-व्हीलर टावर वैगन क्यूमिंस इंजन माडल एनटी-855आर (क्वानटिटी-02 नंबर्स), हिन्दुस्तान ट्रांसमिसन/एवटेक माडल सीआरटी-5633 (क्वानटिटी-02 नंबर्स), कम्पलीट पीओएच ऑफ स्वीवेलिंग प्लेटफार्म विद डीजी सेट (क्वानटिटी-02 नंबर्स) एण्ड कम्पलीट पीओएच ऑफ बोथ कैब कंट्रोल स्टैन्ड एण्ड कोच रीवाइरिंग (क्वानटिटी-02 नंबर्स) एट मैकेनिकल वर्कशॉप गोरखपुर", **अनुमानित लागत (₹में):** ₹ 76,77,009.02, **धरोहर राशि (₹ में):** ₹ 1,53,600.00, **निविदा समापन की तिथि एवं अवधिः** 11.00 बजे, 31.01.2025, **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** शून्य, **संविदा की अवधिः** 12 माह, **नोटः** उपरोक्त ई-निविदाओं का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट संख्या http://www.ireps.gov.in पर देखें।
उपमुयांइ/रिपेयर, यांत्रिक कारखाना
मुजाधि/यांत्रिक-105 गोरखपुर
"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

# संपादकीय

## ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस को मात दे पायेगा भारत

**मानव मेटान्यूमोवायरस** एक वैश्विक स्वास्थ्य चिंता के रूप में उभरा है, विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और प्रतिरक्षाविहीन व्यक्तियों जैसे कमजोर आबादी के लिए। पहली बार 2001 में पहचाना गया, मानव मेटान्यूमोवायरस दुनिया भर में महत्वपूर्ण श्वसन संक्रमण का कारण बनता है, जिससे अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु दर, विशेष रूप से कम आय वाले देशों में होती है। मानव मेटान्यूमोवायरस जैसे वायरल प्रकोपों के कारण बढ़ती चुनौतियाँ सामने आ रही हैं, प्रभावी प्रबंधन के लिए नियामक ढाँचों को मजबूत करना महत्वपूर्ण है। विशेष रूप से मौसमी प्रकोपों के दौरान अपने व्यापक प्रसार के कारण मानव मेटान्यूमोवायरस महत्वपूर्ण वैश्विक स्वास्थ्य चिंता बन गया है। वायरस का प्रभाव क्षेत्रों में बढ़ने के कारण लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहा है। चीन में बढ़ी हुई निगरानी ने मानव मेटान्यूमोवायरस मामलों में वृद्धि का खुलासा किया है, विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों में, जो पता लगाने की दरों में वृद्धि का संकेत देता है। हालाँकि पहली बार 2001 में पहचाना गया, मानव मेटान्यूमोवायरस ने दुनिया भर में बढ़ते श्वसन संक्रमण के कारण ध्यान आकर्षित किया है, जिससे अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु दर बढ़ रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट है कि मानव मेटान्यूमोवायरस वैश्विक स्तर पर अस्पताल में भर्ती होने वाले लोगों का 3%-10% हिस्सा है, जिसमें पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वायरस अक्सर फ्लू के मौसम में तेजी से फैलता है, जिससे श्वसन संक्रमण में वृद्धि होती है, जिससे यह मौसमी स्वास्थ्य खतरा बन जाता है। चीन में, फ्लू का मौसम मानव मेटान्यूमोवायरस के मामलों में वृद्धि के साथ मेल खाता है, जिससे अस्पताल में भर्ती होने और मीडिया कवरेज में वृद्धि होती है। वर्षों से प्रचलन में होने के बावजूद भारत सहित कई देशों में मानव मेटान्यूमोवायरस के लिए व्यापक और किफायती परीक्षण बुनियादी ढांचे का अभाव है। जबकि वैश्विक एजेंसियां मानव मेटान्यूमोवायरस की निगरानी करती हैं, फिर भी कई क्षेत्रों में इसका पता लगाने और रिपोर्ट करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिससे शुरूआती हस्तक्षेप प्रभावित होते हैं। वायरस पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों जैसे कुछ कमजोर समूहों को असमान रूप से प्रभावित करता है। मानव मेटान्यूमोवायरस छोटे बच्चों, विशेष रूप से पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों को असमान रूप से प्रभावित करता है, जिन्हें गंभीर बीमारी और अस्पताल में भर्ती होने का अधिक जोखिम होता है। बुजुर्ग, विशेष रूप से वे जिन्हें पहले से कोई स्वास्थ्य समस्या है, मानव मेटान्यूमोवायरस संक्रमण से गंभीर परिणामों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। चीन में, बुजुर्गों में मानव मेटान्यूमोवायरस के मामलों में वृद्धि के कारण अस्पताल में भर्ती होने की संख्या बढ़ी है, जिससे वृद्ध आबादी की कमजोरी उजागर हुई है। कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों को मानव मेटान्यूमोवायरस से गंभीर संक्रमण का अधिक जोखिम होता है, जिसके लिए गहन चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता होती है। एचएमपीवी के कारण होने वाली मौतें शिशुओं और प्रतिरक्षाविहीन लोगों सहित कमजोर समूहों में उल्लेखनीय रूप से अधिक हैं। पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए मृत्यु दर 1% है, जो विकसित और विकासशील दोनों देशों में उच्च जोखिम वाली आबादी पर वायरस के प्रभाव के बारे में चिंताएँ पैदा करती है।

# कितना सही है राष्ट्रगान पर विवाद खड़ा करना





-प्रियंका सौरभ

"महत्वपूर्ण सरकारी आयोजनों में राष्ट्रगान बजाने से नागरिकों में सामूहिक पहचान, एकता और देशभक्ति की भावना प्रबल होती है। यह क्षेत्रीय, भाषाई और सांस्कृतिक मतभेदों से परे साझा राष्ट्रीय मूल्यों और आकांक्षाओं की प्रतीकात्मक याद दिलाता है। राष्ट्रगान को अनिवार्य बनाना संविधान के अनुच्छेद 51 (ए) (ए) के अनुरूप है, जो प्रत्येक नागरिक के राष्ट्रगान का सम्मान करने के मौलिक कर्तव्य को सुनिश्चित करता है। प्रमुख आयोजनों में इसका समावेश राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान करने और सार्वजनिक जीवन में सम्मान और जवाबदेही की संस्कृति को बढ़ावा देने के महत्व को रेखांकित करता है भ्रम से बचने और राज्यों और संस्थानों में एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए आधिकारिक आयोजनों में राष्ट्रगान बजाने के लिए स्पष्ट और सुसंगत दिशा-निर्देश जारी करने चाहिए"

**महत्वपूर्ण सरकारी आयोजनों में राष्ट्रगान** बजाने से नागरिकों में सामूहिक पहचान, एकता और देशभक्ति की भावना प्रबल होती है। यह क्षेत्रीय, भाषाई और सांस्कृतिक मतभेदों से परे साझा राष्ट्रीय मूल्यों और आकांक्षाओं की प्रतीकात्मक याद दिलाता है। राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण अधिनियम, 1971 के तहत राष्ट्रगान का जानबूझकर अपमान या अवमानना करने पर 3 साल तक की कैद, जुमार्ना या दोनों का प्रावधान है। राष्ट्रगान न बजाने या न गाने पर तब तक सजा नहीं मिलती जब तक कि यह जानबूझकर किया गया अनादर न हो। 2019 में, मद्रास उच्च न्यायालय ने एक आधिकारिक समारोह में राष्ट्रगान न बजाने के लिए सजा की मांग करने वाली याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें सभी अवसरों पर इसे गाने या बजाने को लागू करने के लिए कानूनी जनादेश की कमी का हवाला दिया गया। तमिलनाडु राज्यपाल आर.एन. रवि के तमिलनाडु विधानसभा से अपना पारंपरिक सम्बोधन दिए बिना चले गए। राज्यपाल का प्रस्थान उनके निर्धारित सम्बोधन से पहले राष्ट्रगान नहीं बजाए जाने के विरोध में था, जिसे वे आवश्यक मानते थे। तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि ने विधानसभा में साल के पहले सत्र का उद्घाटन भाषण दिए बिना ही सदन से वॉकआउट कर दिया। उन्होंने कहा कि उनके भाषण से पहले राष्ट्रगान नहीं बजाया गया। पिछले साल भी उन्होंने अपना अभिभाषण पढ़ने से इनकार कर दिया था।

तमिलनाडु विधानसभा में राज्य गान सबसे पहले होता है। सत्र की शुरूआत राज्य गान, तमिल थाई वाझथु और अंत में राष्ट्रगान बजाने से होती है। राज्यपाल के अभिभाषण के बाद राष्ट्रगान बजाया जाता है। यह प्रथा जुलाई 1991 से चली आ रही है, जिसे जयललिता के नेतृत्व वाली सरकार के दौरान शुरू किया गया था। इससे पहले, राज्यपाल बिना किसी राष्ट्रगान के अपना अभिभाषण देते थे। राज्यपाल आर.एन. रवि ने अपना अभिभाषण दिए बिना विधानसभा से यह कहते हुए वॉकआउट कर दिया कि उनके आगमन पर केवल राज्य गान बजाया गया था, राष्ट्रगान नहीं। उन्होंने कहा कि यह संविधान और राष्ट्रगान दोनों का अपमान है। नागालैंड में दशकों तक विधानसभा में राष्ट्रगान नहीं बजाया गया था और फरवरी 2021 में आर.एन. रवि के राज्यपाल के रूप में कार्यकाल के दौरान ही इसे पेश किया गया था। त्रिपुरा में विधानसभा में पहली बार मार्च 2018 में राष्ट्रगान बजाया गया था। अन्य राज्यों की विधानसभाएँ राष्ट्रगान बजाने के लिए सख्त प्रोटोकॉल का पालन नहीं करती हैं। राष्ट्रगान का सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का मौलिक कर्तव्य बताया गया है। हालांकि, यह विशिष्ट अवसरों पर इसे गाना या बजाना अनिवार्य नहीं बनाता है।

संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान राष्ट्रगान तब बजाया जाता है जब राष्ट्रपति मंच पर पहुँचते हैं। अभिभाषण के दौरानराष्ट्रपति मुद्रित अभिभाषण पढ़ते हैं, उसके बाद यदि आवश्यक हो तो दूसरा संस्करण पढ़ते हैं, जिसे राज्यसभा के सभापति पढ़ते हैं। अभिभाषण के बादराष्ट्रपति के हॉल से जाने से पहले फिर से राष्ट्रगान बजाया जाता है।

भारत का संविधान राष्ट्रगान के सम्मान के बारे में मौलिक कर्तव्यों के तहत अनुच्छेद 51 (ए) (ए) प्रत्येक नागरिक को संविधान का पालन करने और राष्ट्रगान, राष्ट्रीय ध्वज और अन्य राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान करने का आदेश देता है। गृह मंत्रालय के आदेश उन अवसरों को निर्दिष्ट करते हैं जब राष्ट्रगान बजाया जाना चाहिए, जैसे कि नागरिक और सैन्य अलंकरण, परेड, राष्ट्रपति या राज्यपाल के आगमन / प्रस्थान और औपचारिक राज्य समारोहों के दौरान राष्ट्रगान बजाने के बारे में निर्दिष्ट किया गया है? विशेष अवसरों पर राष्ट्रगान को पूरा बजाया जाना चाहिए। नागरिक और सैन्य निवेश के दौरान। जब राष्ट्रपति या राज्यपाल को राष्ट्रीय सलामी दी जाती है। परेड के दौरान, राष्ट्रीय ध्वज फहराने या रेजिमेंटल रंग प्रस्तुतियों के दौरान। राष्ट्रपति के औपचारिक राज्य समारोहों से आने या जाने पर।

ऑल इंडिया रेडियो पर राष्ट्र के नाम राष्ट्रपति के सम्बोधन से पहले और बाद में। न्यायालयों ने देखा है कि राष्ट्रगान सम्मान का हकदार है, लेकिन सभी अवसरों पर इसका गाना या बजाना अनिवार्य नहीं है जब तक कि स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट न किया जाए। उदाहरण के लिए, सिनेमा स्क्रीनिंग के दौरान, सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया कि राष्ट्रगान बजाना अनिवार्य नहीं है, बल्कि इसे प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

**राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण** अधिनियम, 1971 के तहत राष्ट्रगान का जानबूझकर अपमान या अवमानना करने पर 3 साल तक की कैद, जुमार्ना या दोनों का प्रावधान है। राष्ट्रगान न बजाने या न गाने पर तब तक सजा नहीं मिलती जब तक कि यह जानबूझकर किया गया अनादर न हो। 2019 में, मद्रास उच्च न्यायालय ने एक आधिकारिक समारोह में राष्ट्रगान न बजाने के लिए सजा की मांग करने वाली याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें सभी अवसरों पर इसे गाने या बजाने को लागू करने के लिए कानूनी जनादेश की कमी का हवाला दिया गया। राष्ट्रीय ध्वज फहराने जैसे अवसरों पर सामूहिक गायन की आवश्यकता होती है। जैसे कोई सांस्कृतिक या औपचारिक समारोह (परेड के अलावा) । सरकारी या सार्वजनिक समारोहों में राष्ट्रपति का आगमन और प्रस्थान। आधिकारिक समारोहों में राष्ट्रगान बजाना अनिवार्य नहीं है? उदाहरण के लिए, 2019 में मदुरै में आयोजित एक समारोह के दौरान जिसमें प्रधानमंत्री, तमिलनाडु के राज्यपाल और मुख्यमंत्री शामिल हुए थे, राष्ट्रगान नहीं बजाया गया था। राष्ट्रगान नहीं बजाने पर सजा की मांग करने वाली याचिका को मद्रास उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया था। न्यायालय ने कहा कि राष्ट्रगान का उपयोग प्रथागत है और कानून द्वारा अनिवार्य नहीं है।

महत्वपूर्ण सरकारी आयोजनों में राष्ट्रगान बजाने से नागरिकों में सामूहिक पहचान, एकता और देशभक्ति की भावना प्रबल होती है। यह क्षेत्रीय, भाषाई और सांस्कृतिक मतभेदों से परे साझा राष्ट्रीय मूल्यों और आकांक्षाओं की प्रतीकात्मक याद दिलाता है।

राष्ट्रगान को अनिवार्य बनाना संविधान के अनुच्छेद 51 (ए) (ए) के अनुरूप है, जो प्रत्येक नागरिक के राष्ट्रगान का सम्मान करने के मौलिक कर्तव्य को सुनिश्चित करता है। प्रमुख आयोजनों में इसका समावेश राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान करने और सार्वजनिक जीवन में सम्मान और जवाबदेही की संस्कृति को बढ़ावा देने के महत्त्व को रेखांकित करता है को भ्रम से बचने और राज्यों और संस्थानों में एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए आधिकारिक आयोजनों में राष्ट्रगान बजाने के लिए स्पष्ट और सुसंगत दिशा-निर्देश जारी करने चाहिए। जागरूकता और सम्मान को बढ़ावा दें, एक एकीकृत प्रतीक के रूप में राष्ट्रगान के महत्त्व पर जोर देते हुए जागरूकता अभियान चलाएँ, बिना किसी बाध्यता या विवाद के स्वैच्छिक सम्मान और भागीदारी को बढ़ावा दें।

# कविता

## अब अंधेरे का जवाब उजालों से दीजिए

लाख कोशिशों से कुछ ना हो क्या कीजिए
मत सोचिए छोड़ सब ऊपर वाले पे दीजिए।

अब इस जमाने को बाजार ही समझिए
सलाह थोक में मदद ब्याज में लीजिये।

कब तक रूठी रहेगी किस्मत आपसे इरादों से
चट्टानों को रेत में बदल दीजिये।

जिंदगी मिली है तमाशा तो न बनाइये
बाजुओं के दम से उसे मुठ्ठि में कीजिये।

जमाना जाने जमाना क्या सोचता है मेरे बारे में,
अब अंधेरे का जवाब उजालों से दीजिए।

पीठ पर खंजर चलाने का है रिवाज यहां पीठ
को अपनीं सख्त ढाल में बदल दीजिये।

आए हो तो कुछ नायाब करके जाइए
खुदा नही संजीव उसके बंदे जैसे बन जाइए।

संजीव

## गायब होती बेटियाँ: आखिर किसकी बन रहीं शिकार

-डॉ सत्यवान सौरभ

**भारत में** बेटियों की सुरक्षा हमेशा से ही सबसे गंभीर मुद्दा रहा है। इसे लेकर कई कानून भी बनाए गए हैं, लेकिन बावजूद इसके देश में लड़कियों के लापता होने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार के अनुसार भारत में पिछले दो साल के बीच 15.13 लाख से ज्यादा लड़कियाँ और महिलाएँ लापता हुईं हैं। अब ये महिलाएँ कहाँ गई, इनके साथ क्या हुआ, इसके बारे में किसी को कुछ भी नहीं पता है। इन लापता लड़कियों में 18 साल से कम और उससे ज्यादा दोनों उम्र की महिलाएँ शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में हर रोज 345 लड़कियाँ गायब हो जाती हैं। इनमें 170 लड़कियाँ किडनैप होती हैं, 172 लड़कियाँ लापता होती हैं और लगभग 3 लड़कियों की तस्करी कर दी जाती हैं। इनमें से कुछ लड़कियाँ तो मिल जाती हैं, लेकिन बड़ी संख्या में लापता, किडनैप और तस्करी की गई लड़कियों का कुछ पता नहीं चलता। इस संख्या की गणना गुमशुदा महिलाओं और लड़कियों के सम्बंध में पुलिस स्टेशनों में दर्ज रिपोर्टों के आधार पर की है। हालांकि सामाजिक कार्यकताओं का कहना है कि असल संख्या अधिक हो सकती है क्योंकि कई परिवार सामाजिक कलंक समेत विभिन्न कारणों से लापता लड़कियों की रिपोर्ट दर्ज नहीं कराते हैं। आंकड़ों के अनुसार सबसे ज्यादा महिलाएँ मध्य प्रदेश से लापता हुई हैं। एमपी के बाद लिस्ट में दूसरा स्थान बंगाल का है। इन राज्यों के अलावा राजधानी दिल्ली में भी लड़कियों और महिलाओं के गायब होने के कई मामले सामने आए हैं। आंकड़ों की मानें तो केंद्र शासित प्रदेशों में राजधानी दिल्ली इस लिस्ट में सबसे ऊपर है। रिपोर्ट चौंकाने वाली है। जो लड़कियाँ गायब होती हैं, उनमें से अधिकतर का पता नहीं चल पाता कि उनके साथ क्या हुआ है? वे कहाँ गई हैं? लापता होने के पीछे राज क्या हैं? 16 दिसम्बर 2012 को दिल्ली के निर्भया कांड ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। इस घटना के बाद महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े कई कठोर कानून बनाए गए, लेकिन सवाल ये है कि क्या कानूनों के बनाए जाने के बाद भी देश में महिलाओं की स्थितियाँ सुधरी हैं या महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों में कोई कमी नजर आई है भारत में महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा को लेकर कई कानून बनाए गए हैं। देश में हो रहे यौन अपराध को रोकने के लिए पुराने कानूनों में संशोधन भी किया गया और उसे कठोर भी बनाया गया है। इसके अलावा देश में 12 साल से कम उम्र की लड़कियों के साथ रेप की घटना में दोषी को मृत्युदंड सहित कई कठोर दंडात्मक प्रावधान भी तय किए गए हैं। देश भर में महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई पहल की हैं, जिसमें यौन अपराधों के खिलाफ प्रभावी रोकथाम के लिए आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम, 2013 शामिल है। इसके अलावा, आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम, 2018 को 12 साल से कम उम्र की लड़कियों के बलात्कार के लिए मौत की सजा सहित और भी अधिक कठोर दंड प्रावधानों को-को निर्धारित करने के लिए अधिनियमित किया गया था।

# विचार

## सिरफिरे ट्रूडो तो गए, क्या अब भारत- कनाडा संबंध सुधरेंगे

**डॉ. आर.के. सिन्हा**

**राजनयिक** मर्यादाओं और अंतरराष्ट्रीय मयार्दाओं को ताक पर रखने वाले और खालिस्तानी समर्थक कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने सत्ताधारी लिबरल पार्टी के नेता पद और प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है या उन्हें ऐसा करने पर मजबूर कर दिया गया । ट्रूडो एक नंबर के गैर- जिम्मेदार प्रधानमंत्री के रूप में याद रखे जाएंगे। वे खुलकर खालिस्तानी तत्वों का समर्थन करने के अलावा भारत के आतंरिक मामलों में भी लगातार हस्तक्षेप करते रहे।ट्रूडो ने खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत की संलिप्तता का बिना किसी सबूत के बेशर्मी से आरोप भी लगाया। ट्रूडो के प्रधानमंत्रित्व काल में कनाडा में खालिस्तानी तत्व अति सक्रिय हो गए और खुलकर भारत विरोधी उत्पात मचाया । ये भारत को फिर से खालिस्तान आंदोलन की आग में झोंकना चाहते थे। कनाडा की ओंटारियो विधानसभा ने 2017 में 1984 के सिख विरोधी दंगों को सिख नरसंहार और सिखों का राज्य प्रायोजित कत्लेआम करार देने वाला एक प्रस्ताव भी पारित किया था। ये सब गंभीर आरोप के मामले थे। इस तरह की हरकतों से साफ था कि कनाडा में भारत के शत्रुओं को ट्रूडो सरकार का खुला समर्थन मिला हुआ था। कनाडा में खालिस्तानियों के जड़े जमाने का सबसे पहले सुबूत मिला था कनिष्क विमान हादसे के रूप में। मांट्रियाल से नई दिल्ली जा रहे एयर इंडिया के विमान कनिष्क को 23 जून 1985 को आयरिश हवाई क्षेत्र में उड़ते समय, 9,400 मीटर कीऊंचाई पर, बम से उड़ा दिया गया था और वह अटलांटिक महासागर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। उस भयानक हादसे में 329 लोग मारे गए थे, जिनमें से अधिकांश भारतीय मूल के कनाडाई नागरिक ही थे। ट्रूडो को भारत सरकार ने बार-बार कहा कि वे अपने देश में खालिस्तानियों को कसे। पर मजाल है कि ट्रूडो ने कोई इस संबंध में कोई कदम उठाया हो। भारत-कनाडा संबंधों ने सितंबर 2023 में गंभीर मोड़ ले लिया था , जब ट्रूडो ने दावा किया था कि कनाडाई सुरक्षा एजेंसियों के पास भारतीय सरकार के एजेंटों को निज्जर की हत्या से जोड़ने वाले विश्वसनीय सुबूत हैं। भारत ने उन दावों को "बेतुका और राजनीति से प्रेरित" बताया था। भारत मानता है कि निज्जर एक घोर आतंकवादी था । वह पंजाब में 2007 के सिनेमाघर बम विस्फोट और 2009 में सिख नेता रुलदा सिंह की हत्या में शामिल था। भारत के बार-बार अनुरोधों पर भी खालिस्तानियों को प्रत्यर्पित करने में कनाडा की विफलता ने इस धारणा को बढ़ावा दिया है कि कनाडा में भारत विरोधी ताकतों को खाद-पानी मिल रहा है। जस्टिन ट्रूडो साल 2018 में भारत यात्रा पर आए थे। वे अमृतसर से लेकर आगरा और मुंबई से लेकर अहमदाबाद का दौरा करने के बाद जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिले तो मोदी जी ने कायदे से बता दिया था कि " भारत धर्म के नाम पर कट्टरता तथा अपनी एकता, अखंडता और संप्रभुता के साथ समझौता नहीं करेगा।" कनाडा में ट्रूडो की सरकार हिन्दुओं के हित सुरक्षित रखने में पूरी तरह से नाकाम रही। वहां पर मंदिरों को लगातार निशाना बनाया जाता रहा। कनाडा में मंदिरों पर हमलों की घटनाओं में आमतौर पर मंदिरों में तोड़फोड़, धार्मिक प्रतीकों को नुकसान पहुंचाना या स्प्रे पेंट करना शामिल होता है। कुछ मामलों में, धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली सामग्री भी लिखी गई है। जाहिर है, कनाडा में हिंदू समुदाय इन हमलों से गंभीर रूप से चिंतित है। वे सरकार से इन हमलों की जांच करने और दोषियों को न्याय के कटघरे में लाने की मांग कर रहे हैं। कनाडा सरकार ने इन हमलों की औपचारिक निंदा तो की है और कहा है कि वह धर्म के आधार पर किसी भी प्रकार के भेदभाव को बर्दाश्त नहीं करेगी। लेकिन , कोई भी दोषी पकड़े नहीं गए। ये किसी को बताने की जरूरत नहीं है कि हमलों के पीछे खालिस्तानी शामिल थे। कहने को कनाडा एक बहुसांस्कृतिक देश है। सरकार सभी धर्मों के लोगों के अधिकारों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध बताई जाती है। पर हकीकत में ट्रूडो के काल में वहां की सरकार खुलकर भारत और हिन्दू विरोधी बनकर उभरी।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## मिटाना होगा आत्महत्याओं का कलंक

**रमेश सर्राफ धमोरा**

भारत में आए दिन आत्महत्या की घटनाएं घटित होती रहती है। यहां हर चार मिनट में एक आत्महत्या की जाती है। यहां शायद ही कोई दिन ऐसा बीतता होगा जब किसी न किसी इलाके से गरीबी, भुखमरी, कुपोषण, बेरोजगारी, कर्ज जैसी तमाम आर्थिक तथा अन्य सामाजिक दुश्वारियों से परेशान लोगों के आत्महत्या करने की खबरें न आती हों। आत्महत्या करना सभ्य समाज के माथे पर एक कलंक के समान है। आत्महत्या में व्यक्ति स्वयं को दंडित करते हुए अपनी जान दे देता है। ऐसा घिनोना कार्य कोई व्यक्ति तभी करता है जब वह चारों तरफ से निराश हो जाता है। आत्महत्या करने का सबसे बड़ा कारण आर्थिक पक्ष को माना जाता है। उसके बाद मानसिक, पारिवारिक व अन्य बहुत से कारण हो सकते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर होने पर व्यक्ति स्वयं को गिरा हुआ महसूस करता है और अंत में वह आत्महत्या करने जैसा घिनौना कदम उठा लेता है। हम आए दिन अखबारों में पढ़ते हैं कि बहुत से परिवारों ने आर्थिक कर्म से सामूहिक आत्महत्या कर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली। बहुत से किसान अपना खेती का कर्ज नहीं चुका पाने के कारण भी बड़ी संख्या में आत्महत्या करते हैं। आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिए सरकार ने कानून तो बना दिया मगर उसका प्रभाव समाज पर पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है। प्रेम में असफल होने पर भी बड़ी संख्या में नवयुवक युवतियां आत्महत्या कर अपने जीवन लीला समाप्त कर लेते हैं। आंकड़ों की दृष्टि से भारत आत्महत्याओं के मामले में दुनिया में सिरमौर बनता जा रहा है। आत्महत्या रोकने की दिशा में अब तक सरकारी स्तर पर जितने भी प्रयास हुए हैं वह सब नाकाम साबित हुए हैं। सरकारी आंकड़ों में जितनी आत्महत्या की संख्या दशार्यी जाती है उससे कई गुना अधिक लोग आत्महत्या कर अपनी जान गंवा रहे हैं। मगर आत्महत्या की घटनाओं को रोकने की कोई सार्थक पहल नहीं हो पाई है।

## हिंदी है हम वतन है फिर हिंदी राष्ट्रभाषा क्यों नहीं

**संजीव**

**हिंदी** संवैधानिक रूप से तो भारत की राजभाषा है,पर इसे राष्ट्रभाषा नहीं बनाया गया है विषय चिंतनीय है ।देश में व्यवहारिक रूप से हिंदी को कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक को सर्वोपरि सम्मान नहीं मिल पाया है जिसकी हिंदी भारत में सर्वाधिक हकदार भाषा है। यह अलग बात है कि भारत देश में अलग-अलग प्रांतों में अलग-अलग भाषाएं बोली जाती है और स्वतंत्रता के बाद भारत सरकार ने 22 भाषाओं को संवैधानिक रूप से मान्यता प्रदान की है, पर हमारी हिंदी सर्वाधिक बोली जाने वाली तथा लिखी जाने वाली भाषा है। देश में हिंदी बोलने तथा पढ़ने वालों की संख्या लगभग 65 से 70 करोड़ है, यह भाषा की बहुलता कथा विविधता ही है जिसके कारण भाषाई विवाद की स्थिति उभरी है, और सर्वाधिक नुकसान हिंदी को उठाना पड़ा है। वर्ष 2008 में विश्व हिंदी सम्मेलन न्यूयॉर्क (अमेरिका) में भारतीय साहित्यकारों, कवियों को चिंतकों ,प्रोफेसर, चिंतकों, पत्रकारों ने बड़े जोर शोर से संयुक्त राष्ट्र संघ की अधिकारिक भाषा बनाने हेतु र मान्यता देने के लिए पुरजोर कोशिश की थी। कोशिश तो हमेशा की जानी चाहिए और यह बड़ी ही सार्थक पहल भी थी, पर इसके पूर्व भारत के हिंदी साहित्य के विद्वानों को हिंदी को पहले अपने देश में राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलवाने के लिए प्रयास किया जाना चाहिए। भारतेंदु हरिश्चंद्र जी ने भी कहा है,

**निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति के मूल।**
**बिनु निज भाषा ज्ञान के मिटत ना हिय को शूल।**

देश में भाषाई विविधता के कारण हिंदी को सर्वाधिक नुकसान उठाना पड़ा है ।इसके अलावा कुछ स्वार्थी राजनीतिक के लोग नहीं चाहते कि हिंदी को सर्वोच्च सम्मान मिले और इसके लिए विभिन्न प्रकार के विरोध एवं आंदोलन भी करते रहे हैं, इसके अलावा लोगों को उकसा कर जन आंदोलन का रूप भी देने का प्रयास करते रहे हैं जो अत्यंत निंदनीय है। देश के स्वतंत्रता आंदोलन में भी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में यह महसूस किया था कि हिंदी दक्षिण भारत के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर सबसे ज्यादा लोगों की संपर्क भाषा थी।

## न्यूज फ्लैश

### पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर ने किया सीवरेज कार्य का औचक निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। माता बसंती गामड़ी** में चल रहे सीवरेज कार्य का पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर व पूर्व पार्षद कृष्ण गर्ग ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सुपरवाइजर को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। कृष्ण गर्ग ने बीजेपी सरकार के नारे सबका साथ सबका विकास व अन्य सार्वजनिक योजनाओं के बारे सभी को अवगत करवाया। उन्होंने आने वाले निगम चुनाव में बीजेपी को भरपूर समर्थन देने का आह्वान किया। इस मौके पर सीनियर प्रधान लाली कश्यप, रामकुमार कश्यप, संजय कश्यप, रमेश कश्यप, कप्तान कश्यप, जयपाल कश्यप, देसराज कश्यप, मदन लाल कश्यप, रोशन कश्यप, विनोद कश्यप, रोशनी देवी, रामो देवी एव अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### अवैध हथियारों के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला पुलिस की** एंटी बर्गलरी टीम द्वारा गुप्त सुचना के आधार पर नई अनाज मंडी के पीछे बजीदा रोड़ से दो आरोपियों राहुल पुत्र राजेन्द्र और अजय पुत्र शीशपाल वासीयान गांव बरसाना, कैथल को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से 2 अवैध पिस्टल और चार जिंदा कारतूए बरामद किए गए। एंटी बर्गलरी टीम के इन्चार्ज निरीक्षक सतबीर सिंह ने बताया कि उक्त आरोपियों के खिलाफ थाना शहर में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। आगामी जांच हेतु आज आरोपियों को अदालत में पेशकर दो दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया जाएगा।

### मोबाईल स्नेचिंग का आरेपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला पुलिस** की क्राइम युनिट सीआईए-1 की टीम द्वारा थाना सदर में दर्ज स्नैचिंग के मामले में गुप्त सुचना के आधार पर मेरठ रोड़ करनाल से दो आरोपियों रूमित पुत्र जगमिंद्र सिंह और विकास उर्फ अक्षय पुत्र राजकुमार वासीयान गांव टिकरी को गिरफ्तार किया गया। सीआइए वन के इंचार्ज उप निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ कर उक्त मामले में पीड़ित से छीना गया मोबाइल फोन व वारदात में प्रयोग की गई मोटरसाइकिल बरामद की गई है। दोनों आरोपियों को आज अदालत के सामने पेश किया गया, जहां से अदालत के आदेशानुसार उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### अंतर्राष्ट्रीय मंडी में चोरी करते फसे चोर, बाइक और चोरी का सामान छोड़ कर भागे

**गन्नौर। गन्नौर** अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मंडी में बुधवार की रात सिक्योरिटी सुपरवाइजर ने दो युवकों को चोरी करते देख लिया। इसके बाद चोर अंधेरे का फायदा उठा कर चोरी किया सामान व अपनी बाइक मौके पर ही छोड़ कर फरार हो गए। सुपरवाइजर ने इसकी जानकारी सिक्योरिटी प्रबंधक को दी। सिक्योरिटी प्रबंधक ने थाना गन्नौर में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। शिकायत में सिक्योरिटी मैनेजर हसनपुर गांव निवासी भूपसिंह ने बताया कि उनके सिक्योरिटी सुपरवाइजर विकास ने मंडी से दो युवकों को एक बोरी में लोहे का सामान ले जाते हुए देखा।

### आंगनबाड़ी केंद्र से गैस के 3 सिलेंडर चोरी

**गन्नौर। पांची जाटान** के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्थित आंगनबाड़ी केंद्र से चोर गैस सिलेंडर चोरी कर ले गए। आंगनबाड़ी वर्कर ने मामले की शिकायत गन्नौर थाना में दी। शिकायत में पांची जाटान निवासी सुशीला ने बताया कि वह 7 जनवरी को केंद्र का ताला लगाकर चली गई थी। अगली सुबह जब वह केंद्र पर पहुंची तो कमरे की खिड़की टूटी हुई थी और कमरे से गैस के 3 सिलेंडर गायब थे। गन्नौर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नई अनाज मंडी में लाखों की लागत से चले निर्माण की जांच करने पहुंची सीएम फ्लाईंग

## चारदिवारी निर्माण, फर्श रिपेयर व पाईप लाइन दबाने का चल रहा काम

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। वीरवार को** रेलवे रोड स्थित नई अनाज मंडी में सीएम फ्लाइंग की टीम पहुंची। टीम के पहुंचने की सूचना के बाद अनाज मंडी के आढ़तियों में हड़कम्प मच गया कि कहीं यह कार्रवाई मंडी की किसी दुकान पर न की जाए लेकिन जब पता चला कि टीम मंडी में निर्माण कार्य की जांच करने पहुंची है। उसके बाद आढ़तियों ने राहत की सांस ली। टीम ने मंडी में लाखों रुपए की लागत से चल रहे चारदिवारी निर्माण, फर्श रिपेयर व पाईप लाइन दबाने का काम चल रहा है। टीम ने निर्माण कार्य की स्वयं जांच के बाद हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड द्वारा करवाए जा रहे निर्माण कार्य से संबंधित एसडीओ व जेई को मौके पर बुलाया और टैंडर से संबंधित पूछताछ की। सीएम



फ्लाईंग ने जांच में सहयोग के लिए सड़क एवं भवन निर्माण विभाग के एसडीओ व जेई को मौके पर बुलाया और काफी समय तक मंडी में हो रहे निर्माण कार्य से संबंधित कागजातों की जांच की। टीम ने जब संबंधित विभाग के निर्माण का काम करवा रहे अधिकारियों से जांच के दौरान पूछा तो एक दो सवालों का अधिकारी जवाब भी नही दे पाए।

**टीम ने टैंडर अनुसार जांच कर रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी : डीएसपी**
सीएम फ्लाईंग के डीएसपी सुनील कुमार ने बताया कि सीएम फ्लाइंग को शिकायत मिली थी निर्माण में घटिया व पुरानी सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। उसी जांच के लिए टीम पहुंची। जांच करने के बाद जो खामियां पाई गई है। उसी अनुसार रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेज दी है। काम में खामियां मिली है।

**तय नियम के अनुसार काम करवाया जा रहा है : एसडीओ**
मार्केटिंग बोर्ड सोनीपत के एसडीओ मनीष ने बताया कि एजेंसी को करीबन 750 मीटर क्षेत्र में बावन्ड्री वाल बनाने का टेंडर दिया है। एजेंसी को कुल 35 लाख रुपए में ठेका दिया गया है। अनाज मंडी में बिछाई जाने वाली पाइपलाइन के लिए पाइप लाइन के लिए पाइप मार्केट कमेटी द्वारा ठेकेदार को उपलब्ध करवाई गई है। वहीं 60 प्रतिशत दिवार में पुरानी ईंटों की रिकवरी के साथ ठेकेदार के साथ काम करने का प्रावधान है। ठेकेदार द्वारा ऊपर नई ईंट लगाई गई हैं। कार्य को लेकर तय किए गए नियम के आधार पर निर्माण कार्य हो रहा है।

# वकीलों के चैंबरों का उद्घाटन करने खरखौदा पहुंचे भूपेन्द्र सिंह हुड्डा




**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा में चेंबर** का उद्घाटन करने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बार की तरफ से उन्हें बुलावा दिया गया था, आज वह खरखौदा पहुंचकर बार एसोसिएशन के सभी सदस्यों को बधाई देते हैं। हुड्डा बोले कि वह खुद भी एक वकील रहे हैं, वकीलों के लिए चेंबर जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को न्यायपालिका और वकीलों पर विश्वास होता है, ऐसे में वकीलों से भी निवेदन है कि वह लोगों से फीस कम लें। उन्होंने कह कि खरखौदा पहुंचने पर उन्हें याद आता है कि खरखौदा का अपने आप में एक इतिहास रहा है। मेरा खरखौदा से एक विशेष लगाव भी है। शिक्षा के क्षेत्र में कभी इस क्षेत्र में पिछड़ापन था। उस दौरान उकने दादा श्री मातुराम पर इस क्षेत्र को शिक्षा के क्षेत्र में आगे लेकर जाने की जिम्मेदारी दी गई थी। उन्होंने 1911 में एक पंचायत के दौरान हुए फैसले के बाद 1912 में एक स्कूल की स्थापना की। इसके बाद जब उनके पिता स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जेल से बाहर आए तो उन्होंने भी सुभाष स्कूल की स्थापना की थी।

# जमीन विवाद के बाद युवक ने लगाई फांसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले के** कुचपुरा गांव में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान 40 वर्षीय सुरेश कुमार के रूप में हुई है। आरोप है कि कुछ दिन पहले पंचायत की जमीन पर नल लगाने को लेकर विवाद हुआ था और इसी विवाद के चलते कुछ लोगों ने मृतक के साथ मारपीट की थी। मारपीट के दौरान उसके प्राइवेट पार्ट पर लात भी मारी गई थी। इसके बाद से उसकी हालत गंभीर थी। वह गुमसुम रहता था। परिजनों का आरोप है कि इसी मारपीट के चलते उसने आत्महत्या की है।

# यह जीत मेरी न होकर असंध की जनता की जीतः योगेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। असंध विधानसभा** से विधायक योगेंद्र राणा ने अपने असंध विधानसभा क्षेत्र के धन्यवादी दौरे के दौरान गांव औंगद, बिर्चपुर, बंदराला और असंध अनाज मंडी का दौरा किया और लोगों के बीच पहुंचकर ग्राम वासियों द्वारा विधानसभा चुनाव में दिए गए मतदान रूपी आशीर्वाद के लिए आभार जताया। विधायक ने सभी उपस्थित जनों का लोकसभा चुनाव के दौरान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को दिए अपार समर्थन, सम्मान और आशीर्वाद देने के लिए भी आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि असंध की जनता मेरा परिवार है। यहां की हर समस्या से भली-भांति परिचित हूं,



जिनका डबल इंजन की सरकार तेज रफ्तार से समाधान करेगी। योगेंद्र राणा ने कहा कि यह जीत मेरी न होकर आप सभी की जीत है, जिनके अथक प्रयास से यह संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने लगातार प्रदेश में बहुमत हासिल कर इतिहास रचने का काम किया है। इस बार पिछले दो कार्यकाल पूरी करने वाली सरकार को तीसरी बार मौका मिला है। यह भाजपा के लिए गर्व का विषय है। इस जनादेश की गूंज दूर-दूर तक है। उन्होंने कहा कि अब असंध हलके में विकास कार्यों को जल्द पूरा करवाया जाएगा। असंध शहर के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने शासनकाल में युवाओं को बिना पर्ची खर्ची योग्यता के आधार पर रोजगार उपलब्ध करवाए हैं। इस दौरान उन्होंने आमजन की समस्याएं भी सुनी। इस अवसर पर सरपंच बिर्चपुर संजय शर्मा, एससी मोर्चा अध्यक्ष शमशेर सिंह, पूर्व सरपंच रमेश सिंह, महेंद्र सिंह, औंगद गांव के सरपंच मैना देवी, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र नरवाल, मंडल महामंत्री सुभाष राणा, सुशील शर्मा, यादविंदर आहूजा, बब्बू मंजूरा, सैन समाज प्रधान रिंकू सैन, बंदराला सरपंच प्रतिनिधि राजविंदर सिंह, मर्दानहेड़ी सरपंच कुलदीप सिंह मल्ली, पूर्व सरपंच बंदराला साहब सिंह, तेजपाल सिंह और सभी गांवों के पंच तथा ग्रामवासी मौजूद रहे।

# सौंकड़ा नहर से मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले के** सौंकडा नहर से शव मिलने से आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। राहगीरों ने मामले की सूचना तरावड़ी थाना पुलिस को दी। पुलिस ने लोगों की मदद से शव को बाहर निकाला और पोस्टमॉर्टम हाउस में शिनाख्त के लिए रखवाया। मृतक के शरीर पर चोटों के निशान पाए गए हैं। आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति की हत्या करने बाद शव को नहर में फेंका गया है। तरावड़ी थाना के प्रभारी नसीब सिंह ने बताया किए आज दोपहर को नहर से गुजर रहे राहगीरों ने गांव सौंकडा के पास नहर में बहते हुए शव को देखा। इसके बाद उन्होंने मामले की सूचना उन्हें दी। उस दौरान राहगीरों की मदद से शव को रस्सी की मदद से बाहर निकाल लिया गया है। मृतक की उम्र करीब 40 से 42 साल के बीच है।, जिसने नीले रंग के जूते ग्रे रंग की जैकेट डाल रखी है। वहीं मृतक के माथे व शरीर पर चोटों के निशान भी है। इसके अलावा मृतक के पास कुछ नहीं मिला। शव कुरुक्षेत्र की तरफ से बहता हुआ यहां तक पहुंचा है। शव दिखने में 2 से 3 दिन पुराना लग रहा है। थाना प्रभारी नसीब सिंह ने बताया कि शरीर पर चोटों के निशान जरूर पाए गए हैं, लेकिन मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही हो पाएगा।

# करनाल के विकास में नहीं छोड़ूंगा कोई कोर-कसरः जगमोहन आनंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। विधायक** जगमोहन आनंद ने कहा कि करनाल के विकास में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ूंगा। करनाल से जुड़ी विकास परियोजनाओं को पूरा करने में और तेजी लाई जाएगी। इसके साथ-साथ जनता से जुड़े जो भी मुद्दे हैं, उन्हें भी विधानसभा के पटल पर उठाकर उन्हें पूरा करने का प्रयास करूंगा। विधायक गुरवार को करनाल के चांद सराय क्षेत्र में धन्यवादी कार्यक्रम में पहुंचे थे। कार्यक्रम में पहुंचने पर रामपाल



कारसा व अन्य लोगों ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इसके उपरांत उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि करनाल की जनता मेरा परिवार है। उनसे जुड़े मुद्दे, समस्याएं मेरी अपनी हैं। इन समस्याओं का निराकरण करने के लिए लगातार अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठकें भी आयोजित की जा रही है। करनाल की जनता से जुड़ी समस्याओं को जल्द से जल्द समाधान का पुरजोर प्रयास किया जाएगा। विधायक ने कहा कि करनाल की जनता से जुड़े मुद्दों व आगामी विकास परियोजनाओं की सूची तैयार की जा रही है। इन्हें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और करनाल के सांसद व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के समक्ष रखा जाएगा और इन्हें जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। इसके साथ-साथ उन्होंने कहा कि आमजन की कोई भी समस्याएं हैं, वे सीधे उन तक पहुंचा सकते हैं। जो भी संभव कार्रवाई होगी, उसे किया जाएगा। उन्होंने आमजन की समस्याओं को भी सुना और अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर सरपंच रामपाल कारसा, सुरेंद्र लोधी, पूर्व प्रसाद, विकास तंवर, ईश्वर सिंह, शमशेर सिंह, सूरजभान, गोपी, ध्रुव, गोपी, राजन, सतपाल, सुभाष, राजकुमार, रणबीर, सुरेश, संदीप, विजय, सतपाल व अन्य मौजूद रहे।

# डीसीपी ने सरढाना गांव में ग्रामीणों को साइबर अपराध को लेकर किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। सरढाना गांव** में वीरवार को डीसीपी पूर्वी प्रबीना पी. के द्वारा साइबर अपराध के प्रति लोगों को जागरूक गया। डीसीपी ने कहा कि आज के समय में साइबर ठगी के नए नए तरीके सामने आ रहे हैं। ठग खुद को पुलिस बता कर लोगों से रुपये एंठने का प्रयास करते हैं, लेकिन जो व्यक्ति अपने आप को पुलिस वाला बता कर डिजिटल अरेस्ट किए जाने की बात कहे तो उसकी बातों में नहीं आना और उस फोन नंबर को या तो ब्लैक लिस्ट में डाल दें या फिर उसे फोन को ना



उठाएं। उन्होंने कहा कि लोग जागरूकता व सतर्कता के अभाव में कुछ लोग साइबर अपराधियों के जाल में फंसकर अपना धन गवां बैठते हैं। उन्होंने आनलाइन वित्तीय ठगी, फेसबुक हैकिंग, फर्जी वेबसाइट व बारकोड के माध्यम से होने वाले फ्राड, व्हाट्सएप हैकिंग से बचाव के संबंध में सावधानियां बरतने की सलाह दी। डीसीपी ने कहा कि अगर इस तरह के मामले में अगर किसी व्यक्ति के साथ फ्राड होता है तो वह तत्काल राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर काल करके शिकायत कराएं। 1 घंटे के अंदर इस नंबर पर शिकायत होने के बाद जो पैसा जिन-जिन अकाउंट में गया है उसे ट्रेस किया जा सकता है और जिस अकाउंट में पैसा रहेगा, उसे ब्लाक करवाया जा सकता है। इसके बाद एफआईआर होन पर वह पैसा कोर्ट के माध्यम से आपको वापस मिल सकते हैं। इस मौके पर गन्नौर थाना प्रभारी जसपाल सिंह, खुबडू चौकी प्रभारी विकास ढांडा, एसए अजय कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

# पानीपत में कार ड्राइवर ने 5 लोगों को रौंदा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**पानीपत शहर के** औद्योगिक क्षेत्र सेक्टर 29 पार्ट 2 में गुरुवार दोपहर बड़ा हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार से ड्राइवर का नियंत्रण छूट गया और उसने एक के बाद एक पांच लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जबकि दो की हालत सामान्य है। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और कार ड्राइवर को पकड़कर उसकी पिटाई कर दी। स्थानीय लोगों ने कंट्रोल रूम नंबर डायल 112 पर हादसे की सूचना दी। लोगों का आरोप है कि सूचना देने के करीब 40 मिनट बाद एंबुलेंस और पुलिस की गाड़ियां



मौके पर पहुंचीं। बाइक सवार को घसीटता हुआ ले गया जानकारी के अनुसार हादसा गुरुवार दोपहर करीब 1:30 बजे का है। सेक्टर 29 पार्ट 2 में फ्लोरा रोड पर एक लाल किआ कार चालक तेज रफ्तार से आ रहा था। पहले कार चालक ने सामने से आ रहे एक बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बाइक पर सवार ड्राइवर नीचे गिर गया, जिसे वह घसीटता हुआ काफी दूर आगे ले गया। पहली टक्कर के बाद कार ड्राइवर पूरी तरह संतुलन खो बैठा और इसके बाद उसने रेहड़ी पर खाना खा रहे दो युवकों को चपेट में ले लिया। कार चालक यहीं नहीं रुका। वह गाड़ी को कंट्रोल कर ही नहीं पाया और इसके बाद दूसरी दिशा में जाते हुए एक अन्य बाइक पर सवार दो लोगों को टक्कर मार दी।हादसे में कुल पांच लोग कार की चपेट में आए, जिसमें तीन लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। प्रत्यक्षदर्शी एवं स्थानीय लोगों ने बताया कि कार ड्राइवर नशे की हालत में था। जब लोग उसे पीट रहे थे तो वह कह रहा था कि उसे चक्कर आ रहे हैं। हालांकि कुछ लोगों ने उसको पीटते हुए बचाया। इसके बाद वह एक दूसरे कारोबारी की गाड़ी में बैठकर वहां से चला गया। कार ड्राइवर की जान एयरबैग खुलने से बची है।

# किसान से पास आकर दो बदमाशों ने की 6 राउंड फायरिंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले में सडक** पर टहलने निकले किसान के पास आकर दो बदमाशों ने हवाई फायर कर दिए। बदमाशों 6 राउंड फायरिंग की और फिर पर्ची फेंककर फरार हो गए। पर्ची में लिखा-जो 8 लाख रुपए लिए हैं, उन्हें वापस कर दे। बदमाश बिना नंबर की बाइक पर आए थे। उन्होंने चादर से मुंह ढके हुए थे। घटना की सूचना मिलने के बाद निसिंग थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके से 6 गोलियों के खोल बरामद किए। जानकारी के मुताबिक डाचर-गोंदर रोड पर लंबे वढ़ैच वालों के नाम से डेरा है। 11 से 12 परिवार डेरे पर रहते हैं। यहां



रहने वाले राजबीर ने बताया कि वह मेन सडक तक टहलने के लिए आया था। रात करीब सवा 9 बजे घर से कुछ ही दूरी पर गोंदर की तरफ से एक बाइक आई, जिस पर सवार एक युवक ने सडक पर खड़े होकर हवा में छह राउंड फायरिंग की। इसके बाद वह गुनियाना रोड की तरफ भाग गए। फायरिंग के बाद उसने शोर मचाया। इस पर डेरे के लोग मौके पर इक्ठा हो गए। आरोपी कौन हैं, इसका पता नहीं चल पाया है। किसी के साथ कोई रंजिश नहीं है। पूर्व सरपंच जोगा सिंह और देवेंद्र सिंह ने बताया कि बदमाश वहां पर एक पर्ची फेंककर

**आरोपी फरार**

**अब तुम्हारे हाथ में है कि प्यार के साथ पैसे वापस करेगा या फिर मरने के बाद देगा**

गए हैं, जिसमें पैसे के लेन-देन की बात की गई है। अब यह किसके लिए है, यह स्पष्ट नहीं है। घटना के बाद निसिंग पुलिस और सीआइए की टीमें मौके पर पहुंचीं। आज सुबह भी पुलिस मौके पर पहुंची। आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। उधर फायरिंग की घटना के बाद डेरे के लोग एसपी से मिलने पहुंचे। उन्होंने आरोपियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है। बदमाशों ने जो पर्ची, उसके क्या लिखा-कमल वड़ैच, जो 8 लाख रुपए लिए हैं वे वापस नहीं किए हैं। इन्हें वापस कर दे, अगर वापस नहीं किए तो 8 लाख के 20 लाख रुपए वापस देने होंगे।
अब तुम्हारे हाथ में है कि प्यार के साथ पैसे वापस करेगा या फिर मरने के बाद देगा। निसिंग थाना के प्रभारी जगदीश ने बताया कि मामला पैसे के लेन-देन से जुड़ा हुआ है। अब यह लेटर किसके लिए लिखा है यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। फिलहाल राजबीर की शिकायत के आधार पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# चोर अलमारी तोड़कर 15 तोला चांदी चोरी करके हुए फरार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। सेक्टर 32-33** थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली विकास कॉलोनी में एक घर में घुसकर अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी को अंजाम दिया। चोरी की यह घटना 8 जनवरी की रात को हुई। गोदरेज की अलमारी तोडकर चोर 15 तोले चांदी, एक आइफोन, एक वॉच घड़ी और एक मोती की माला लेकर फरार हो गए। विकास कालोनी निवासी शिकायतकर्ता महिला अमरजीत कौर ने पुलिस को बताया कि जिस वक्त चोरी हुई, परिवार घर में सो रहा था। रात में किसी ने



गोदरेज की अलमारी को तोड़ा और कीमती सामान लेकर चंपत हो गया। सुबह उठने पर परिवार को चोरी का पता चला। चोर गोदरेज की अलमारी में रखे आभूषण और अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर गए। पीड़िता के अनुसार चोरी हुए सामान में 15 तोले चांदी के गहने, एक आईफोन, एक वॉच घड़ी और एक मोती की माला शामिल हैं। इन सामानों की कीमत लाखों रुपए में बताई जा रही है।

ACTION INDIA
नई दिल्ली, 10 जनवरी 2025
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com

# एमएसपी न दिए जाने के विरोध में शंभू बॉर्डर पर किसान ने की आत्महत्या

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** खनौरी और शंभू बॉर्डर पर धरने पर बैठे किसानों का सब्र का बांध टूटने लगा है। वीरवार किसान मजदूर संघर्ष कमेटी के किसान ने शंभू मोर्चा सल्फास निगल लिया। किसान ने आत्महत्या की कोशिश की है। किसान के सल्फास निगलने के तुरंत बाद उसकी हालत बिगड़ गई। आनन-फानन में उसे अस्पताल पहुंचाया गया। इलाज के दौरान किसान की मौत हो गई। पंजाब के तरनतारन के किसान रेशम सिंह ने शंभू बॉर्डर चल रहे किसान आंदोलन में बीते तीन दिन पहले ही शामिल थे। रेशम सिंह तरनतारन के गांव पहुविंड का रहने वाला था। रेशम सिंह को राजपुरा के सिविल अस्पताल लाया गया। जहां 11 बजे उक्त किसान को मृत घोषित कर दिया गया।



**मचा हड़कंप**

**किसान ने आत्महत्या की कोशिश की है। किसान के सल्फास निगलने के तुरंत बाद उसकी हालत बिगड़ गई। आनन-फानन में उसे अस्पताल पहुंचाया गया। इलाज के दौरान किसान की मौत हो गई**

रेशम सिंह की मौत की खबर मिलते ही शंभू मोर्चे और मृतक किसान के गांव पहुविंड में माहौल शोकमय हो गया। किसानों का आरोप है कि रेशम सिंह ने केंद्र सरकार, पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की नीतियों से आहत हो कर सल्फास खाकर आत्महत्या की है। रेशम सिंह की पत्नी दविंदर कौर ने बताया कि उनका परिवार पूरी तरह से किसानी आंदोलन को समर्पित रहा है। दिल्ली आंदोलन के दौरान भी रेशम सिंह गांव से किसानों का जत्था लेकर कई दिन वहां डटे रहे। मार्केट कमेटी के पूर्व चेयरमैन रजवंत सिंह संधू, पूर्व सरपंच इंद्रबीर सिंह पहुविंड, किसान मजदूर संघर्ष कमेटी के जोन अध्यक्ष दिलबाग सिंह पहुविंड, जगीर सिंह, गुरसेवक सिंह, बीरा सिंह ने कहा कि केंद्र की केंद्र सरकार तीनों कृषि कानून दोबारा लागू करना चाहती है। दिल्ली आंदोलन दौरान कई किसानों ने कुर्बानी दी।

उस समय मोदी सरकार ने अपना फैसला वापस लेने की घोषणा की थी, लेकिन अब दोबारा किसान विरोधी कानून जारी करने का प्रयास किया जा रहा है।

# डीसी ने शिविर में किया 4 शिकायतों का समाधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर मौके पर समाधान किया जाए और जो शिकायतें वेरीफिकेशन या अन्य कारणों से लंबित रहती हैं, उनका भी समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस प्रक्रिया में किसी प्रकार की लापरवाही या कोताही नहीं होनी चाहिए। उपायुक्त ने यह बात आज अपने कार्यालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने शिविर में आए नागरिकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रत्येक




शिकायत का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। शिविर में कुल 5 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 4 का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि 1 शिकायत के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार जिला स्तर और उपमंडल स्तर पर प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर नगराधीश पूजा कुमारी,जॉइंट कमिश्नर नगर निगम पुनीत, डीएसपी सुरेश कुमार डीडीपीओ दिनेश शर्मा, डीआरओ तरुण सहोता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### मोबाइल स्नेचिंग करने के दो आरोपी काबू, मोबाइल फोन बरामद

**पानीपत:** सीआईए टू पुलिस टीम ने रिफाइनरी के गेट नंबर 4 के नजदीक पैदल जा रहे युवक से मोबाइल स्नेच करने वाले दो आरोपियों को बुधवार देर शाम मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर एचएस आईडीसी के पास से काबू किया। आरोपियों की पहचान अजय उर्फ पांडा व आशु निवासी मुनक के रूप में हुई। स्नेचिंग की उक्त वारदात बारे थाना सदर में लक्ष्मण प्रसाद पुत्र गंगा प्रसाद निवासी मनिकौर, कुशीनगर यूपी हाल किरायेदार रिफाइनरी के गेट नंबर 4 के सामने राधा कॉलोनी की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि पूछताछ में दोनों आरोपियों ने मोबाइल स्नेचिंग की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया मोबाइल स्नेच करने के लिए उन दोनों ने अपने एक दोस्त से उसकी बाइक ली थी । दोनों आरोपियों ने दोस्त को कहा था कि मोबाइल स्नेच के बाद मोबाइल को बेचकर तीनों बैठकर शराब पार्टी करेंगे। मोबाइल स्नेचिंग के लिए दोस्त ने उन दोनों को बाइक दे दी थी। 19 दिसम्बर को दोनों आरोपियों ने बाइक पर सवार होकर साय के समय रिफाइनरी के गेट नंबर 4 के सामने पैदल जा रहे युवक से मोबाइल स्नेचिंग की वारदात को अंजाम दिया। प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन बरामद कर वीरवार को पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से आरोपी अजय उर्फ पांडा को न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया व आरोपी आशु को एक दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद करने व वारदात की साजिश रचने में शामिल इनके साथी आरोपी को पकड़ने का प्रयास करेंगी।

### आपसी रंजिश के चलते टक्कर मारकर गाड़ी तोड़ने के मामले में एक आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़ ।** आपसी रंजिश के चलते रास्ता रोकने, अवैध हथियार दिखाने और गाड़ी में टक्कर मारकर गाड़ी तोड़ने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर कनीना की पुलिस टीम ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है, जिसकी पहचान कर्मपाल वासी मोड़ी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को मोड़ी गांव के क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पुलिस ने पता लगाया कि आरोपितों ने आपसी रंजिश के चलते वारदात को अंजाम दिया था। आरोपित को आज न्यायालय में पेश किया गया। शिकायतकर्ता संदीप वासी गाँव बोहका ने थाना सदर कनीना में शिकायत दर्ज कराई कि वह समय करीब 1.30 पीएम से 2.30 पीएम के बीच गाँव बोहका से भोजावास टीवी रिपेयर करवाने के लिये जा रहा था, तभी रास्ते मे उसकी गाडी के आगे अचानक एक गाडी लगा दी, जिसमे 4-5 लडके बैठे हुए थे। जिनमें से एक को वह नाम से जानता था और जिसके हाथ में सिल्वर कलर की पिस्टल थी। शिकायतकर्ता ने उसकी गाडी मोड़ी से गोमला वाले कच्चे रास्ते में उतार ली, उसके बाद आरोपितों ने शिकायतकर्ता की गाडी को गाडी से साईड टक्कर मारी, उसके बाद गाडी के सामने से टक्कर मारी और कहा कि अबकी बार तो मौत का अहसास करवाया है अगली बार मिल गए तो जान से मार देंगे। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### पुलिस राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर टेप

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** पुलिस द्वारा एक जनवरी से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया गया जा रहा है। इसी के अंतर्गत यातायात पुलिस ने सतनाली मोड पर वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप चिपकाए गए और वाहन चालकों को ट्रैफिक के नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया। एसएचओ ट्रैफिक निरीक्षक नरेश कुमार ने बताया कि वाहन चालकों को जागरूक करते हुए यातायात नियमों संबंधी जानकारी दी गई व साथ ही धुंध व कोहरे के मौसम को देखते हुए वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए। वाहन चालकों को समझाया गया कि जल्दबाजी में दुर्घटनाओं को बढ़ावा न देकर व घर पर आपका कोई इंतजार कर रहा है, इसका अर्थ समझ कर जिम्मेदारी से वाहन चलाएं। पुलिस की तरफ से आमजन से अपील है कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व वाहनों के सुचारू रूप से आवागमन के लिए यह जरूरी है कि सभी यातायात नियमों का पालन करें। निर्धारित लेन में ही वाहन चलाएं। अंडरएज बच्चों को वाहन चलाने को ना दें, निर्धारित गति सीमा पर ही अपना वाहन चलाएं। इसके अतिरिक्त जिला पुलिस द्वारा शहर मे बिना नंबर प्लेट या बिना हाई सिक्योरिटी के नंबर प्लेट वाहन, बिना हेलमेट, ट्रिपल राइडिंग, गलत पार्किंग में वाहन मिले तो यातायात पुलिस द्वारा उनका चालान किया जाएगा।

# टेककॉन व वेस्टन कंपनी के नए उत्पादों की रेंज लांच

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** गत दिवस अम्बाला शहर के सोना प्रेस्टीन होटल में उत्तर भारतीय होम अप्लायंस ब्रांड भुवन मार्केटिंग की ओर से चैनल पार्टनर की मीटिंग हुई। जिसमें 2025 सीजन के ब्रांड नाम "टेककॉन" और "वेस्टन" कंपनी के नए होम अप्लायंस उत्पादों की नई रेंज लॉन्च की गई और कंपनी की महत्वाकांक्षी योजनाओं पर प्रकाश डाला गया।

कंपनी के द्वारा पेश किए गए उत्पाद रेंज को भारतीय उपभोक्ताओं की विविध आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है और आगामी वसंत और गर्मियों के मौसम के साथ ब्रांड अपने उच्च




गुणवत्ता वाले वॉशिंग मशीन और एयर कूलर (प्लास्टिक, वाणिज्यिक, एबीएस और धातु) की सुविधा प्रदान करने का वादा कर रहा है। भुवन मार्केटिंग नेतृत्व टीम राजू भसीन, जितेश भसीन और भुवन भसीन ने सभा को संबोधित करते हुए कंपनी के अपने डीलरों के साथ स्थायी साझेदारी बनाने पर ध्यान केंद्रित किया।" राजू भसीन ने बताया कि कार्यक्रम केवल नए उत्पादों को लॉन्च करने के बारे में नहीं बल्कि यह भारत के हर घर में सस्ती उत्कृष्टता प्रदान करने के लिए हमारे साझा दृष्टिकोण और प्रतिबद्धता का जश्न मनाने के बारे में है,"। जितेश भसीन ने वेबसाइट, अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसे प्रमुख ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस के माध्यम से ब्रांड "टेककॉन" की ऑनलाइन बिक्री की घोषणा की है। भुवन भसीन ने ब्रांड "टेककॉन" और "वेस्टन" के अपने ग्राहकों के लिए अपनी नई वारंटी नीतियों की घोषणा की है जो राहत की बात है। मेटल कूलर में, ग्राहक मोटर पर 5 साल की कॉपर मोटर वारंटी का लाभ उठा सकते हैं और कमर्शियल कूलर में ग्राहक बॉडी पर 7 साल की वारंटी का लाभ उठा सकते हैं और वॉशिंग मशीन में ग्राहक वॉश मोटर पर 10 साल की वारंटी का लाभ उठा सकते हैं। अंबाला डीलर मीट कंपनी के लिए एक बड़ी सफलता साबित हुई है।

# घर से एक्टिवा स्कूटी व सामान चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सेक्टर-27** शहर थाना सोनीपत पुलिस ने घर से एक्टिवा स्कूटी व सामान चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। गिरफ्तार आरोपित मिथुन निवासी गया, बिहार हाल में सेक्टर-15 सोनीपत आदर्श नगर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। सेक्टर-15 निवासी प्रेम ने गत सात सितंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसने अपनी स्कूटी को घर के अंदर खड़ा किया था। उसके बाद वह सो गया। सुबह उठकर देखा तो

**काबू**

**दो मोबाइल फोन, मंदिर से एक चांदी का सिक्का बीस ग्राम, एक सोने का सिक्का दो ग्राम चोरी करके ले गया**

उसकी स्कूटी गायब मिली। घर का गेट खुला हुआ था। वहीं सामान की जांच की तो दो मोबाइल फोन, मंदिर से एक चांदी का सिक्का बीस ग्राम, एक सोने का सिक्का दो ग्राम चोरी करके ले गया। इस संबंध में सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था।

# अवैध शराब सहित आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा अवैध शराब तस्करी व खुर्दों पर अंकुश लगाने व आरोपियों की धरपकड़ के लिए स्पेशल अभियान चलाया हुआ है। अभियान के तहत थाना सेक्टर 13/17 पुलिस टीम ने बुधवार को जीटी रोड टोल प्लाजा के पास एक युवक को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 14 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई। थाना सेक्टर 13/17 प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि थाना सेक्टर 13/17 पुलिस की एक टीम बुधवार शाम को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान टोल टेक्स के पास मौजूद थी। तभी दो पीठू बैग लिए खड़ा युवक पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने मौके पर ही युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान आरिफ पुत्र इकबाल निवासी माई जी कॉलोनी के रूप में बताई। बैगों की तलाशी लेने पर एक बैग से 6 बोतल व दूसरे बैग से 8 बोतल अंग्रेजी शराब मार्का रेड लेबल मिली। पुलिस टीम ने युवक को बरामद शराब का लाईसेंस व परमिट दिखाने के लिए कहा तो वह कोई भी कागजात पेश नही कर सका।

# नगर परिषद में कर्मियों ने शुरू की 2 दिवसीय भूख हड़ताल

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अंबाला छावनी:** अंबाला छावनी नगर परिषद कार्यालय परिसर में आज मांगों को लेकर नगरपालिका कर्मचारी संघ ने दो दिवसीय क्रमिक भूख हड़ताल आरंभ की। जानकारी देते हुए प्रधान सेवा सिंह ने बताया कि कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन अभी तक उनकी मांगें नहीं मानी गई। उन्होंने कहा कि नगरपालिका कर्मचारी हरियाणा प्रदेश के आह्वान पर नगर परिषद में कर्मचारी भूख हड़ताल पर




बैठे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जो नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा से 29 अक्टूबर 2022, 5 अप्रैल 2023 व 7 अगस्त 2024 को जो समझौता हुआ था, उसे पूरी तरह से लागू नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि 8 फरवरी 2023 को सरकार द्वारा कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने के लिए जो पत्र जारी किय गया था, उसे भी अभी तक लागू नहीं किया गया।

# सीएम फ्लाइंग ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में मारा छापा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** सीएम फ्लाइंग टीम की कार्रवाई से जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में हड़कंप मच गया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं नारनौल के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता जितेंद्र हुड्डा की अगुवाई में टीम ने विभागीय कार्यालयों में छापेमारी की। इस दौरान कई अनियमितताएं मिली। छापेमारी के दौरान कई अधिकारी और कर्मचारी ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए। अधिकारियों की अनुपस्थिति में उनकी जगह फिटर और सिविल हेल्पर काम करते हुए पाए गए।

# गर्भावस्था के दौरान खाएं पौष्टिक आहार: डॉ. रचना

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अंबाला छावनी:** अंबाला छावनी के नागरिक अस्पताल में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं को जांचते हुए उनके विभिन्न टेस्ट करवाए गए तथा विभिन्न जानकारियां दी गई। डॉक्टरों द्वारा जागरूकता अभियान भी चलाया गया। जिसका गर्भवती महिलाओं ने भरपूर लाभ उठाया। अंबाला छावनी नागरिक अस्पताल में आई गर्भवती महिलाओं को यह भी बताया गया कि गर्भावस्था के दौरान उन्हें क्या खाना चाहिए और निमित्त अपने स्वास्थ्य की जांच करवानी चाहिए । सरकार की ओर से सरकार की ओर से गर्भवती महिलाओं में गुड़



चना भी वितरित किया गया। महिलाओं ने सरकार की इस योजना की जमकर कर सराहना की और प्रधानमंत्री का आभार भी प्रकट किया। उन्होंने कहां की आज वह यहां पर अपनी जांच करवाने के लिए आए हैं उन्होंने बताया कि आज 9 तारीख प्रधानमंत्री मातृत्व अभियान के साथ जुड़ने का उन्हें मौका मिला है इसके लिए वह प्रधानमंत्री की आभारी हैं। महिला रोग विशेषज्ञ रचना बंसल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आहवान पर प्रत्येक महीने की 9 तारीख को गर्भवती मां को दिलाए अहसास की वो है सबसे खास कार्यक्रम किया जाता है।

जिसके तहत उन्हें बताया जाता है कि गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को क्या-क्या परेशानी आती है तथा इस परेशानी को किस प्रकार से समाधान किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि साथ ही महिलाओं को यह भी बताया जा रहा है कि उन्हें भोजन में किस प्रकार का आहार लिया जाना चाहिए। आज के दिन हम महिलाओं को बताते है कि उन्हें समय-समय पर विभिन्न टेस्ट करवाते रहना चाहिए जिससे स्वस्थ बच्चे का जन्म हो सके। उन्होंने कहा कि महिलाओं को परिवार नियोजन की जानकारियां भी दी जाती है। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं को सरकार की ओर से गुड और चना भी दिया जा रहा है।

# नागा बाबा की दरगाह पर मेला 9 फरवरी को

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** गांव धूलकोट स्थित गुरुद्वारा साहिब में वायुसेना के अधिकारी व स्थानीय लोग की बैठक हुई। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंबाला एयरफोर्स स्टेशन के अंदर स्थित नागा बाबा की समाधि के दर्शनों के लिए 9 फरवरी 2025 को यानि दूसरे रविवार को मेला लगेगा। जिसको लेकर बैठक में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। 9 फरवरी रविवार को होने वाले सलाना मेले में श्रद्धालु बढ़चढ़ कर पहुंचेगें ओर नागा बाबा के दर्शन करेंगे। जिसको लेकर एयरफोर्स, धूलकोट गांव स्थित गुरुद्वारा कमेटी और

**तैयारी**

**नागा बाबा की समाधि के दर्शनों के लिए 9 फरवरी 2025 को यानि दूसरे रविवार को मेला लगेगा**

अंबेडकर सभा ने व्यापक प्रबंध करने शुरू कर दिए है। उधर कमेटी व सभा सदस्यों ने श्रद्धालुओं से आह्वान किया है कि वह मेले में मोबाइल, कैमरा, पर्स इत्यादि मत लाएं। क्योंकि एयरफोर्स स्टेशन के अंदर इन्हें ले जाने पर पाबंदी रहेगी। एयरफोर्स व जिला पुलिस मेले को लेकर सतर्क है।

# चाइनीज फूड रेस्टोरेंट्स में बाल श्रम कर रहे 3 बच्चों को रेस्क्यू कराया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

रेस्टोरेंट्स पर काम कर रहे 3 बच्चों को मानव तस्करी विरोधी इकाई और बाल कल्याण समिति द्वारा एमडीडी ऑफ इंडिया के सहयोग से रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति पानीपत में पेश किया गया। जहां तीनों बच्चों की काउंसलिंग की गई और उसके बाद बाल कल्याण समिति द्वारा बच्चों को बाल देखभाल गृह पानीपत में भेज दिया गया। इन बच्चों की उम्र 14 से 15 साल के बीच है और उन्हें केवल 6000 से 8000 रुपए देकर सारा दिन काम लिया जा रहा था।

गौरतलब है कि कैलाश सत्यार्थी सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के तत्वावधान में काम कर रही एमडीडी



ऑफ इंडिया न्याय तक पहुंच कार्यक्रम के तहत चलाए जा रहे बचपन बचाओ आंदोलन के तहत शहर को बाल श्रम मुक्त बनाने का अभियान चलाया जा रहा है।

इस कार्रवाई में मानव तस्करी विरोधी इकाई से स्टेट क्राइम ब्रांच इंचार्ज ए एस आई सुनील कुमार, हैड कांस्टेबल रविंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल मुकेश चहल, और बाल

**देखभाल**

**बाल कल्याण समिति द्वारा बच्चों को बाल देखभाल गृह पानीपत में भेज दिया गया**

कल्याण समिति से डॉ. मुकेश आर्य, एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था से चाइल्ड लेबर पर काम कर रहे पीड़ित सहायक समन्वयक अजय चौहान मौजूद रहे। बाल कल्याण समिति सदस्य डॉ मुकेश आर्य ने बताया कि बाल श्रम एक कानूनन अपराध है और जो कोई भी बच्चों से बाल श्रम करवाता है उसे सजा के साथ जुमार्ना भी हो सकता है। और सभी बच्चों को अनिवार्य शिक्षा अधिनियम के तहत स्कूली शिक्षा उपलब्ध करवाई जानी चाहिए। बाल श्रम से जुड़े अपराधों के लिए भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 370-374 में सजा का प्रावधान है। बाल श्रम (निषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986 के मुताबिक, 14 साल से कम उम्र के बच्चे को किसी कारखाने या खान में काम नहीं कराया जा सकता। अगर कोई व्यक्ति 14 साल से कम उम्र या 14 से 18 साल के बीच के बच्चे को किसी खतरनाक काम में लगाता है, तो उसे एक से छह महीने की जेल हो सकती है या 20,000 से 50,000 रुपये का जुमार्ना हो सकता है। बाल श्रम उन्मूलन के लिए भारत सरकार कई तरह के सरकारी कार्यक्रम चलाती है।

# क्रिकेट प्रतियोगिता में महेंद्रगढ़ के वार्ड नंबर-6 की टीम बनी चौंपियन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** क्षेत्र के गांव खायरा में चार जनवरी को विशाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आरएमआर स्पोर्ट्स क्लब द्वारा खायरा के राव मानसा स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक कंवरसिंह यादव के द्वारा किया गया, जिसमें 22 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का पहला मैच महेंद्रगढ़ वार्ड नंबर-6 और चीतलांग की टीम के बीच हुआ, जिसमें महेंद्रगढ़ वार्ड नंबर-6 की टीम के कप्तान सचिन आसोदिया ने धमाकेदार बैटिंग करते हुए 21 बाल में 58 रन की पारी खेली और आठ ओवर



में 108 रन बना डाले तथा 53 रन की धमाकेदार जीत से प्रतियोगिता की शुरूआत की। इसके बाद उनकी टीम लगातार गांव आकोदा, सीहार और महेंद्रगढ़ को हराते हुए फाइनल में पहुंची। क्रिकेट का फाइनल मुकाबला गांव रिवासा और महेंद्रगढ़ वार्ड नंबर-6 की टीम के बीच हुआ, जिसमें महेंद्रगढ़ वार्ड नंबर-6 की टीम ने अच्छा खेल दिखाया।

## न्यूज फ्लैश

### घर से भाई के पास जाने के लिए निकला युवक संदिग्ध हालत में लापता

**सोनीपत; बहालगढ़** थाना क्षेत्र में घर से अपने भाई के पास नोएडा जाने के लिए निकला युवक संदिग्ध हालत में लापता हो गया। परिजनों ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। बहालगढ़ गांव निवासी पारस नाथ पान्डेय ने बताया कि उसका बेटा राहुल गत 29 दिसंबर को घर से नोएडा जाने के लिए निकला था। नोएडा में उसका भाई रहता है, लेकिन वह अपने भाई के पास नहीं पहुंचा। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। उन्हें शक है कि उसके बेटे को किसी ने अज्ञात जगह पर बंधक बनाकर रखा हुआ है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी शिवओम ने बताया कि युवक की तलाश के प्रयास किए जा रहे है। जल्द से जल्द युवक का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### अलग-अलग स्थानों से अवैध हथियार सहित दो गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत:** एसएजे यूनिट सेक्टर-7 व सेक्टर-3 टीम ने अलग-अलग स्थानों से दो युवकों को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अंकित निवासी जाजल सोनीपत, अशोक उर्फ गाड़ा निवासी मेहंदीपुर का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से एक आरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। जबकि दूसरे को रिमांड पर भेजा है। मुख्य सिपाही अमित की टीम ने गत छह जनवरी को पलड़ी बस अड्डा के पास मौजूद थी। उसी दौरान उन्हें अवैध हथियार सहित युवक के आने की सूचना मिली। पुलिस ने छापेमारी करके आरोपित को काबू कर लिया। उसके पास से एक देशी पिस्तौल व दो जिंदा राउंड बरामद हुए। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। वहीं सेक्टर-3 यूनिट में तैनात सहायक उप निरीक्षक विनीत की टीम ने जीटी रोड पर ढाबे के सामने संदिग्ध हालत में घुम रहे युवक को काबू कर तलाशी ली। उसके पास से तलाशी के दौरान एक पिस्तौल बरामद हुई। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ संबंधित थाने में मुकदमा दर्ज कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

### बार एसोसिएशन वार्षिक चुनाव को लेकर चुनावी प्रक्रिया हुई तेज

**सोनीपत: जिला** बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव का बिगुल बज चुका है। चुनाव प्रक्रिया को लेकर चुनाव अधिकारी व सहायक चुनाव अधिकारी की नियुक्ति के बाद प्रक्रिया तेज हो गई है। सदस्यता शुल्क व शपथ पत्र जमा कराने की अंतिम तिथि 10 जनवरी है। जिला बार एसोसिएशन के प्रधान अनिल ढुल ने बताया कि 28 फरवरी को होने वाले चुनाव को लेकर सभी तैयारी जारी है। सर्वसम्मति से चुनाव अधिकारी के अलावा 5 अधिवक्ताओं को सहायक चुनाव अधिकारी की जिम्मेदारी दी जा चुकी है। चुनाव प्रक्रिया 7 फरवरी को शुरू होगी। जिसके बाद नामांकन, छंटनी व मतदान होगा। चुनाव को लेकर 10 जनवरी तक सोनीपत बार एसोसिएशन के सभी सदस्य अपना सदस्यता शुल्क जमा करा सकते हैं। उसके बाद सदस्यता शुल्क नहीं लिया जाएगा। 11 जनवरी को अधिवक्ताओं की सूची तैयार कर हरियाणा एवं पंजाब बार काउंसिल को भेज दी जाएगी। उसके बाद वहां से अधिवक्ताओं की सूची या जाएगा। चुनाव के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता पवन दहिया को चुनाव अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि 10 जनवरी तक एक बार एक वोट का शपथ पत्र भी देना होगा।

# श्रेष्ठ आचरण, अनावश्यक तनाव और संघर्ष से बचाता: उपायुक्त

### समाधान शिविर में पहुंचे वालों के साथ करें शिष्टाचारपूर्व व्यवहार

**पहल**

⏩ शिविर का समय सवेरे 10 से 12 बजे तक लगातार दो घंटे निर्धारित किया गया है



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
हरियाणा सरकार की जनता से जुड़ी महत्त्वपूर्ण पहल है जनता समाधान शिविर। इस में प्रदेश के सभी जिला व उपमंडल स्तर पर जन समस्याओं की सुनवाई की जाती है। शिविर का समय सवेरे 10 से 12 बजे तक लगातार दो घंटे निर्धारित किया गया है। आम जन की समस्याओं की सुनवाई इसमें अधिकारी शिद्दतपूर्व करते है। आम जन इसे जनता दरबार के नाम से भी जानने लगा है।

उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह के कुशल मार्ग दर्शन में आयोजित किये जा रहे ये समाधान शिविर सप्ताह में हर वर्किंग डे पर आयोजित किये जाते हैं। इन समाधान शिविरों के साथ जिले के नागरिक सीधे जुडक? इनका लाभ ले रहे हैं। विभागों के अधिकारियों के पास पहुंचने वाली समस्याओं पर अधिकारी संज्ञान लेकर पूरी ताकत लगाकर कार्य करके जन समस्याओं का निपटान तत्काल करते हैं।

उपायुक्त ने बताया कि समाधान शिविर में जो नागरिक अपनी समस्याओं के समाधान के लिए पहुंचते हैं उनके साथ मधुर व्यवहार करें और उनकी समस्याओं को सुनकर उनका तत्काल समाधान करें। उपायुक्त ने कहा कि शिविर में अलग-अलग तरह के लोगों आते हैं उनके साथ हमें शिष्टाचारपूर्व व्यवहार करना चाहिए। हमें इनके सामाजिक मानदंड और अपेक्षाएं पर खरा उतरना है।

उपायुक्त ने कहा कि शिष्टाचार का मतलब है श्रेष्ठ आचरण। हमें शिविर में शिष्टाचार के नियमों का पालन करना चाहिये। शिष्टाचार हमें अनावश्यक तनाव और संघर्ष से बचाता है। शिष्टाचार से हम अपने आचरण के बारे में सोचते हैं और दूसरों की भावनाओं और अधिकारों का ध्यान रखते हैं।

समाधान शिविर में पहुंचे बलराज वासी महराणा ने उपायुक्त से प्रार्थना की कि गांव में बना सर्विस स्टेशन लोगों के लिए सिर दर्द बना है। कई बार सर्विस स्टेशन के पानी से मार्ग बाधित होता है व लोगों के आने जाने में समस्या आती है। उपायुक्त ने संबंधित विभाग को जांच के आदेश दिये।

शिकायतकत्र्ता सुनीता वासी जगजीवन राम कालोनी ने उपायुक्त से गुहार लगाई की पहले वो जिस राशन डिपों से राशन लेती थी वह कई महीने से बंद है। उसे सरकार की योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा। उन्होंने उपायुक्त से राशन दिलवाने की मांग की। उपायुक्त ने खादय एवं आपूर्ति विभाग को जांच के निर्देश दिये व राशन दिलवाने के लिए कहा। एक अन्य शिकायत कत्र्ता बिल्लु ने डी प्लान के तहत बनाई गई गली की पेमंट दिलवाने के लिए प्रशासन से गुहार लगाई। उपायुक्त ने संबंधित विभाग को कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

समाधान शिविर में हनुमान चौंक के गडरियों ने प्रशासन से गुहार लगाई की उनकी झुगगी ना उठाई जाये। उनके पास और काई

## बागवानी से जुड़ी योजनाओं पर दिया जाएगा 50 प्रतिशत का अनुदान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)** डीसी डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि प्रदेश में किसानों की आय बढ़ाने व उन्हें पारंपरिक खेती से बागवानी की लाभकारी फसलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न फसलों पर विशेष अनुदान दिया जा रहा है। इसी क्रम में प्रदेश के किसानों को जिलावार मशरूम प्रोडक्शन व कंपोस्ट यूनिट लगाने पर 40 प्रतिशत का अनुदान दिया जा रहा है।

डीसी ने बताया कि मशरूम के गुणकारी लाभों के चलते बाजार में इसकी मांग में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। किसानों में इसकी खेती की सही जानकारी के अभाव में यह बाजार में अधिक मात्रा में उपलब्ध नही होता। जबकि बाजार में इसकी मांग दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि जिला के किसान फसल विविधिकरण के तहत इसकी खेती को अपनाकर बाजार से अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं।

जिला बागवानी अधिकारी डॉ. शदार्लू शंकर ने किसानों को दी जाने वाली अनुदान राशि की जानकारी देते हुए बताया कि जिला में उद्यान विभाग हरियाणा द्वारा विभागीय स्कीम के तहत जिला में एक मशरूम कंपोस्ट व एक

**लाभकारी**

⏩ जिलावार मशरूम प्रोडक्शन व कंपोस्ट यूनिट लगाने पर 40 प्रतिशत का अनुदान दिया जा रहा है

मशरूम प्रोडक्शन यूनिट लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों यूनिट की अधिकतम यूनिट कोस्ट 20 लाख निर्धारित की गई है। जिसमें 40 प्रतिशत राशि अनुदान स्वरूप दी जाएगी। इसके साथ साथ जिला में नेट हाउस/पोली हाउस के लिए 4000 स्क्वायर मीटर का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए लिए 50 प्रतिशत राशि अनुदान के रूप में दी जाएगी। इसके साथ ही राइपिंग चाम्बर के लिए 300 एमटी का लक्ष्य निर्धारित है। जिसमें 35 प्रतिशत राशि का अनुदान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 20 एचपी तक कि क्षमता के एक ट्रैक्टर पर 40 से 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाएगा। वहीं जिला में एक पैक हाउस व प्याज भंडारण कक्ष के लिए 50 प्रतिशत तक व पावर टिलर एवं बिडर पर 40 से 50 प्रतिशत तक का अनुदान दिया जाएगा।

## अलमारी से रुपये चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: शहर** थाना क्षेत्र स्थित दूध की डेयरी में रखी अलमारी से रुपये चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित राजा निवासी बेगुसराय, बिहार हाल अशोक विहार सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। अशोक विहार निवासी सतेंद्र ने गत 6 जनवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह भैंसों की डेयरी चलाता है। उसके पास राजा निवासी बिहार काम करता है। गत 29 दिसंबर को वह डेयरी के ऊपर वाले कमरे में रात को आया। कमरे में रखी लोहे की अलमारी में रखे लोहे के डिब्बे से 95 हजार रुपये की राशि को निकालकर ले गए। मामले को लेकर शहर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक देवेंद्र की टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के पास से चोरी राशि से 37 रुपये बरामद किए है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## सोनीपत हॉफ मैराथॉन 9 को, आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करें: डीसी

**प्रोत्साहन**

⏩ मुख्यमंत्री सैनी होंगे सोनीपत हॉफ मैराथॉन के चीफ गेस्ट, विजेता प्रतिभागियों को करेंगे सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने बताया कि सोनीपत में आगामी 9 फरवरी को सोनीपत मैराथॉन नाम से एक बड़ा इवेंट होने जा रहा है। इस इवेंट में अलग-अलग श्रेणियों में हजारों धावक भागीदारी करेंगे। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी सोनीपत हाफ मैराथॉन में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर उन्होंने गुरुवार को लघु सचिवालय में जिला के सभी अधिकारियों की मीटिंग ली और दिशा निर्देश दिए।सभी विश्वविद्यालय, सरकारी एवं निजी स्कूलों व कॉलेजों तथा आरडबल्यूए, सामाजिक संगठन के प्रतिनिधियों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस मैराथन में भागीदारी सुनिश्चित करें। उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने बताया कि दिल्ली और मुंबई जैसे देश के प्रमुख शहरों में आयोजित होने वाले ऐसे आयोजनों की तर्ज पर सोनीपत हॉफ मैराथॉन सोनीपत जिला के लोगों के लिए बड़ा इवेंट होगा। इसमें 50 हजार से अधिक लोग शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश में इससे पहले गुरुग्राम, फरीदाबाद व पानीपत जिला में भी यह हाफ मैराथन आयोजित की जा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि यह मैराथन पांच किलोमीटर, दस किलोमीटर व 21 किलोमीटर की होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि 60 वर्ष से उपर के वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग और 80 वर्ष से उपर के वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग से मैराथन श्रेणी शामिल की जाए।

मीटिंग में उन्होंने रूट तय करने के लिए एसडीएम सोनीपत, पुलिस विभाग से एक एसीपी और हरियाणा खेल विश्विद्यालय से एक प्रतिनिधि को शामिल करने के निर्देश दिए दिए। उन्होंने कहा कि मैराथन को लेकर सभी अधिकारियों के नेतृत्व में अलग-अलग कमेटियों का गठन किया जाएगा। मीटिंग में नगर निगम आयुक्त पंकज राव, अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, डीसीपी मनबीर सिंह, एसडीएम गोहाना अंजलि क्षोत्रिया, एसडीएम सोनीपत अमित कुमार, नगर निगम के सयुंक्त आयुक्त डा. नरेश, डीआरओ हरिओम अत्री, डीडीपीओ जितेंद्र कुमार, हरियाणा खेल विश्विद्यालय के डीन प्रो. योगेश ठाकुर सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## 882 कैनेक्शन और 82 हजार के बने हैप्पी कार्ड : उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
जिला सचिवालय में गुरूवार को उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ सीएम विंडों, जन संवाद में आई समस्याओं के निस्तारण को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर जरूरी दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त ने कहा जिस विभाग की जो भी सीएम विंडों, जन संवाद से जुड़ी जनता की जो भी समस्याएं है उनका विवरण तैयार करके शुकवार



सुबह तक सिमिट कराये ताकि 11 जनवरी को मुख्यमंत्री नायब सिंह के साथ होने वाली सभी उपायुक्तों की समीक्षा बैठक में ब्यौरा दर्ज किया जा सके।
की पैंडेंसी ना रखे। उपायुक्त ने अधिकारियों से समस्याओं की निदान में देरी क्यों हो रही हैं के बारे में भी जाकारी हासिल की व कुछ आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

**दिशा-निर्देश**

⏩ उपायुक्त ने पीएम सूर्य घर योजना के अब तक के जिले में कितने कनैक्शन हुए हैं का अपडेट भी लिया

उपायुक्त ने कहा कि परिवहन विभाग से हैप्पी कार्ड अब तक बनाने का ब्यौरा लिया तो अधिकारियो ने बताया कि 82 हजार से ज्यादा हैप्पी कार्ड बना दिये गये है। विभाग के अधिकारियों ने बताया की रोजाना 7 सौ के करीब लोगों को फोन पर सूचना देते हैं लेकिन मुश्किल से 200-250 के करीब हैप्पी कार्ड बनवाने वाले व्यक्ति ही कार्यालय में पहुंच पाते हैं।

उपायुक्त ने पीएम सूर्य घर योजना के अब तक के जिले में कितने कनैक्शन हुए हैं का अपडेट भी लिया।

## तेजधार हथियार से हमला करने की वारदात में शामिल दो आरोपित नामजद

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: सिविल** लाइन थाना क्षेत्र में बस स्टैंड के पास बीज मार्केट में युवक पर रॉड व तेजधार हथियार से हमला कर घायल करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों सहित अन्य को पुलिस ने नामजद किया है। वहीं घायल युवक को उपचार चल रहा है। युवक के शरीर पर नौ जगह चोटे मिली है। पुलिस हमलावरों की तलाश कर रही है। सिक्का कॉलोनी निवासी सौरभ ने बताया कि वह सोमवार को अपने दोस्त विशाल के साथ बस स्टैंड के पास मीट खरीदने के लिए गया था। वह गाड़ी से उतर कर दुकान पर चला गया। जबकि उसका दोस्त विशाल गाड़ी में ही बैठा रहा। जब वह दुकान की तरफ जा रहा था आदर्श नगर के रहने वाले राहुल उर्फ गोलू ने पीछे से आकर उस पर राड से हमला कर दिया। उसके साथ अभिषेक उर्फ स्टाला ने उस पर लकड़ी काटने के दा से वार करने शुरू कर दिए। उनके साथ कई और युवक थे। शोर मचाने पर आरोपित मौके से भाग गए। जिसके बाद उसके साथी विशाल ने अस्पताल में भर्ती कराया था। उसे नौ जगह चोट लगी है। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयान दर्ज कर लिए है। थाना प्रभारी सतबीर ने बताया कि दो आरोपितों को नामजद किया है। वहीं अन्य भी वारदात में शामिल है। जिनकी पहचान के प्रयास किए जा रहे है। जल्द से जल्द आरोपितों को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

**तलाश जारी**

⏩ घायल युवक को उपचार चल रहा है। युवक के शरीर पर नौ जगह चोटे मिली है। पुलिस हमलावरों की तलाश कर रही

### 13 जनवरी को लगाई जाएगी बोली

**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. पंकज यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला पानीपत में स्थित जिला सचिवालय/न्यायिक परिसर के साईकल, स्कूटर, कार, जीप स्टैण्ड वर्ष की पार्किंग 2025 यानि 1 जनवरी 2025 से 31 दिसम्बर 2025 तक ठेके पर दी जानी है। जिसके लिए बोली 13 जनवरी को दोपहर 12 बजे की जाएगी। उक्त बोली लघु सचिवालय स्थित द्वितीय तल सभागार में उपमण्डल अधिकारी (ना.) पानीपत, नगराधीश पानीपत, लेखाधिकारी अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय और जिला नाजर की देखरेख में की जाएगी।

## सर छोटू राम जी पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में किया पौधारोपण

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**आर्य** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में राष्ट्रीय सेवा योजना (ठरर) के तहत सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन श्री सर छोटू राम की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पानीपत जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बुरा ने विद्यालय प्रांगण में पौधा रोपण किया। कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्य अतिथि राकेश बुरा का स्वागत विद्यालय के प्राचार्य मनीष घनघस और प्रवीण वर्मा जी ने पुष्पगुच्छ देकर किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक रामपाल जागलान, मेहर सिंह भी उपस्थित




थे। राकेश बुरा ने ठरर की प्रतिदिन की गतिविधियों की जानकारी ली और विद्यालय द्वारा की गई साफ-सफाई और प्रबंध व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने छोटे राम की पुण्यतिथि के अवसर पर छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि उनका जीवन सरल और ऊजार्वान होना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को छोटे राम जी के जीवन से प्रेरणा लेने और अपने जीवन को सरल, जिम्मेदार और ऊजार्वान बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान प्रबंधक

**याद किया**

⏩ शिविर के दूसरे दिन श्री सर छोटू राम की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया

रामपाल जागलान ने स्वयंसेवकों को समाज की युवा पीढ़ी को छोटे राम जी की जीवनी से प्रेरित होकर आगे बढ़ने के लिए कहा। उन्होंने छोटु राम जी के समाज में एकता को बढ़ावा देने और उच्च नीच तथा जातिवाद का विरोध करने की बात की। प्राचार्य मनीष घनघस ने सादा जीवन उच्च विचार के महत्व को समझाया।

## ंटर्नशिप प्रोग्राम का सर्टिफिकेट वितरण समारोह आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**जी.टी. रोड** स्थित आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में इंटर्नशिप इकाई, हनीवेल और आईसीटी अकैडमी के संयुक्त तत्वावधान में साइबर सिक्योरिटी पर चल रहे इंटर्नशिप प्रोग्राम का सर्टिफिकेट वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग, माधवी( संयोजिका, इंटर्नशिप इकाई) , हिमांशी और शिखा जुनेजा (सॉफ्ट स्किल ट्रेनर) द्वारा क्ळळ अकादमी से आए मिस्टर अभिनंदन पांडे,(स्टेट हेड कॉरपोरेट कम्युनिकेशन एकेडमिक्स एंड गवर्नमेंट इनिशिएटिव ), और मिस्टर शुभम



वर्मा रिलेशनशिप मैनेजर एकेडमीक आपोरेशन एंड कॉरपोरेट कम्युनिकेशन )को तुलसी का पौधा और स्मृति चिन्ह भेंट करके दिया किया गया । इस अवसर पर अभिनंदन पांडे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कॉलेज के तीन साल अति महत्वपूर्ण है और ये आपका भविष्य निर्धारित करेंगे` महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के दौर में आगे बढ़ाने के लिए अपनी अपनी स्किल्स को निखारना बहुत जरूरी है क्योंकि विद्यार्थियों को नौकरी पाने के लिए अपने आप को इंडस्ट्री की जरूरत के हिसाब से खुद को तैयार करना होगा । उन्होंने यह भी कहा कि कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी, कुरुक्षेत्र द्वारा न्यू एजुकेशन पॉलिसी 2020 लागू हो गई है जिसके तहत हर विद्यार्थी को इंटर्नशिप करना जरूरी हो गया है ताकि विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ अपने आप को रोजगार के लिए भी तैयार कर सके। इंटर्नशिप सेल की संयोजिका सुश्री माधवी ने कहा कि हमारा महाविद्यालय विद्यार्थियों को केवल शिक्षा ही नहीं प्रदान करता बल्कि इंटर्नशिप के नए-नए अवसर प्रदान कर रहा हैं ताकि वह अपने कौशल को बढ़ा सके और प्रैक्टिकल एक्सपोजर ले सके। इस इंटर्नशिप से लगभग 60 विद्यार्थी लाभान्वित हुए और उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । इन विद्यार्थियों को इस इंटर्नशिप प्रोग्राम से भविष्य में नौकरी पाने में मदद

**अवसर**

⏩ रिलेशनशिप मैनेजर आपोरेशन एंड कॉरपोरेट कम्युनिकेशन) को तुलसी का पौधा और स्मृति चिन्ह भेंट करके दिया किया गया

## नागरिक अस्पताल में हड्डी रोग व ईएनटी की ओपीडी रही बंद,

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: जिले** के नागरिक अस्पताल सोनीपत में मरीजों को बेहतर उपचार देने के दावे खोखले साबित हो है। प्रबंधन की तरफ से चिकित्सकों की ड्यूटी आपातकालीन स्थिति में लगा दी जा रही है। जिसके चलते अस्पताल में आने वाले मरीज बिना उपचार के वापस लौटने पर मजबूर है। अस्पताल में बुधवार को हड्डी व ईएनटी की ओपीडी बंद होने के चलते सैकड़ों मरीज बिना उपचार के वापस लौट गए। मरीज दूर-दराज क्षेत्र से उपचार के लिए अस्पताल में आते है, उन्हें चिकित्सक के ओपीडी में न होने के चलते वापस लौटना पड़ता है। बता दें कि नागरिक अस्पताल सोनीपत में मौजूद समय में ओपीडी रजिस्ट्रेशन 1800 से ऊपर की संख्या है। जिसमें हड्डी व ईएनटी की ओपीडी करीब सात सौ से लेकर आठ सौ तक पहुंच जाती है।

इसके अलावा मेडिकल प्रमाण-पत्र बनवाने वाले अभ्यार्थी अलग से होते है। बुधवार को हड्डी विभाग में तैनात डा. विपिन दलाल छुट्टी पर थे। वहीं डा???. दीपक की प्रबंधन की तरफ से आपातकालीन कक्ष में ड्यूटी लगा दी। वहीं ईएनटी का चिकित्सक कई दिनों से छुट्टी पर चल रहा है। अस्पताल में दोनों ओपीडी बंद होने का असर मरीजों पर देखने को मिलता है। दूर-दराज से आने वाले मरीजों को बिना उपचार के ही वापस लौटना पड़ता है।

**मरीज परेशान**

⏩ ।ागरिक अस्पताल सोनीपत में मौजूद समय में ओपीडी रजिस्ट्रेशन 1800 से ऊपर की संख्या है

**कई दिनों से लिफ्ट खराब, मरीजों को उठानी पड़ रही परेशानी**

नागरिक अस्पताल में कई दिनों से लिफ्ट खराब है। जिसके कारण मरीज व उनके परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# डिप्टी चेयरमैन सुशील जोंटी ने किया कौशलपुरी का दौरा






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली के** संगम पार्क वार्ड के अन्तर्गत आने वाले इलाके लाल बाग, कौशलपुरी, चौकी नम्बर-4 का निगम कर्मचारी और अधिकारियों के साथ केशवपुरम जोन के डिप्टी चेयरमैन व निगम पार्षद सुशील जोंटी ने दौरा किया और लोगों की समस्याएं सुन उनकी समस्या का निवारण भी किया। इस मौके पर निगम पार्षद सुशील जोंटी ने कहा कि मैं क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रहा हूं ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि निगम की टीम के द्वारा क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। क्षेत्र में नियमित रूप से कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपने घर का कूड़ा केवल कूड़ेदान या कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डाले, जिससे की क्षेत्र का वातावरण साफ और स्वच्छ नजर आये। उन्होंने यह भी बताया कि दौरे के दौरान लोगों ने मुझे कई समस्याएं भी बताई है, जिसे मैं गंभीरता से लेते हुए उन समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करूंगा ताकि जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े।

## जहांगीरपुरी वार्ड: आम आदमी पार्टी के नेता सुरेश शर्मा ने किया क्षेत्र का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली के वार्ड**-18 जहांगीर पुरी के कलंदर कॉलोनी, विश्वनाथ पुरी, बसंत दादा पाटिल नगर, स्वामी श्रद्धानंद कॉलोनी का आप नेता सुरेश शर्मा ने दौरा किया और सफाई निरीक्षण भी किया।
इस मौके पर आप नेता सुरेश शर्मा ने बताया कि आज जहांगीरपुरी वार्ड के कई इलाको में मैंने दौरा किया और लोगों की जो भी समस्याएं थी, उसका समाधान भी करवाया गया, जिससे की लोगों को बेहतर सुविधाएं मिले और लोग परेशान न हो। उन्होंने आगे बताया कि क्षेत्र में



जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, निगम की टीम के द्वारा कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव करवाना, नियमित रूप से सफाई करवाई जा रही है। ताकि जनता को परेशान न होना पड़े।

## शहीद राजा नाहर सिंह को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: स्वतंत्रता** आंदोलन में 1857 की क्रांति ने एक चिंगारी का काम किया और इस क्रांति में फव्वारा चौक चांदनी चौक का बलिदानी इतिहास है। औरंगजेब के आदेश पर इस्लाम धर्म कबूल ना करने पर इसी स्थान पर शहीद गुरु तेग बहादुर को 1675 में शहीद किया गया था। जिनकी याद में शीशगंज गुरुद्वारा बनाया गया है। लाल किले से कुछ दूरी पर यहां पर कोतवाली होती थी। जिसमें स्वतंत्रता सेनानियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करना, उनके खिलाफ कार्रवाई करना और यहीं पर हजारों क्रांतिकारियों, स्वतंत्रता सेनानियों को फांसी दी गई थी। जिसमें 1857 की क्रांति में महत्वपूर्ण भूमिका



निभाने वाले महानायकों में से एक शहीद राजा नाहर सिंह और उनके सहयोगी कुशाल सिंह, गुलाब सिंह और भूरा सिंह को भी 9 जनवरी 1958 को फांसी दी गई थी। राजा नाहर सिंह अभियान के द्वारा आज उनके 167वें बलिदान दिवस पर हवन करके श्रद्धांजलि दी गई। उक्त बातें अभियान के संयोजक ड़ॉ हरपाल सिंह जटराणा ने बताई। उन्होंने बताया कि इसी स्थान पर 26 वर्षों से हवन करके श्रद्धांजलि दी जा रही है। लगभग 20 वर्ष पहले यहां पर शहीदी स्तंभ बनाया गया और उस पर शहीद राजा नाहर सिंह की प्रतिमा भी कुछ वर्ष पहले स्थापित की गई थी। जिसकी सरकार के द्वारा नवीनीकरण करने की प्रक्रिया भी आरंभ हो गई है। जटराणा ने बताया कि इस कार्यक्रम में गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा के व्यक्ति विशेष तौर से सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुजरात से आए रामजी भाई ने की और यजमान की भूमिका भी उन्होंने ही निभाई। कार्यक्रम के संयोजक ईश्वर सिंह तेवतिया सहित 360 गांव के प्रधान सुरेंद्र सोलंकी सहित श्रद्धांजलि सभा में अनेकों गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

## जहांगीरपुरी: भारी मतों से विजयी होगें दीपक चौधरी: जितेन्द्र ढीका

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भाजपा नेता जितेन्द्र ढीका ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही देश में एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में नई-नई योजनाएं लागू की है। इन योजनाओं का लाभ देश की जनता को मिल रहा है और देश की जनता विकास की ओर अग्रसर हो रही है। उन्होंने आगे बताया कि बादली विधानसभा क्षेत्र से दीपक चौधरी को भाजपा का प्रत्याशी बनाये जाने पर मैं उन्हें बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि हम सभी को संगठित



होकर कार्य करना है और भाजपा के कार्य व भाजपा की नीतियों को घर-घर तक पहुंचना है, जिससे की जनता भाजपा के कार्यों को बेहतर तरीके से जान सके। उन्होंने आगे बताया कि दिल्ली की जनता आम आदमी पार्टी के खोखले और झूठे वादो से परेशान है। हम जनसंपर्क के दौरान जहां पर भी जा रहे है। जनता भाजपा को समर्थन करने की बात कर रही है।
उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अभी हाल ही में राजधानी दिल्ली में जिस प्रकार से कई योजनाओं व बड़े कार्य का शुभारंभ किया है। उससे दिल्ली की जनता में उत्साह का संचार हुआ है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सोच से सभी प्रभावित है। यही कारण है कि देश सहित विदेश के लोग भी पीएम मोदी को पसंद करते है।

## 'दिल्ली की 100 फीसदी आबादी को कवर करेगी योजना'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली सरकार** के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. नरेंद्र नाथ ने कहा कि दिल्ली कांग्रेस की 25 लाख रुपये स्वास्थ्य बीमा की 'जीवन रक्षा योजना' सत्ता में आने के बाद स्वास्थ्य का अधिकार के तहत दिल्ली के 100 प्रतिशत निवासियों को मुफ्त इलाज की सुविधा देगी, जो अरविन्द केजरीवाल के खोखले वादों की तरह नहीं होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस दिल्ली की सत्ता में आते ही अपनी गारंटियों को जनता के लिए लागू करेगी, जबकि 11 वर्षों के राज में केजरीवाल ने जनता से किए 70 वादों में से एक भी पूरा नही किया। उन्होंने कहा कि केजरीवाल के तथाकथित मोहल्ला क्लिनिक



दवाओं, डॉक्टरों, कर्मचारियों और उपकरणों के बिना चल रहे है वहीं सरकारी अस्पतालों तक में डाक्टर, नर्स, पैरामेडिकल स्टाफ और दवाई सहित ऑपरेशन थियेटर और टेस्ट की सुविधाओं का अभाव है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल को स्वास्थ्य मॉडल पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। संवाददाता सम्मेलन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नेशनल कॉआर्डिनेट अभय दुबे और मीडिया समन्वयक रश्मी सिंह मिगलानी, असमा तसलीम, डॉ अरुण अग्रवाल और ज्योति कुमार सिंह उपस्थित थे। प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए डॉ. नरेंद्र नाथ ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने 48,000 अस्पताल बिस्तर उपलब्ध कराए थे, 16 मेडिकल कॉलेज, सात बड़े सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल स्थापित किए थे और शहर में 95 प्रमुख अस्पताल थे, लेकिन केजरीवाल सरकार ने शीला दीक्षित सरकार द्वारा निर्मित स्वास्थ्य क्षेत्र को पूरी तरह बर्बाद कर दिया और कोविड-19 महामारी के दौरान लोगों को आईसीयू मेडिकल ऑक्सीजन, बेड, दवा, एम्बुलेंस के वेंटिलेटर की कमी से जूझना पड़ा। भीषण महामारी से समय पर पर्याप्त मेडिकल सुविधाएं न मिलने से राजधानी में रिकॉर्ड मौतें हुई, जबकि केजरीवाल अपने शीश महल में रहे। डॉ. नरेंद्र नाथ ने कहा कि राजस्थान में अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार 25 लाख रुपये की स्वास्थ्य देखभाल के लिए चिरंजीवी योजना लागू करने वाली पहली सरकार थी।

## शालीमार बाग: रक्तदान है जरूरी है, इसलिए करें रक्तदान: बालेराम

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: शालीमार** बाग के समाजसेवी बालेराम ने कहा कि रक्तदान महादान होता है, इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि लोगों के मन में एक भ्रम रहता है कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आती है, लेकिन यह केवल भ्रम ही है, रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं आती है, बल्कि आपके द्वारा किये गये रक्तदान से किसी को जीवनदान अवश्य ही मिल जाता है। इसलिए सभी रक्तदान अवश्य ही करें। उन्होंने आगे बताया कि रक्तदान के



महत्व का हमें तब पता चलता है जब कोई हमारा करीबी रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता। इसलिए मैं सभी अपील करते हुए कहना चाहता हूं कि सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए जागरूक करें।

## यदुवंशी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेन्द्र यादव से मिले बिहार प्रदेश के यादव समाज के लोग




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के राष्ट्रीय कार्यालय रोहिणी सेक्टर-6 में राष्ट्रीय महासचिव व प्रभारी बिहार रासबिहारी यादव के नेतृत्व में बिहार से पूर्व बिहार प्रदेश अध्यक्ष बबन सिंह यादव दिनारा रोहतास बिहार से और रोहतास सासाराम से डीएस यादव, जिला बक्सर बिहार से अप्पु यादव, बक्सर से पिरीश यादव सहित कई यादव समाज के लोगों ने अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेन्द्र यादव से मुलाकात की। रासबिहारी मंडल ने बताया कि सेना में अहीर रेजिमेंट को लेकर आन्दोलन करने पर चर्चा हुई और बक्सर सहित रोहतास जिला सहित पूरे बिहार में संगठन को मजबूत करने पर विचार विमर्श हुआ।

## दिल्ली में लहरायेगा कांग्रेस पार्टी का परचम: भारत सिंह राघव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष भारत सिंह राघव ने बताया कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है, आज जो आप दिल्ली में विकास देख रहे है, वह कांग्रेस की देन है क्योंकि कांग्रेस पार्टी जो कहती है वह करके दिखाती है। उन्होंने आगे बताया कि कांग्रेस की शीला दीक्षित सरकार में राजधानी दिल्ली में विकास ही विकास हुआ था। दिल्ली की जनता काफी ज्यादा खुश थी। श्री राघव ने आगे बताया कि दिल्ली में आप जो बड़े-बड़े फ्लाईओवर, लो-फ्लोर बसे, स्कूल, कॉलेज और अस्पताल देख रहे है। वह सब कांग्रेस की देन है क्योंकि कांग्रेस



पार्टी ही एकमात्र पार्टी है जो वादे की पक्की है और सभी के हित में हमेशा ही कार्य करती है। उन्होंने आगे बताया कि हम जनसंपर्क के दौरान जहां पर भी जा रहे है, जनता कांग्रेस को वापिस सरकार में देखना चाहती है। उन्होंने बताया कि लोग कहते है कि कांग्रेस ही अच्छी पार्टी है।

## मोदी का गब्बार सिंह टैक्स कहर बरपा रहा है: सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए सांसद शक्तिसिन्ह गोहिल ने कहा कि कांग्रेस की यूपीए सरकार के प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह ने 2017 में देश में जीएसटी के सरलीकरण स्वरुप को लागू कर-के गरीबों को राहत पहुंचाने की मंशा से प्रारुप तैयार किया, जिसको भाजपा की मोदी सरकार उल्ट करके गरीबों का पैसा लूटकर चंद अपने पूंजीपति मित्रों को सीधा फायदा पहुंचाने की नीति पर जीएसटी को 9 स्लेब में 1 प्रतिशत से 28 प्रतिशत तक लागू करके देश में गरीब और




अमीर के बीच की खाई को अंग्रेजों के समय से भी ज्यादा बढ़ा दिया है। संवाददाता सम्मेलन में शक्तिसिन्ह गोहिल के अलावा नेशनल कॉआर्डिनेटर अभय दूबे, ज्योति कुमार सिंह, रश्मि सिंह मिगलानी, आस्मा तस्लीम और डा. अरुण अग्रवाल भी मौजूद थे। शक्तिसिन्ह गोहिल ने संबोधित करते हुए कहा कि 70 वर्षों में जो देश की केन्द्र सरकारों ने देश के गरीब आदमी की आमदनी बढ़ाकर उसकी बचत बढ़ाने के लिए काम किया था, भाजपा की मोदी सरकार ने अपने 10 वर्षों के शासन में 95 प्रतिशत देशवासियों की आमदनी के साथ-साथ उनके खर्चों पर भी जीएसटी के रुप में टैक्स वसूल कर गरीब और मध्यम वर्ग की बचत को पूरी तरह खत्म कर दिया है। आज देश में गरीब और मध्यम वर्ग की 90 प्रतिशत जनता टैक्स के रुप में 2/3 प्रतिशत पैसा देती है जबकि चंद चहीते पूंजीपति मित्रों सहित 10 प्रतिशत अरबपति सिर्फ 3 प्रतिशत जीएसटी ही अदा करते हैं। जिससे पिछले 10 वर्षों में जहां मोदी मित्रों की सम्पत्ति बेतहाशा बढ़ रही है वहीं आम नागरिक इतना कमजोर हो गया कि उसकी आमदनी खर्चों के लिए भी कम पड़ रही है। भाजपा की मोदी सरकार पूंजीपतियों के संरक्षण और पोषण के लिए हर संभव काम कर रही है।

## पेड़-पौधों से मिलती है हमें कई प्रकार की औषधियां: ज्योति सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र की समाजसेविका ज्योति सैनी ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि गरीब व निर्धन की मदद करना पुण्य कार्य है, इसलिए मैं सभी से कहना चाहती हूं कि सभी गरीब व असहाय की मदद के लिए आये। ज्योति सैनी ने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि हम सभी को अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए,



इससे क्षेत्र का वातावरण हरा-भरा नजर आता है। उन्होंने आगे बताया कि पेड़-पौधे लगाना केवल वन विभाग की ही जिम्मेवारी नहीं है, यह हम सभी की भी जिम्मेवारी है कि हम अधिक से अधिक पौधे लगाये और दूसरे को इस पुण्य के कार्य के प्रति जागरूक करें। उन्होंने आगे बताया कि पेड़-पौधे जहां एक ओर हमें फल और फूल और छाया देते है, वहीं इनसे हमें कई प्रकार की औषधियां भी प्राप्त होती है। इसलिए सभी पौधारोपण करें और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें।
उन्होंने लोगों से अपील करते हुए यह भी कहा कि अपने घर का कूड़ा केवल कूड़ेदान व कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डाले, जिससे की क्षेत्र का वातावरण साफ और स्वच्छ नजर आये।

# महाकुम्भ में दिखेगी 'स्वच्छ सुजल गांव' की तस्वीर

## एक क्लिक में अपने गांव में जल, टैब, जलापूर्ति आदि की वास्तविक स्थिति भी जान सकेंगे यूपी के

**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भ नगरः महाकुम्भ-2025** में देश-विदेश से आने वाले 40-45 करोड़ श्रद्धालु यूपी के 'स्वच्छ सुजल गांव' की तस्वीर भी देखेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में जल जीवन मिशन के जरिए बुंदेलखंड के गांव-गांव में हर घर जल पहुंचाने की नई तस्वीर से भी रूबरू होंगे। 2017 के बाद से बदले बुंदेलखंड की गाथा भी दिखेगी। 40 हजार वर्ग फुट क्षेत्रफल में बसे गांव में पीएम आवास, सीएम आवास, ग्राम पंचायत, सोलर एनर्जी के जरिये समृद्ध उत्तर प्रदेश की नई कहानी भी दिखेगी। यह गाथा बदले यूपी की पहचान से हर श्रद्धालुओं को अवगत कराएगी। वहीं डिजिटल कॉर्नर में पहुंचकर उत्तर प्रदेश का हर नागरिक अपने गांव में



जल, टैब, जलापूर्ति की वास्तविक स्थिति भी जान सकेंगे। महाकुम्भ में 10 जनवरी से 26 फरवरी तक बसेगा गांव ग्रामीण जलापूर्ति व नमामि गंगे विभाग महाकुम्भ-2025 में 'स्वच्छ सुजल गांव' बसा लिया है। इस गांव का दर्शन 10 जनवरी से 26 फरवरी तक होगा। 'पेयजल का समाधान, मेरे गांव की नई पहचान' थीम पर यह गांव 40 हजार वर्ग फुट क्षेत्रफल में बसेगा। कभी प्यासे रहे बुंदेलखंड में प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पेयजल की समस्या का समाधान हो गया है। 47 दिन तक इस गांव में अलग-अलग कार्यक्रम भी होंगे। प्रदर्शनी में बुंदेलखंड के ग्रामीण महिलाओं को मंच मुहैया कराया जाएगा। इसमें वे बदलाव की कहानी भी बयां करेंगी। बांदा, झांसी, चित्रकूट के कई गांवों में पानी न होने के कारण शादी नहीं हो पाती थी। ललितपुर व महोबा के उन गांवों की महिलाएं, पानी ढोने के कारण जिनके सिर से बाल गायब हो गए थे। शुद्ध पानी से जीवन में आए बदलाव की कहानी को वे बयां करेंगी। यहां हर जानकारी पांच भाषा (हिंदी, अंग्रेजी, बांग्ला, तेलगू व मराठी) में मिलेगी।

'जल मंदिर' भी देगा संदेश- जल जीवनदायी है, इसका संरक्षण करें ग्रामीण जलापूर्ति व नमामि गंगे विभाग की तरफ से महाकुम्भ में 'जल मंदिर' भी बनाया जाएगा। 'जल मंदिर' में भगवान शिव की जटा से गंगा धरती पर आएंगी। इसके जरिए संदेश दिया जाएगा कि जल प्रसाद है, जल जीवनदायी है। इसे बर्बाद न करें, बल्कि संरक्षण करें। 'जल मंदिर' में सुबह-शाम जल आरती भी होगी। इस आरती में जल जीवन मिशन की गाथा, जल संरक्षण का संदेश भी होगा।'अतिथि देवो भवः' की परंपरा का भी निर्वहन करेगा नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति विभाग 'अतिथि देवो भवः'

भारत की परंपरा है। स्वच्छ सुजल गांव में आने वाले अतिथियों का नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति विभाग सम्मान भी करेगा। आगंतुकों को जूट-कपड़े के बैग में 'जल प्रसाद' दिया जाएगा। इसमें संगम का जल, जल जीवन मिशन की डायरी, सफलता व बदलाव की कहानी से जुड़ी अध्ययन सामग्री आदि भी रहेगी।

# मृतक माधव के परिजनों को मुआवजा व मकान दे सरकार : रमेश सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुराः समाजवादी** पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के महानगर रमेश सैनी के नेतृत्व में गत 4 जनवरी महाविद्या कॉलोनी एफ सेक्टर थाना गोविंद नगर नगर निगम की लापरवाही से खुले पड़े नाले में 8 वर्षीय इकलौते मासूम माधव पुत्र मोहन वर्मा (नाई) डूब कर अकाल मृत्यु हो जाने से आहत पीड़ित परिवार के साथ जिलाधिकारी कार्यालय मथुरा पर प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी मांट प्रांजया सिंह को जिलाधिकारी के नाम खुला मांग पत्र सौंपा खुले मांग पत्र में पीड़ित परिवार जो 20 बरस से किराए पर रह रहा है कोई स्थाई निवास हेतु एक आवास एवं परिवार में पांच

**मांग पत्र**

**आहत परिवार को 10 लख रुपए की आर्थिक सहायता दिलाने की बात रमेश सैनी ने प्रमुखता से रखी**

बेटियों को सर्व शिक्षा अभियान के तहत और केंद्र सरकार की जनहितकारी मनसा अनुरूप बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत विद्यालयों में प्रवेश कराने, मासूम बालक के आहत परिवार को 10 लख रुपए की आर्थिक सहायता दिलाने की बात रमेश सैनी ने प्रमुखता से रखी साथ ही कहा कि आज 5 दिन बीत जाने के बाद भी प्रशासन का कोई भी जिम्मेदार/सक्षम अधिकारी पीड़ित परिवार के आंसू पोंछने व संवेदना व्यक्त करने तक नही पहुंचा ये प्रशासन की संवेदनशीलता का हाल है इस मौके पर लुकेश कुमार राही, एवं डॉ. राजेंद्र राजेंद्र प्रसाद पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, महानगर सचिव मुकेश सैनी समाजवादी पार्टी ने संयुक्त रूप से परिवार को चहुमुखी न्याय दिलाने के लिए प्रशासन से तत्काल कदम उठाने की मांग की इस दौरान मोहन वर्मा, आकाश बाबू, बलबीर सिंह, बनबारी लाल सविता, पीतम सैनी, ओमपाल सिंह सैनी, श्याम सुन्दर, विनोद कुमार सविता,गौरी शंकर, राजेंद्र पाल, रिषि पाल, योगेश सविता आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### डीपीआईआईटी ने जेके सीमेंट के साथ की साझेदारी

**गुरुग्राम।** डिपार्टमेन्ट फॉर प्रोमोशन ऑफ इंडस्ट्री एण्ड इंटरनल ट्रेड (डीपीआईआईटी), वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय तथा ग्रे एवं व्हाइट सीमेंट के अग्रणी निमार्ता जेके सीमेंट ने इनोवेशन को बढ़ावा देने, उद्यमियों को सशक्त बनाने तथा भारत के मैनुफैक्चरिंग सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। डीपीआईआईटी के अनुसार प्रोडक्ट स्टार्टअप्स, इनोवेटर्स एवं एंटरप्रेन्योर्स को बढ़ावा देकर भारत को ग्लोबल मैनुफैक्चरिंग हब के रूप में बदलना इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य है। यह साझेदारी जेके सीमेंट के तहत आधुनिक बुनियादी सुविधाएं, अत्याधुनिक निर्माण एवं आर एण्ड डी सुविधाएं, मेंटरशिप के अवसर, पायलट परियोजनाएं और युनिवर्सिटी संसाधन उपलब्ध कराएगी। जेके सीमेंट की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए श्री माधवकृष्णा सिंघानिया, जॉइन्ट मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, जेके सीमेंट ने कहा, ह्यह्यडीपीआईआईटी के साथ साझेदारी राष्ट्र निर्माण की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हम एक साथ मिलकर ऐसे अनुकूल एवं प्रतिस्पर्धी मैनुफैक्चरिंग सिस्टम का निर्माण करना चाहते हैं, जो भारत को आत्मनिर्भर एवं इनोवेशन-उन्मुख अर्थव्यवस्था बनाने में योगदान देगा। यह साझेदारी सुनिश्चित करेगी कि भारत का मैनफैक्चरिंग सिस्टम अप्रत्याशित उंचाईयों तक पहुंच सके, देश में आर्थिक समृद्धि एवं तकनीकी प्रगति को बढ़ावा दिया जा सके। इस एमओयू के स्टार्टअप्स के अनुकूल पहल बताते हुए श्री संजीव सिंह, संयुक्त सचिव, डीपीआईआईटी ने कहा, स्टार्टअप्स एवं इनोवेटर्स के लिए अनुकूल माहौल के निर्माण हेतु जेके सीमेंट के साथ यह साझेदारी सही दिशा में सही कदम है। डीपीआईआईटी और जेके सीमेंट ने ऐसे भविष्य की परिकल्पना की है जहां भारत इनोवेशन, स्थायित्व एवं आर्थिक मजबूती के साथ मैनुफैक्चरिंग के लिए ग्लोबल लीडर के रूप में स्थापित हो सकेगा।



### एनीमिया के दूसरे प्रकारों से कैसे अलग है एप्लास्टिक एनीमिया

**गुरुग्राम।** एप्लास्टिक एनीमिया एक दुर्लभ रक्त रोग है। इसमें बोन मैरो असामान्य स्टेम कोशिकाएं बनाता है। यह रोग अक्सर पैतृक आधार पर चलता है और आमतौर पर इसका पता बचपन या किशोरवय में लगता है। एनीमिया में शरीर लाल रक्त कोशिकाओं को पर्याप्त मात्रा में नहीं बना पाता, जबकि एप्लास्टिक एनीमिया केवल एनीमिया नहीं है, बल्कि इसे पैंसीटोपेनिया कहा जाता है। यह एक मेडिकल स्थिति है, जिसमें सभी प्रकार की रक्त कोशिकाओं की संख्या में महत्वपूर्ण कमी हो जाती है। इसमें ल्यूकोपेनिया में सफेद रक्त कोशिकाओं की कमी होती है। एनीमिया में लाल रक्त कोशिकाएं कम हो जाती हैं और थ्रॉम्बोसाइटोपेनिया में प्लेटलेट्स की कमी होती है। यह सभी समस्याएं बोनमैरो के पूरी तरह से काम बंद करने के कारण होती हैं।
केजीएमयू, लखनऊ, यूपी में डीएम क्लिनिकल हीमैटोलॉजी डॉ. एस.पी वर्मा कहते हैं, "एप्लास्टिक एनीमिया व्यक्ति के जीवन को काफी प्रभावित करता है। इसमें थकान महसूस होती है, चक्कर आते हैं और रोजमर्रा के काम सामान्य रूप से करने में व्यक्ति थकावट महसूस करता है। इससे मरीज को गंभीर रक्तस्राव या बार-बार संक्रमण हो सकते हैं, जिससे मरीजों को बार-बार अस्पताल में भर्ती होने और खून चढ़ाने की जरूरत पड़ती है। मेदांता हॉस्पिटल, लखनऊ में हीमैटोलॉ?जी विभाग के निदेशक डॉ. अंशुल गुप्ता कहते हैं, "एप्लास्टिक एनीमिया के मरीजों की उत्तेरजीविता दर 75-80 प्रतिशत है, लेकिन इस बीमारी का जल्दी से जल्दी इलाज कराना बहुत जरूरी है। कुछ गंभीर मामलों में पूरे बोनमैरो के ट्रांसप्लांट की जरूरत हो सकती है। इससे व्यक्ति के जीवित रहने की संभावना बढ़ सकती है। यह स्थिति व्यक्ति और उनके परिवारों के लिए चिंता का कारण हो सकती है, लेकिन यह एक ऐसी बीमारी है जिसका इलाज संभव है और इलाज का खर्च भी ज्यादा नहीं होता।

### फार्मेसी के क्षेत्र में एआई पर होगा साझा शोध कार्य

**गोरखपुरः महायोगी** गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर के औषधि विज्ञान संकाय और महाराणा प्रताप इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमपीआईटी) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर एआई के बीच गुरुवार को हुई एक बैठक में एआई एंड मशीन लर्निंग बेस्ड रिसर्च इन फामेर्सी पर साझा शोध कार्य करने का प्रस्ताव हुआ है।

## ट्रैक्टर की चपेट में आकर मजदूर की मौत एक घायल

**बागपतः बागपत** जनपद के सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र में एक ट्रैक्टर ने दो मजदूरों को कुचल दिया। एक मजदूर की मौत हो गयी है, जबकि दूसरे को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ट्रैक्टर चालक को हिरासत में ले लिया गया है। सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र के तितरोदा गांव के पास सड़क का निर्माण चल रहा है। गुरुवार को सड़क पर मजदूर अपना काम कर रहे थे। सुबह करीब 1 बजे तितरोदा गांव से एक ट्रैक्टर तेज गति से आया और मजदूरों को कुचल दिया। ट्रैक्टर की चपेट में आकर शामली निवासी तैयब पुत्र मुस्तकीम की मौत हो गयी जबकि मुसर्रफ नाम का मजदूर घायल है।

# युवा अधिकारी अनुशासन एवं सत्यनिष्ठा बनाए रखें: प्रवीण सूद

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबादः केंद्रीय** अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के 57 उप-निरीक्षकों (29वें बैच) की पासिंग आउट परेड (पीओपी) गुरुवार को सीबीआई अकादमी परिसर में आयोजित की गई। इस समारोह में सीबीआई के निदेशक प्रवीण सूद मुख्य अतिथि थे। श्री प्रवीण सूद ने अधिकारियों से उद्यमिता, निष्पक्षता एवं सत्यनिष्ठा के सीबीआई मोटो से प्रेरणा लेते हुए अनुशासन के उच्च मानकों का पालन करने का आह्वान किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे बिना किसी शक, बेदाग आचरण के साथ 24x7 पुलिस अधिकारी के रूप में कार्य करें।



उन्होंने कहा कि सीबीआई, किसी भी तरह की चूक के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति रखती है एवं इस बात पर जोर दिया कि किसी को लाभ अथवा हानि पहुंचाने के लिए की गई गलती को माफ नहीं किया जाता है। श्री सूद ने परिवारों से अपने अधिकारियों का समर्थन करने का भी आह्वान किया, जिन्हें अपने कर्तव्यों का पालन करने हेतु बड़े बलिदान देने होंगे। इस अवसर पर श्री प्रवीण सूद ने युवा अधिकारियों एवं उनके परिवारों को सीबीआई अकादमी द्वारा दिए गए प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूर्ण करने हेतु बधाई दी। जिसमें आधुनिक एवं नए युग के जांच उपकरणों सहित जांच के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया ताकि वे भविष्य के लिए तैयार रहें। उन्होंने युवा अधिकारियों के कौशल को निखारने की दिशा में कड़ी मेहनत करने के लिए सीबीआई अकादमी के अधिकारियों व कर्मियों की भी सराहना की। अधिकारियों के समूह का उल्लेख करते हुए, श्री सूद ने संतोष व्यक्त किया कि इस बैच में महिला अधिकारियों की संख्या सबसे अधिक में से है। उन्होंने कहा कि सीबीआई में मंत्रालयीय कार्मिक के रूप में कार्य करने से लेकर अब पुलिस अधिकारी के रूप में पात्रता प्राप्त करने तक, इन अधिकारियों में एक बड़ा बदलाव आया है। ज्ञान की सदैव चाह रखने का आह्वान करते हुए कहा कि ज्ञान एवं कौशल-उन्नयन की खोज में अपने वरिष्ठों से सवाल पूछने में कभी संकोच न करें।
लिमिटेड डिपार्टमेन्टल कॉम्पिटीटिव एग्जामिनेशन उत्तीर्ण करने के बाद, 18 जून 2024 को अपने बुनियादी प्रशिक्षण के लिए सीबीआई अकादमी में शामिल हुए। उप-निरीक्षकों का 29वां बैच आज पास आउट हुआ।

## छत्तीसगढ़ में मुकेश चंद्राकर की हत्या पत्रकारों को डराने की कोशिश: दिनेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुराः राष्ट्रीय** पत्रकार सुरक्षा परिषद रजि0 मथुरा जनपद के संरक्षक दिनेश कुमार पंकज द्वारा छत्तीसगढ़ के बीजापुर मै हुई पत्रकार मुकेश चंद्राकर की बेरहमी से की गई हत्या के मामले मै अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि देश मै चल रही गतिविधियों को जनता के सामने उजागर करने का काम पत्रकार का है और पत्रकार उस काम को करते आ रहे है। देश मै तमाम सत्ताधीशों और माफियाओं के गठजोड़ ने पत्रकारों की कलम को रोकने का भरकस प्रयास किया पर अपनी लेखनी की जिद के आगे वो लाख जुल्म सहने के बाद भी नहीं रोक पाए ।
छत्तीसगढ़ के बीजापुर में पत्रकार मुकेश चंद्राकार की हत्या की गई वो पत्रकारों को डराने का कुंठित प्रयास है, देश का पत्रकार माफिया और सत्ताधीशों के इस घिनौने चेहरे से डरने वाला नहीं है।
देश के प्रधानमंत्री, और गृहमंत्री के लिए विचारणीय विषय है कि जिस संविधान की रक्षा करने की शपथ लेकर संसद मै बैठे हो उसी संविधान के चौथे स्तंभ की निर्मम हत्या हो रही है, और देश के प्रधानमंत्री और गृह मंत्री उसी संविधान के चौथे स्तंभ को सुरक्षा देने मै विफल साबित हो रहा है।

## दर्जन भर बालश्रमिक चिन्हित, कार्यवाही से हड़कंप

**मथुरा ।** शासन के आदेशों एवं जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में सहायक श्रमायुक्त एम.एल.पाल के निर्देश पर मथुरा में साइट ए तथा सौंख रोड ,मंडी चौराहा स्थित प्रतिष्ठानों पर बाल श्रम उन्मूलन अभियान चलाया गया। जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया, जिनमें 14 किशोर गैरखतरनाक प्रक्रिया काम करते हुए पाए गए। इनके सेवायोजको के विरुद्ध मौके पर नोटिस जारी किया गया। टीम में प्रमुख रूप से श्रम प्रवर्तन अधिकारी एस.पी.पाण्डेय, नीलम अवस्थी, प्रकाश चंद प्रभारी एएचटीयू कर्मवीर सिंह, चाइल्ड लाइन से कृष्णा, प्रमोद, हेड कांस्टेबल राम सेवक, अमित एवं महिला कांस्टेबल प्रियंका एवं नेहा तथा स्थानीय पुलिस फोर्स उपस्थिति रही।

## उप्र में आर्बिट ग्रुप के कई ठिकानों पर आयकर के छापे

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश में आयकर विभाग की टीमों ने आर्बिट ग्रुप के गोरखपुर, लखनऊ सहित नौ से अधिक ठिकानों पर गुरुवार को एक साथ छापेमारी की। लखनऊ शहर के चारों ओर जमीनों की खरीद फरोख्त का बड़ा कारोबार फैला चुकी आर्बिट ग्रुप के ठिकानों पर छापेमारी की खबर फैलते ही उनके कर्मियों में हड़कंप मच गया। सूत्रों ने बताया कि गोरखपुर में आयकर की एक टीम आर्बिट ग्रुप के डायरेक्टरों के आवास पर पहुंची और आयकर से संबंधित कागजात खंगाले। आयकर विभाग के संयुक्त आयुक्त आलोक सिंह और रवींद्र कौर सैनी के नेतृत्व में आर्बिट ग्रुप के डायरेक्टरों के आटोमोबाइल एवं रियल स्टेट के कार्यालयों, आवासों, पुराने प्रोजक्ट कार्यालयों एवं एजेंटों के ठिकानों पर छापेमारी में लेनदेन की तमाम फाइलें तलाशी जा रही हैं।

# सीएम योगी से मिले जिला पंचायत अध्यक्ष

- जनपद में विकास की धार देने के लिए सीएम से मिलकर जिला पंचायत अध्यक्ष ने की चर्चा
- सीएम योगी ने सोशल मीडिया पर साझा की जिला पंचायत अध्यक्ष से हुई शिष्टाचार मुलाकात की तस्वीर
- एमपी के सीएम के मथुरा आगमन पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने भेंट की श्रीबांकेबिहारी की तस्वीर

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुराः जिले** के विकास को रफ्तार देने के उद्देश्य से बुधवार को जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से औपचारिक भेंट मुलाकात की। भेंटवार्ता के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ने मथुरा जिले के पिछड़े.हुए गांवों में विकास कराने की ओर सीएम का ध्यान आकृष्ट कराया। इस दौरान उनके साथ उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य ठाकुर ओमप्रकाश मौजूद रहे।
मथुरा के विकास को लेकर प्रत्यत्नशील रहने वाले एवं सरल स्वभाव के धनी जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने जिले के विकास को और तेज करने के लिए सीएम से मुलाकात की है। सीएम योगी ने भी सोशल मीडिया के जरिए जिला पंचायत अध्यक्ष से हुई भेंटवार्ता की तस्वीर लोगों के साथ साझा की। वहीं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव अपनी दो दिवसीय धार्मिक यात्रा पर परिवार सहित मथुरा आयें, जहां उनका जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने व्यक्तित्व रूप से मुलाकात की एवं उनको श्रीबांकेबिहारी की तस्वीर पटुका प्रसादी भेंट की है।
जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने बताया कि सीएम योगी आदित्यनाथ का कान्हा की नगरी मथुरा पर ध्यान केन्द्रित है, मुलाकात के दौरान मथुरा जिले की सड़क, बिजली, पेयजल परियोजनाओं सहित अन्य योजनाओं पर चर्चा हुई है। उन्होंने बताया सीएम योगी ने उनकी बातों पर गौर करते हुए जिले के विकास को गति देने के साथ ही अन्य योजनाओं के संचालन का आश्वासन दिया जिससे जिले को विकास की गति को रफ्तार भी मिले।

**मध्यप्रदेश के सीएम को जिला पंचायत अध्यक्ष ने भेंट की श्रीबांकेबिहारी की तस्वीर**
बुधवार की देरशाम दो दिवसीय दौरे पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने परिवार सहित रमणरेती स्थित उदासीन श्रीगुरू कार्ष्णि आश्रम पहुंचे जहां हरदेवानंद महाराज, नागेन्द्र महाराज के अलावा संतों ने उनका स्वागत किया।

# डॉ. रेखा चतुर्वेदी ने प्रवासी भारतीय दिवस पर अपनी पुस्तक का विमोचन किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**करनाल।** प्रख्यात लेखिका और शिक्षाविद् डॉ. रेखा चतुर्वेदी ने अपनी पीएचडी शोध पर आधारित पुस्तक फिजी में भारतीयों का इतिहास तथा उनका जीवन (1879-1947)का विमोचन प्रवासी भारतीय दिवस के शुभ अवसर पर किया।
18वें प्रवासी भारतीय दिवस का उद्घाटन भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 9 जनवरी, 2025 को किया जाएगा। गौरतलब है कि डॉ. रेखा चतुर्वेदी स्वर्गीय पंडित बनारसी दास चतुर्वेदी (राज्यसभा सांसद) की पोती हैं। पंडित बनारसी दास चतुर्वेदी ने प्रवासी भारतीयों पर उल्लेखनीय कार्य किया है।
डॉ. रेखा चतुर्वेदी ने कहा, फिजी में भारतीयों का इतिहास तथा उनका जीवन (1879-1947) भारतीय गिरमिटिया मजदूरों के जीवन और उनके संघर्षों पर गहन अंतर्दृष्टि प्रदान करती है।



साल 2025 के प्रवासी भारतीय दिवस के अवसर पर इस ऐतिहासिक पुस्तक का प्रकाशन भारतीय प्रवासी मजदूरों की दुर्दशा को हाइलाइट करती है। प्रवासी भारतीय दिवस पर इस पुस्तक का विमोचन इसके महत्व को दशार्ता है और साथ ही यह प्रवासी समुदाय के योगदान और संघर्षों को सम्मान देने की एक सार्थक कोशिश है। गिरमिटिया मजदूरों को उस समय के ब्रिटिश शासन के दौरान कुली के नाम से जाना जाता था। यह भारत के औपनिवेशिक इतिहास का एक दर्दनाक और शर्मनाक हिस्सा है। दक्षिण अफ्रीका, मॉरीशस, त्रिनिदाद, गुयाना और फिजी जैसे देशों में इन गिरमिटिया मजदूरों को अमानवीय परिस्थितियों में कठोर और अत्यंत कठिन कार्य करने के लिए मजबूर किया गया। सस्ता साहित्य मंडल द्वारा प्रकाशित यह पुस्तक फिजी द्वीप पर इन गिरमिटिया मजदूरों की सेवाओं, उनकी पीड़ा और उनके जीवन की अमानवीय परिस्थितियों को उजागर करती है।

# बसपा प्रमुख का जन्मदिन 15 को तैयारी में जुटे बसपाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा: बहुजन** समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती के जन्मदिन की तैयारी को लेकर जनपद मथुरा में एक महत्वपूर्ण पदाधिकारियो की बैठक लेते हुए पूर्व मंत्री व आगरा मंडल प्रभारी गोरेलाल जाटव व पूर्व व आगरा मंडल प्रभारी अजय सील गौतम ने बताया 15 जनवरी को बसपा सुप्रीमो का 69 वा जन्मदिन एक जन कल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया जाता है इस बार भी जन्मदिन एक उत्सव ही नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश में पार्टी के लिए नई राजनीतिक रणनीति की शुरूआत का

**तैयारी**

**15 जनवरी को बसपा सुप्रीमो का 69 वा जन्मदिन एक जन कल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया जाता है**

प्रतीक होगा आगरा मंडल प्रभारी दारा सिंह आजाद मण्डल प्रभारी नरेश सिंह मण्डल प्रभारी संजय गुर्जर मण्डल प्रभारी राजाराम निगम जिलाध्यक्ष सत्य प्रकाश कर्दम ने दी जिला प्रभारी गोवर्धन सिंह यह जानकारी जिला प्रभारी ओमप्रकाश बघेल ने दी जिला प्रभारी डॉ. अमर सिंह जिला प्रभारी महेश फालेन जिला उपाध्यक्ष नवल किशोर शर्मा जिला महासचिव चौधरी हरी सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष हेमेंद्र कुमार पूर्व विधायक प्रत्याशी प्रेमचंद कर्दम जिला कार्यकारिणी रामबाबू गौतम विधानसभा प्रभारी बनवारी लाल छिनपाराई चौधरी शेर सिंह पचेहरा उदयवीर सिंह प्रमोद गोला अमित कुमार गौतम विधानसभा अध्यक्ष निरंजन सिंह बबलू कुमेरिया डॉक्टर सुरेश चौधरी वीरेंद्र सिंह परिहार प्रेमसिंह आदि उपस्थित रहे।

## हाथरस में कार और ट्रक की भीषण भिड़ंत में तीन की मौके पर मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**हाथरसः सिकंदराऊ** में हाईवे पर स्थित रतिभान पुर पर भीषण सड़क हादसा हो गया। कार और ट्रक की भिड़ंत में तीन की मौके पर ही हुई मौत हो गयी और एक महिला गंभीर रूप से घायल है। अलीगढ़ की तरफ से एक स्विफ्ट कार में सवार होकर चार महिला पुरुष एटा की तरफ जा रहे थे। जब यह लोग सिकंदरा राऊ थाना क्षेत्र के हाईवे पर स्थित रतिभानपुर के पास पहुंचे तो रोड पर मृत पड़ी गाय पर उनकी तेज रफ्तार कार चढ गई। कार उड़ती हुई डिवाइडर पार कर रोड के दूसरी तरफ एटा की ओर से आ रहे ट्रक से सीधे टकरा गई। कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार सवार गाड़ी में ही फंस गए। मौके पर जुटे राहगीरों व स्थानीय लोगों ने कार की बॉडी को तोड़ा और काट कर फंसे लोगों को बाहर निकाला। जब तक कार में फंसे लोगों को निकाला गया तब तक तीन व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल महिला को उपचार के लिए सिकंदरा राऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य पहुंचाया। जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया है। दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचे हाईवे कर्मियों के द्वारा दूसरी लेन में मृत पड़ी गाय को हटाया गया है।

# महाकुंभ में 5.51 करोड़ रूद्राक्ष मणियों से बन रहे द्वादश ज्योतिर्लिंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुंभ नगर (प्रयागराज)**
**महाकुंभ** के सेक्टर-6 में पांच करोड़ 51 लाख रूद्राक्ष की मणियों से 12 ज्योतिलिंगों का निर्माण किया जा रहा है। तीन फुट चौड़े 12 फुट ऊंचे रूद्राक्ष स्तम्भों से 12 द्वार भी बनाये जा रहे हैं। सभी द्वारों पर घंटे लगाये जाएंगे। रूद्राक्ष स्तंभों के साथ 11 हजार विजय त्रिशूलों की स्थापना होगी। आश्रम में लगे 36 बड़े त्रिशूल मेला क्षेत्र में दूर से ही दिख रहे हैं। वहीं, बांग्लादेश के हिन्दुओं की रक्षा के लिए प्रयागराज महाकुंभ मेलाक्षेत्र के सेक्टर छह में बने मौनी स्वामी महाराज के



आश्रम में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक रूद्र महायज्ञ होगा। इस दौरान 21 आचार्य 24 घंटे भगवान शिव की दिव्य पूजा करेंगे। जय महाकाल यज्ञशाला में पांच फुट लम्बी चौड़ी धर्म नन्दी व विजय नन्दी स्थापित होंगी। यज्ञशाला के मध्य में मां भगवती की मूर्ति स्थापित की जाएगी।
भारतीय सेनाओं को मजबूत करने के लिए 1108 कलश की स्थापना की जा रही है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group




## फास्ट न्यूज

### पंजाब बनी राष्ट्रीय हैंडबॉल चैंपियन

**पूर्णिया।** पूर्णिया के परोरा स्थित रमेश विजयलक्ष्मी मेमोरियल स्टेडियम में गुरुवार को खेले गए 53वीं सीनियर महिला नेशनल हैंडबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में पंजाब ने दिल्ली को 40–25 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में मेजबान बिहार की टीम ने भी इतिहास रचते हुए हरियाणा के साथ संयुक्त रूप से कांस्य पदक हासिल किया। सेमीफाइनल में बिहार को दिल्ली ने 29–24 से पराजित किया। फाइनल में जगह नहीं बना पाने के बावजूद बिहार की महिला टीम का यह प्रदर्शन राज्य के खेल इतिहास में एक नया अध्याय है। पांच दिवसीय चैंपियनशिप के समापन समारोह में बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथियों में पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव, हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद प्रदीप बालमुचू तथा महासचिव प्रीतपाल सिंह सलूजा शामिल थे। "खेल आज रोजगार और पहचान का माध्यम बन चुका है। बिहार की बेटियों ने साबित कर दिया है कि वे किसी से कम नहीं हैं," समापन समारोह में सांसद पप्पू यादव ने कहा। उन्होंने राज्य की खिलाड़ी बेटियों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने कहा, "पूर्णिया में राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता का आयोजन गर्व की बात है। हमें अपने खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं देनी होंगी।"

### एक परिवार से बाहर नहीं देख सकते राजद :सम्राट चौधरी

**पटना: उपमुख्यमंत्री** सम्राट चौधरी ने कहा कि आईएनडीआई गठबंधन में कांग्रेस, राजद, सपा, टीएमसी, शिवसेना ( यूबीटी) और आम आदमी पार्टी सभी ' फैमिली फर्स्ट, नेशन लास्ट' वाली पार्टियां हैं। सभी केवल एनडीए को हराने की नकारात्मक राजनीति करने के कारण टूट कर बिखर गए। गुरुवार को बयान जारी कर उन्होंने कहा कि देर से ही सही, राजद ने अब यह स्वीकार कर लिया है कि बिहार में इंडी गठबंधन समाप्त हो चुका है। इनका कोई जनाधार नहीं बचा है। वे बिहार विधान सभा की चार सीटों पर उपचुनाव में एक भी सीट नहीं जीत पाए। सम्राट चौधरी ने कहा कि राजद के लोग एक परिवार से बाहर नहीं देख सकते। इनके पास विकास का कोई रोडमैप नहीं। ये बस मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सारे काम का श्रेय लूटने और झूठे वादे करने की राजनीति करते हैं। लोकसभा चुनाव और बाद में हरियाण – महाराष्ट्र सहित चार राज्यों के विधानसभा चुनाव में भी यह साफ दिखा कि इंडी गठबंधन का दल गठबंधन धर्म का पालन करने और बड़ा दिल दिखाने के लिए कभी तैयार नहीं हुआ।

# महाकुम्भ में दिखेगी 'स्वच्छ सुजल गांव' की तस्वीर

## बुंदेलखंड के ललितपुर के गांव दिखाएंगे जल जीवन मिशन की नई तस्वीर

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ/महाकुम्भ नगर:** महाकुम्भ-2025 में देश-विदेश से आने वाले 40-45 करोड़ श्रद्धालु यूपी के 'स्वच्छ सुजल गांव' की तस्वीर भी देखेंगे। पीएम मोदी के मार्गदर्शन व सीएम योगी के नेतृत्व में जल जीवन मिशन के जरिए बुंदेलखंड के गांव-गांव में हर घर जल पहुंचाने की नई तस्वीर से भी रूबरू होंगे। 2017 से पहले बदहाल और इसके बाद बदले बुंदेलखंड के बदलाव की गाथा भी दिखेगी। 40 हजार स्क्वायर फिट एरिया में बसे गांव में पीएम आवास, सीएम आवास, ग्राम पंचायत, सोलर एनर्जी के जरिये समृद्ध उत्तर प्रदेश की नई कहानी भी दिखेगी। यह गाथा बदले यूपी की पहचान से हर श्रद्धालुओं को अवगत कराएगी। वहीं डिजिटल कॉर्नर में पहुंचकर उत्तर प्रदेश का हर नागरिक अपने गांव में जल, टैब, जलापूर्ति की वास्तविक स्थिति भी जान सकेंगे। महाकुम्भ में 10 जनवरी से 26 फरवरी तक बसेगा गांव योगी




सरकार के नेतृत्व में ग्रामीण जलापूर्ति व नमामि गंगे विभाग महाकुम्भ-2025 में 'स्वच्छ सुजल गांव' बसा लिया है। इस गांव का दर्शन 10 जनवरी से 26 फरवरी तक होगा। 'पेयजल का समाधान, मेरे गांव की नई पहचान' थीम पर यह गांव 40 हजार स्क्वायर फिट एरिया में बसेगा। कभी प्यासे रहे बुंदेलखंड में पीएम मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पेयजल की समस्या का समाधान हो गया है। 47 दिन तक इस गांव में अलग-अलग कार्यक्रम भी होंगे। प्रदर्शनी में बुंदेलखंड के ग्रामीण महिलाओं को मंच मुहैया कराया जाएगा, जिसमें वे बदलाव की कहानी भी बयां करेंगी। बांदा, झांसी, चित्रकूट के कई गांवों में पानी न होने के कारण शादी नहीं हो पाती थी। ललितपुर व महोबा के उन गांवों की महिलाएं, पानी ढोने के कारण जिनके सिर से बाल गायब हो गए थे। शुद्ध पानी से जीवन में आए बदलाव की कहानी को वे बयां करेंगी। यहां हर जानकारी पांच भाषा (हिंदी, अंग्रेजी, बांग्ला, तेलगू व मराठी) में मिलेगी।

**'जल मंदिर' भी देगा संदेश- जल जीवनदायी है, इसका संरक्षण करें**

**गाथा**

**⏩ 2017 से पहले और इसके बाद के बुंदेलखंड के बदलाव की दिखेगी गाथा**

**⏩ 'स्वच्छ सुजल गांव' में दिखेगा पीएम आवास, सीएम आवास, ग्राम पंचायत, सोलर एनर्जी के जरिये दिखेगी नई कहानी**

ग्रामीण जलापूर्ति व नमामि गंगे विभाग की तरफ से महाकुम्भ में 'जल मंदिर' भी बनाया जाएगा। 'जल मंदिर' में भगवान शिव की जटा से गंगा धरती पर आएंगी। इसके जरिए संदेश दिया जाएगा कि जल प्रसाद है, जल जीवनदायी है। इसे बर्बाद न करें, बल्कि संरक्षण करें। 'जल मंदिर' में सुबह-शाम जल आरती भी होगी। इस आरती में जल जीवन मिशन की गाथा, जल संरक्षण का संदेश भी होगा।

**'अतिथि देवो भव:' की परंपरा का भी निर्वहन करेगा नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति विभाग**

'अतिथि देवो भव:' भारत की परंपरा है। स्वच्छ सुजल गांव में आने वाले अतिथियों का नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति विभाग सम्मान भी करेगा। आगंतुकों को जूट-कपड़े के बैग में 'जल प्रसाद' भी दिया जाएगा। इसमें संगम का जल, जल जीवन मिशन की डायरी, सफलता/बदलाव की कहानी से जुड़ी अध्ययन सामग्री आदि भी रहेगी।

**डिजिटल गेमिंग जोन में जानेंगे स्वच्छ जल के फायदे व दूषित जल के नुकसान**

इस गांव में डिजिटल स्क्रीन, डिजिटिल गेमिंग जोन लॉन्च किया जाएगा।

गेम जोन का हिस्सा बनकर लोग जानेंगे कि स्वच्छ पेयजल के फायदे व दूषित पेयजल के नुकसान क्या हैं। लोग खेल-खेल में डिजिटली जान सकेंगे कि जल संरक्षण क्यों जरूरी हैं।

# उत्तराखंड दल राष्ट्रीय युवा महोत्सव के लिए रवाना




**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को भारत मंडपम, नई दिल्ली में 10 से 12 जनवरी के बीच आयोजित होने वाले 28वें राष्ट्रीय युवा उत्सव के लिए उत्तराखंड के 72 सदस्यीय दल को झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि राष्ट्रीय युवा उत्सव युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और प्रदर्शन के लिए एक बड़ा मंच प्रदान करता है। उन्होंने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि ये सभी राष्ट्रीय स्तर पर उत्तराखंड का नाम गौरवान्वित करेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री और युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या ने सभी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय युवा महोत्सव में प्रतिभाग करने के लिए शुभकामनाएं दी और यह भी आशा प्रकट की कि ये सभी प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम गौरवान्वित करेंगे। उक्त दल में सांस्कृतिक कार्यक्रम से संबंधित 30 प्रतिभागी और विकसित भारत से संबंधित 42 यंग लीडर्स राष्ट्रीय युवा महोत्सव में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। 72 सदस्यीय दल में 40 महिला प्रतिभागी महिला सशक्तिकरण का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। इस अवसर पर विशेष प्रमुख सचिव युवा कल्याण अमित सिन्हा, नोडल अधिकारी युवा महोत्सव एस. के. जयराज, राज्य निदेशक युवा केंद्र संगठन अनिल सिंह, राज्य एन.एस.एस. अधिकारी डॉ. सुनैना रावत सहित संबंधित उपस्थित **थे।**

# एमपी में प्लास्टिक उद्योग के विकास की अपार संभावनाएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**इंदौर। मुख्यमंत्री** डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश में प्लास्टिक उद्योग के विकास की अपार संभावनाएं हैं। यह उद्योग का नया क्षेत्र है और इसका बड़ा बाजार है। इस उद्योग में रोजगार की भी बेहतर और बड़े अवसर हैं। प्लास्टिक उद्योग के विकास के लिए इसके दुष्प्रभाव को दूर कर सावधानी रखते हुए आगे बढ़ेंगे। प्लास्टिक के दुष्प्रभावों को दूर करने के लिए रियूज और वेस्ट मैनेजमेंट को बढ़ावा दिया जाएगा। रियूज और वेस्ट मैनेजमेंट की तकनीक को विकसित करने के लिए वैज्ञानिकों



और विशेषज्ञों की मदद भी ली जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को इंदौर में प्रारंभ हुए प्लास्टिक उद्योग सम्मेलन प्लास्टपैक 2025 को संबोधित कर रहे थे। यह सम्मेलन 12 जनवरी तक उद्योग मेले के रूप में चलेगा। इसमें प्लास्टिक उद्योग से जुड़ी 400 से अधिक कंपनियां और दो हजार से अधिक प्रदर्शक हिस्सा ले रहे हैं। यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) के सहयोग से

**प्रदर्शक**

**⏩ मुख्यमंत्री यादव ने किया प्लास्टिक उद्योग सम्मेलन "प्लास्टपैक 2025" का शुभारंभ**

हो रहा है। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला तथा मधु वर्मा, महापौर परिषद के सदस्य अभिषेक शर्मा तथा इंडियन प्लास्टपेक फोरम के चेयरमैन सचिन बंसल आदि मौजूद थे।

# गौ आश्रय स्थलों में विशेष इंतजाम कर रही सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** प्रदेश में पड़ रही कड़ाके की ठंड और शीतलहर को ध्यान में रखते हुए योगी सरकार ने गौवंश संरक्षण पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि किसी भी गौवंश की ठंड के कारण मृत्यु न हो। इसके लिए प्रदेशभर के गौ आश्रय स्थलों पर त्रिपाल, अलाव, चारा, पानी और अन्य आवश्यक सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है। योगी सरकार ने पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे नियमित रूप से गौ

**प्रतिबद्ध**

**⏩ गौआश्रय स्थल जाकर गौवंश की जांच करेंगे चिकित्साधिकारी संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है सरकार**

आश्रय स्थलों का दौरा करें और वहां गौवंश के उत्तम स्वास्थ्य, चिकित्सा, औषधि एवं देखभाल सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया है कि हर गौ आश्रय स्थल पर कार्यरत केयरटेकर रात में वहीं रुकें और गौवंश की देखभाल के लिए आवश्यक कार्य सुचारू रूप से करें। सीएम योगी ने निर्देश दिया है कि जनपद स्तर पर नोडल अधिकारी गौ आश्रय स्थलों का नियमित निरीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि चारा, भूसा, पानी, प्रकाश आदि की कोई कमी न हो। इसके अलावा, गौ संरक्षण केंद्रों की स्थापना का कार्य प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करने पर जोर दिया गया है ताकि निराश्रित गौवंश को सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जा सके।

सरकार ने ग्राम्य विकास विभाग और अन्य सहयोगी विभागों को निर्देश दिया है कि वे समन्वय बनाकर गौ संरक्षण के कार्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करें।

# इतिहास और विकास के संगम पर गोरखपुर महोत्सव का शुक्रवार से

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोरखपुर:** गोरखपुर इतिहास और गवार्नुभूति कराने वाले विरासत से समृद्ध है तो बीते सात सालों से यहां का विकास नजीर पेश कर रहा है। इतिहास और विकास के संगम पर साल दर साल गोरखपुर की ब्रांडिंग का बड़ा मंच बन रहे गोरखपुर महोत्सव का इस वर्ष आगाज शुक्रवार (10 जनवरी) को हो रहा है। रामगढ़ताल के सामने स्थित चम्पा देवी पार्क में गोरखपुर महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह

**विकास पर बल**

**⏩ पर्यटन मंत्री करेंगे उद्घाटन, रविवार को औपचारिक समापन समारोह में मिलेगा मुख्यमंत्री का सानिध्य**

करेंगे। जबकि औपचारिक समापन समारोह में 12 जनवरी (रविवार) को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सानिध्य प्राप्त होगा। महोत्सव 16 जनवरी तक जारी रहेगा। बीते सालों की भांति इस साल भी गोरखपुर महोत्सव कला, संस्कृति, ज्ञान, विज्ञान, मेधा, मनोरंजन और रोजगार का मंच देने के लिए तैयार है। गोरखपुर महोत्सव की खासियत यह भी है कि यह हाल के छह–सात सालों में गोरखपुर की विकसित पहचान को एक उत्सवी मंच दे रहा है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2017 से गोरखपुर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रगति की नई उड़ान भरी है। कभी पिछड़ेपन का दंश झेलने वाले इस जिले ने विकास के नए प्रतिमान स्थापित किए हैं।

# जीएसटी मतलब 'गब्बर सीतारमण टैक्स': खेड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुर। कांग्रेस मीडिया** और कम्युनिकेशन डिपार्टमेंट के प्रमुख पवन खेड़ा ने भारतीय जनता पार्टी और केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने खास तौर पर जीएसटी को लेकर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना की। खेड़ा ने जीएसटी को गब्बर सीतारमण टैक्स करार देते हुए इसे मिडिल क्लास, गरीब और किसानों के लिए विनाशकारी बताया। इस दौरान पॉपकॉर्न पर जीएसटी को लेकर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर तंज कसा।



वहीं जीएसटी को टैक्स टेररिज्म बताया। खेड़ा गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। खेड़ा ने कहा कि जीएसटी लागू हुए 90 महीने हो चुके हैं, लेकिन इसका फायदा आम जनता को नहीं मिल सका है। उल्टा, यह गरीब, मध्यम वर्ग और छोटे व्यवसायियों पर बोझ बन गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि जीएसटी की अलग-अलग दरें आम आदमी के लिए जटिलता बढ़ा रही हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने एक देश-एक टैक्स का वादा किया था।

**तंज कसा**

**⏩ जीएसटी को गब्बर सीतारमण टैक्स करार देते हुए मिडिल क्लास, गरीब और किसानों के लिए विनाशकारी बताया**

### बाघ के हमले से वनकर्मी की मौत

**बिजनौर: बाघ** ने एक वन विभाग के श्रमिक पर हमला कर बाघ ने मार डाला । इससे क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है। गुरुवार को जनपद बिजनौर के अफजलगढ़ के निकट उत्तराखण्ड क्षेत्र के कार्बेट टाइगर रिजर्व के सांवल्दे के जंगलों में श्रमिक प्रेम को बाघ ने हमला कर मार डाला। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीमें पहुंची और श्रमिक को निवाला बना रहे बाघ को फायरिंग कर दौड़ाया। बाघ उसके शरीर का कुछ हिस्सा खा गया।

**सुनवाई** जवाब को रिकॉर्ड पर लेते हुए अदालत ने मामले की सुनवाई दस फरवरी को तय किया

# भर्ती रद्द करने के मानक निर्धारित, जांच के बाद होगा निर्णय

**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुर। एस**आई भर्ती-2021 को लेकर राज्य सरकार की ओर से हाईकोर्ट में जवाब पेश कर स्पष्ट कर दिया गया है कि फिलहाल भर्ती को रद्द नहीं किया जा रहा है। राज्य सरकार के जवाब को रिकॉर्ड पर लेते हुए अदालत ने मामले की सुनवाई दस फरवरी को तय करते हुए राज्य सरकार को केस से जुडे बकाया दस्तावेज पेश करने को कहा है। वहीं अदालत ने मामले में सहयोग के लिए केन्द्र सरकार के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल राज दीपक रस्तोगी को न्यायमित्र नियुक्त किया है। अदालत ने राज्य सरकार को एक



बार फिर चेताया है कि वह भर्ती को लेकर ऐसा कोई काम ना करे, जिससे अदालत की ओर से दिए आदेश की अवमानना हो। अदालत ने कहा कि सरकार भर्ती को लेकर मौजूदा स्थिति बनाए रखे। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश कैलाश चन्द्र शर्मा व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। सुनवाई के दौरान अतिरिक्त महाधिवक्ता विज्ञान शाह की ओर से जवाब पेश किया गया। एएजी की ओर से कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट किसी भी भर्ती को रद्द करने के संबंध में चार मानक तय कर चुका है। इसके तहत व्यापक नकल, जांच पूरी होने, चयनितों में अधिकांश नकलची होने और चयनितों में से नकलचियों को अलग नहीं कर पाने की सूरत में ही भर्ती रद्द हो सकती है।

प्रकरण में फिलहाल जांच चल रही है। सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं इन मानकों के आधार पर भर्ती की समीक्षा की जा रही है। राज्य सरकार की ओर से यह भी कहा गया कि याचिका में सरकार पर मामले में निष्क्रिय रहने का आरोप ना होकर एजी, एसआईटी और कमेटी की रिपोर्ट पर भर्ती रद्द करने की गुहार की गई है।